वर्ष- 12 अंक - 160
लखनऊ, बुधवार 29 जनवरी 2025
पृष्ठ- 12 मूल्य - रु 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# समृद्धि न्यूज़
समृद्ध समाज का आधार



samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com

कृषि के लिए मील का पत्थर होगी यूपी एग्रीज योजना : सीएम योगी 03
ओडिशा नये भारत के आशावाद व मौलिकता का प्रतीक : मोदी 12

# सुरक्षा के बीच मौनी अमावस्या पर अमृत स्नान आज



## 10 करोड़ से अधिक श्रद्धालु लगाएंगे आस्था की डुबकी, सुरक्षा व्यवस्था की दृष्टि से 44 घाट तैयार

समृद्धि न्यूज

**महाकुम्भ नगर।** प्रयाग महाकुम्भ के मौनी अमावस्या के दिन पवित्र अमृत स्नान को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए प्रयागराज मेला प्रशासन ने पुख्ता इंतजाम किए हैं। सुरक्षा व्यवस्था की दृष्टि से 44 घाट तैयार किए गए हैं। सभी घाटों पर वरिष्ठ पुलिस-प्रशासन के अधिकारियों की तैनाती की गई है।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महाकुम्भ राजेश द्विवेदी ने बताया कि मौनी अमावस्या को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए महाकुम्भ क्षेत्र में लगभग 12 किलोमीटर की दूरी में कुल 44 घाट तैयार किए गए हैं। प्रत्येक घाट पर सुरक्षा की दृष्टि से भारी संख्या में फोर्स की तैनाती की गई है। दस जिलों के डीएमं एवं एसडीएम तैनात किए गए हैं। लगभग 11 लाख श्रद्धालु एक घंटे में स्नान करेंगे। अनुमान है कि मौनी अमावस्या पर लगभग 10 करोड़ से अधिक श्रद्धालु आएंगे। महाकुम्भ में श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए 12 आईएएस, 70 पीसीएस अधिकारियों को तैनाती की गई है। 14 प्रमुख समेत 32 मार्गों से श्रद्धालुओं का आगमन हो रहा है। मेला क्षेत्र में कुल 30 पांटून पुल बनाए गए हैं। महाकुम्भ क्षेत्र को 25 सेक्टर में विभाजित किया गया है। सुरक्षा की दृष्टि से कुल 2700 सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं।

### 4.64 करोड़ श्रद्धालुओं ने संगम में किया स्नान

**महाकुम्भ नगर।** महाकुम्भ का दूसरा अमृत स्नान मौनी अमावस्या के दिन 29 जनवरी को है। इस दिन आसमान से दूसरी बार अमृत टपकेगा। इस दिन 14 जनवरी को हुए पहले अमृत स्नान से भी अधिक लोगों के पहुंचने की पूरी संभावना है। मौनी अमावस्या के दिन किए जाने वाले अमृत स्नान से न केवल आपको शुभ फल मिलते हैं, बल्कि आपके पितरों की आत्मा भी तृप्त होती है। प्रयागराज, हरिद्वार, उज्जैन और नासिक ये चार प्रमुख स्थान हैं, जहां कुम्भ का आयोजन किया जाता है। मौनी अमावस्या से एक दिन पहले मंगलवार को चार करोड 64 लाख़ से अधिक लोगों ने संगम में डुबकी लगाकर पुण्य लाभ प्राप्त किया।

### एनआईए ने घाटी में छह स्थानों पर ली तलाशी, आपत्तिजनक सामग्री जब्त

**श्रीनगर।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने मंगलवार को गैर–स्थानीय लोगों की हत्या के मामले में कश्मीर के तीन जिलों में छह स्थानों पर व्यापक तलाशी ली। एनआईए की टीमों ने प्रतिबंधित आतंकी संगठन लश्कर–ए–तैयबा और उसकी शाखा द रेजिस्टेंस फ्रंट (टीआरएफ) से सहानुभूति रखने वालों, कैडरों और ओवरग्राउंड वर्कर्स (ओजीडब्ल्यू) से संबंधित आवासीय परिसरों से कई आपत्तिजनक सामग्री जब्त की है। एनआईए ने कहा कि यह मामला अमृतसर (पंजाब) के चमायरी निवासी दो नागरिकों की हत्या से संबंधित है, जिन पर आतंकवादियों ने 7 फरवरी, 2024 की शाम को शहीद गंज इलाके के शल्ला कदल में गोलीबारी की थी। इस आतंकी हमले में अमृतपाल सिंह की मौके पर ही मौत हो गई थी, जबकि रोहित मासी गंभीर रूप से घायल हो गया था।

## बागपत में मंच गिरने से सात की मौत, 75 से अधिक घायल

समृद्धि न्यूज

**बागपत।** उत्तर प्रदेश के बागपत जिले में मंगलवार सुबह श्री दिगंबर जैन डिग्री कॉलेज में भगवान आदिनाथ के निर्वाण लाडू महोत्सव के लिए बनाया गया लकड़ी का मंच गिर गया, जिसमें सात श्रद्धालुओं की मौत हो गई और 75 से अधिक घायल हो गए। मृतकों की संख्या बढ़ने की आशंका है, क्योंकि कई पीड़ितों की हालत गंभीर बनी हुई है।

पुलिस के अनुसार हादसा बड़ौत शहर कोतवाली क्षेत्र में गांधी रोड पर एक धार्मिक कार्यक्रम के दौरान हुआ, जो पिछले 25 वर्षों से हर साल आयोजित किया जाता रहा है।

### हादसे की मजिस्ट्रियल जांच के आदेश, ठेकेदार हिरासत में

**बागपत।** निर्वाण लाडू महोत्सव मान स्तंभ परिसर गांधी रोड बड़ौत में लकड़ी का मचान टूट जाने के मामले में डीएम ने मजिस्ट्रियल जांच के आदेश दिए। पुलिस ने ठेकेदार के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर हिरासत में ले लिया है। बड़ौत में जैन कालेज के फील्ड में मंगलवार की सुबह मंच टूटने पर मामले में जिलाधिकारी ने हादसे की मजिस्ट्रियल जांच करने के निर्देश दिए हैं जो एक सप्ताह में हादसे के कारणों की रिपोर्ट देगी।


## प्रधानमंत्री मोदी ने देहरादून में 38वें राष्ट्रीय खेलों का किया भव्य उद्घाटन

समृद्धि न्यूज



**देहरादून।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को उत्तराखंड के देहरादून में 38वें राष्ट्रीय खेलों का उद्घाटन के अवसर पर समान नागरिक संहिता (यूसीसी) लागू करने के लिए उत्तराखंड सरकार को बधाई दी। उन्होंने कहा कि यूसीसी में खेलों जैसी ही टीम भावना है, किसी के साथ भेदभाव नहीं।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि कल उत्तराखंड समान नागरिक संहिता लागू करने वाला देश का पहला राज्य बन गया। मैं कभी-कभी इसे धर्मनिरपेक्ष नागरिक संहिता कहता हूं। समान नागरिक संहिता लोकतंत्र की भावना को मजबूत करेगी। प्रधानमंत्री ने कहा कि राष्ट्रीय खेल एक खेल आयोजन से कहीं अधिक है। यह एक भारत, श्रेष्ठ भारत की भावना को प्रदर्शित करने और भारत की समृद्ध विविधता और एकता का जश्न मनाने का एक शानदार अवसर प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि यह भारत की अविश्वसनीय खेल प्रतिभा का उत्सव है और देश भर के एथलीटों की भावना को दर्शाता है। नेशनल गेम्स में इस बार भी कई देशी और पारंपरिक खेलों को शामिल किया गया है।



निघासन अधिवक्ता संघ चुनाव...

# अंबरीश श्रीवास्तव अध्यक्ष और त्रिभुवन लाल मंत्री चुने गए

**निघासन खीरी, समृद्धि न्यूज़।**



लखीमपुर की तहसील निघासन इकाई के अधिवक्ता संघ चुनाव में विजेता उम्मीदवारों को साथियों ने बधाई दी।

सोमवार को हुए निघासन तहसील अधिवक्ता संघ के चुनाव में अध्यक्ष पद पर अंबरीश श्रीवास्तव और मंत्री पद पर त्रिभुवनलाल यादव ने जीत हासिल की वहीं संयुक्त मंत्री पद पर नवदीप सिंह ने सर्वाधिक 68 मतों के अंतर से अपने प्रतिद्वंदी साथी अधिवक्ता दीपचंद गुप्ता को पराजित किया। अंकेक्षक पद पर सबसे कम दो मतों से हार-जीत रही। सोमवार सुबह 11 बजे शुरू हुए मतदान में संघ के 128 में से 123 सदस्यों ने मतदान किया। इनमें नौ मत अवैध निकले। मुख्य चुनाव अधिकारी रामकृष्ण चतुर्वेदी और सहायक चुनाव अधिकारी मो. इजहार व हरिओम बाथम ने तीन बजे तक वोट डलवाने के बाद कार्उटिंग शुरू की। करीब पौने दो घंटे गिनती के तुरंत बाद नतीजे घोषित कर दिए गए। अध्यक्ष पद पर अंबरीश श्रीवास्तव ने 81 मत हासिल कर पंकज कुमार को 40 मतों से पराजित किया। एक मत अवैध रहा। उपाध्यक्ष पद पर आमने-सामने की टक्कर में श्यामबाबू यादव ने 69 मत पाकर अपने प्रतिद्वंदी सोनेलाल को 15 मतों के अंतरा से हराया। सोनेलाल को 54 वोट मिले। मंत्री पद के लिए उतरे तीन उम्मीदवारों में 48 वोट पाने वाले मो. लतीफ खां पर पिछले चुनाव में एक मत से पीछे रह गए थे, इस चुनाव में भी त्रिभुवन लाल यादव से 7 मतों से पीछे रह गए, जिसमें त्रिभुवन लाल यादव ने जीत हासिल की। महेश कुमार केवल 20 वोट पाकर संतोष करना पड़ा। संयुक्त मंत्री पद के लिए नवदीप सिंह ने 123 में 95 वोट पाकर एक तरफा जीत हासिल करते हुए दीपचंद गुप्ता को मात दे दी, अंकेक्षक पद पर रामप्रताप मौर्य को प्रमोद कुमार यादव ने 2 मतों से पराजित कर दिया। प्रमोद को 62 वोट मिले। एक मत अवैध निकला। वरिष्ठ कार्यकारिणी सदस्य पद पर मो. शकील ने 81 वोट पाकर अख्तर अली को 45 मतों से शिकस्त दी। छह वोट अवैध निकले। कनिष्ठ कार्यकारणी सदस्य पद पर आशीष जायसवाल को पहले ही निर्विरोध विजयी घोषित किया जा चुका है। सभी विजयी प्रत्याशियों को अधिवक्ता संघ के सदस्यों ने फूल मालाओं से स्वागत कर बधाई दी।

## चकमार्ग, सरकारी जमीन अवैध कब्जामुक्त कराई जाए, डीएम से की शिकायत



**गोला गोकर्णनाथ, (लखीमपुर), समृद्धि न्यूज़।**

हैदराबाद थाना क्षेत्र के ग्राम चठिया में चकरोड और सरकारी जमीन पर कब्जा किए जाने को लेकर डीएम से शिकायत की गई है। थाना क्षेत्र की ग्राम पंचायत अहमदनगर के मजरा ग्राम चठिया के विजय कुमार, भगवान दीन, कामता प्रसाद समेत तमाम नागरिकों ने डीएम को भेजी शिकायत में बताया। कि ग्राम के ही कुछ लोगों ने लिंक मार्ग (चकमार्ग) की हो रही मिट्टी की पटाई सरायन नदी से खलिहान तक अवैध कब्जा कर अवरोध उत्पन्न कर कार्य को बाधित कर दिया गया है। इसी के साथ देवस्थान और तालाबों पर भी अवैध कब्जा कर अन्य धार्मिक कार्यों में आवागमन में भी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। जिस कारण ग्रामीणों में काफी आक्रोश है। ग्रामीणों ने चकरोड और सरकारी जमीन को अवैध कब्जा मुक्त कराए जाने की मांग की है।

## संविधान गौरव अभियान कार्यक्रम के तहत गोष्ठी आयोजित

▸ मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहीं राज्य महिला आयोग की सदस्य सुजीता कुमारी

**ओयल खीरी, समृद्धि न्यूज़।**



भाजपा द्वारा गांव-गांव चलाए जा रहे संविधान गौरव अभियान के तहत ग्राम पंचायत खागीओयल में एक गोष्ठी आयोजित की गई। गोष्ठी का आयोजन भाजपा नेता अजय अवस्थी के द्वारा किया गया। गोष्ठी में मुख्य अतिथि के रुप में पधारी राज्य महिला आयोग की सदस्य सुजीता कुमारी ने कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर सम्मान पूर्वक पुष्पअर्पित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। इस दौरान जिला महामंत्री अनुसूचित मोर्चा गंगाराम कन्नौजिया ने कहा कि बाबा साहब हम सभी के आदर्श हैं, यहां एकत्र हम सभी को उन्हीं के बताए हुए मार्गो पर चलाना है जिससे हमारा संविधान सुरक्षित रहेगा। दूसरी पार्टियों के प्रपंच में न फंसे, भाजपा ही संविधान को माथे से लगाती है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सुजीता कुमारी ने भी अपना संबोधन कर बाबा साहब के आदर्शो का उल्लेख किया। इसी अवसर पर जिला उपाध्यक्ष सन्तोष कुमारी, अरनी खाना चेयरमैन अशोक अवस्थी, खीरी मंडल प्रभारी अजय अवस्थी, मंडल अध्यक्ष खीरी नीरज सिंह चौहान, गिरीश चंद्र त्रिवेदी, जितेंद्र मिश्रा, मंडल अध्यक्ष महिला मोर्चा सुमति शुक्ला, धर्मेन्द्र यादव, रेखा गुप्ता, राहुल पाण्डेय, राकेश बिहारी शुक्ला एवं गांव के तमाम ग्रामवासीगण उपस्थित रहे।

## बाढ़ की विभीषिका रोकने के लिए शासन प्रशासन से स्थाई समाधान की मांग

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज़।**



प्रति वर्ष नदियों में जलस्तर बढ़ने से पलिया सहित निघासन इलाके का ज्यादातर हिस्सा जलमग्न हो जाता है, इसके कारण इलाके की कृषि योग्य भूमि सहित आवासीय इलाकों में भी पानी घुस जाता है, जिससे जन जीवन पूरी तरह से अस्त व्यस्त हो जाता है और गांवों का तहसील मुख्यालय, तहसील मुख्यालय का जिला मुख्यालय से पूरी तरह से संपर्क टूट जाता है। इस विभीषिका को देखते हुए समय समय पर वरिष्ठ भाजपा नेता, झंडी स्टेट के राजा राज राजेश्वर सिंह ने तात्कालिक सहायता के लिए बाढ़ के दौरान झंडी गढ़ी से कई दिनों तक लंच पैकेट बनवाकर बाढ़ प्रभावित दर्जनों गाँवों में निजी संसाधनों, ट्रेक्टर ट्राली एवं नावों के द्वारा ले जाकर वितरण किया, जिसमें मुख्यतः निघासन इलाके के शंकरीगौढ़ी, श्रीरामपुरवा, बुधनपुरवा, बंगाली कालोनी, महादेवा, जीतपुरवा, लुधौरी का घाधी क्षेत्र लालपुर ग्रामसभा का टापरपुरवा, लोनियनपुरवा, जसनगर आदि शामिल हैं। बाढ़ प्रभावित इलाकों में अहेतुक सहायता का कार्य विगत 15 वर्षो से अनवरत किया जाता रहा है। साथ ही बाढ़ प्रभावित लोगों कि समस्याओं को समझकर संबंधित अधिकारियों को निस्तारण के लिए दिनांक 24 जुलाई को जिलाधिकारी को बिंदुवार पत्र लिखकर घाधी नाले का चौड़ीकरण व सफ़ाई, जसनगर में कटान की रोकथाम के लिए स्थाई कदम, निघासन झण्डी रोड में बाढ़ के पानी निकास के लिए आवश्यक स्थानों पर पाइप डालने का कार्य, लालपुर तमोलिनपुरवा के निकट बंधा मरम्मत का कार्य, घाधी नाले पर रानीगंज से बने बंधे की मरम्मत का कार्य, आदि प्रकार की क्षेत्रीय समस्याओं के लिए झंडी स्टेट के राजा राज राजेश्वर सिंह ने बाढ़ की समस्या के स्थाई समाधान के लिए सूबे के मुख्यमंत्री, सिंचाई मंत्री सहित जिलाधिकारी को पत्र लिखकर घाधी नाले, बहतिया नाले, की मरम्मत और चौड़ीकरण सहित जसनगर में करनाली नदी के कटान की रोकथाम के लिए ठोकरों के निर्माण के लिए मांग की थी, मांगों के फलस्वरूप जिलाधिकारी के निर्देश पर गिरजा बैराज के अधिशासी अभियंता शोभित ने अपनी टीम और राजस्व विभाग की टीम के साथ मौका मुआयना कर समस्याओं के निराकरण के लिए कार्ययोजना बनाई। इस मौके पर इलाके के किसान सरदार बक्शीस सिंह, लुधौरी के अमित सिंह, निघासन चेयरमैन बद्री प्रसाद मौर्या, विपिन मौर्या, प्रधान हरसिंहपुर रमेश भास्कर, बरोठा के पूर्व प्रधान नेकीराम शुक्ला सहित राजस्व टीम मौजूद रही।

## नो हेलमेट नो फ्यूल का फायदा उठा रहे परचून दुकानदार

**बिजुआ खीरी, समृद्धि न्यूज़।**



26 जनवरी से पेट्रोल पंपों पर बिना हेलमेट के पेट्रोल नहीं मिल रहा है जिसका फायदा इन दिनों किराना परचून दुकानदार खूब उठा रहे हैं। दुकानों पर खुलेआम पेट्रोल बेचा जा रहा है। खासकर पेट्रोल पंपों के आसपास दुकानदार पेट्रोल से भरी बोतल दुकान के बाहर लटका कर और दुकानों के अंदर ड्रम में पेट्रोल रखकर बिक्री कर रहे हैं। प्रशासन पेट्रोल के खुलेआम बिक्री पर ध्यान नहीं दे रहा है।

सड़क मार्ग के अलावा भीड़ वाले इलाके में परचून की दुकानों पर पेट्रोल खुले आम बेचा जा रहा है। क्षेत्र में सैकड़ों खोखे और ऐसी दुकानें हैं जहां पेट्रोल की बिक्री हो रही है। आपूर्ति विभाग और प्रशासन इस खुलेआम पेट्रोल बिक्री पर रोक लगाने में रुचि नहीं दिखा रहा है। अक्सर देखा गया है कि जब कोई बड़ा हादसा होता है तभी कार्रवाई देखने को मिलती है। इसके बाद प्रशासन अवैध कारोबार की तरफ देखता भी नहीं है।

पेट्रोल विक्रेता हेलमेट पहनकर पेट्रोल पंप से ड्रम में भरकर पेट्रोल लाते हैं और दुकानों पर 15 से 20 रुपए ऊपर बढ़ाकर पेट्रोल बेच रहे हैं। कारण यह है कि ग्रामीण क्षेत्र में सभी के पास हेलमेट उपलब्ध नहीं है इसी का फायदा उठाकर परचून दुकानदार पेट्रोल का धंधा करने में लग गए हैं। ग्राहकों को आकर्षित करने के लिए पारदर्शी बोतलों में पेट्रोल भरकर रख लेते हैं। जिससे ग्राहक दूर से देखकर पेट्रोल लेने पहुंच जाता है। क्षेत्र में पेट्रोल पंप लगभग सभी मार्गो पर हैं। जहां बगैर हेलमेट पेट्रोल नहीं मिल रहा है। दुकानों पर टंगी पेट्रोल की बोतलें जरा सी लापरवाही में आग का गोला बन सकती हैं। लेकिन इसके बावजूद इस अवैध कारोबार की तरफ अंकुश लगाना प्रशासन ने कभी नहीं सोचा। दुकानों पर पेट्रोल की बिक्री किसी दिन क्षेत्र में बड़े हादसे को भी जन्म दे सकती है ग्रामीण क्षेत्र में बीड़ी सिगरेट का चलन अधिक होता है ऐसे में हादसे की संभावनाएं और भी बढ़ जाती हैं।

## गुलरिया चीनी मिल मे मनाया गया 76वां गणतंत्र दिवस

**बिजुआ खीरी, समृद्धि न्यूज़।**



मैसर्स बलरामपुर चीनी मिल्स लि, इकाई- गुलरिया मे 76वां गणतंत्र दिवस बड़े धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर चीनी मिल के इकाई प्रमुख, योगेश कुमार सिंह द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर की सलामी ली गई व तदुपरांत ध्वजारोहण कर सभी अधिकारीगण व कर्मचारीगण द्वारा राष्ट्रीय गान गया। उपस्थित अधिकारीगण एवं कर्मचारीगण को अपने सम्बोधन मे इकाई प्रमुख योगेश कुमार सिंह द्वारा गणतंत्र दिवस का महत्व बताया गया। उनके द्वारा गुलरिया चीनी मे आयोजित कराई गई विभिन्न प्रतियोगिताओं में अग्रणी रहे बच्चों को एवं मेधावी छात्रों को पुरुस्कार देकर सम्मानित किया गया। उनके द्वारा मैसर्स बलरामपुर चीनी मिल के महत्वकांशी प्रोजेक्ट पीएलए के बारे मे भी बताया गया। विगत व वर्तमान पेराई सत्र में गुलरिया चीनी मिल के प्रदर्शन के बारे में बताते हुए सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को बधाई दी व उनका उत्साहवर्धन किया।

मैसर्स बलरामपुर चीनी मिल्स इकाई- गुलरिया के माध्यम से इस क्षेत्र के सर्वागीण विकास हेतु प्रतिबध्दता जताई। आगे मुख्य महाप्रबंधक द्वारा अधिकारीगण एवं कर्मचारीगण को उनके स्वास्थय, कार्य पर सुरक्षा व आस पास के पर्यावरण के प्रति हमारी जिम्मेदारियों की याद दिलाते हुए उनके कुशल और उज्जवल भविष्य की कामना की तथा गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाये दी। अंत में सभी अधिकारीगण, कर्मचारीगण, एवं श्रमिकों को मिष्टान वितरण कर कार्यक्रम का समापन किया।

## बुलडोजर चलाने के विरोध में राष्ट्रीय लोधी महासभा ने डीएम से की उचित कार्रवाई की मांग

**लखीमपुर-खीरी, समृद्धि न्यूज़।**

विधानसभा क्षेत्र धौरहरा में लोधी समाज के व्यक्ति के मकान पर एसडीएम धौरहरा एवं लेखपाल द्वारा बुलडोजर चलाने एवं झोपड़ी जलाने के संबंध में राष्ट्रीय लोधी महासभा के प्रदेश अध्यक्ष इंजीनियर के सी सिंह लोधी ने डीएम के पास पत्र भेजकर उचित कार्रवाई की मांग की है। प्रदेश अध्यक्ष द्वारा डीएम को भेजे गए पत्र के अनुसार दिनांक 27 जनवरी को धौरहरा विधानसभा क्षेत्र के ग्राम अमेठी निवासी भारत लोधी पुत्र सरजू प्रसाद के मकान पर बिना सूचना दिए एसडीएम धौरहरा और लेखपाल ने बुलडोजर चलवा दिया और और मकान के बगल में बनी झोपड़ी में आग लगवा दी जिसकी वजह से पीड़ित परिवार बेसहारा हो गया है । प्रदेश अध्यक्ष इंजीनियर केसी सिंह लोधी द्वारा एक अन्य घटना के बारे में डीएम को भेजे पत्र के मुताबिक दिनांक 7 दिसंबर 2024 को भारत पुत्र छोटेलाल निवासी ग्राम धुंधा कला थाना ईसानगर का 21 वर्षीय पुत्र संजय का कथित तौर पर अपहरण कर लिया गया था जिसकी बॉडी दिनांक 11 दिसंबर को पेड़ से लटकती पाई गई। परिजनों के अनुसार संजय की हत्या करने के उपरांत आरोपियों ने उसके शव को आत्महत्या का रुप देने के लिए पेड़ से लटका दिया। गौरतलब है इस मामले में एफआईआर होने के बावजूद दोषियों के विरुद्ध ईसानगर पुलिस द्वारा गिरफ्तारी नहीं की गई है जिसकी वजह से परिजनों में दहशत व्याप्त है। राष्ट्रीय लोधी महासभा ने उक्त दोनों मामलों में जिलाधिकारी लखीमपुर खीरी से आवश्यक कार्यवाही की मांग की है।

## महिला चिकित्सालय में आयोजित किया गया विधिक जागरूकता शिविर



**अयोध्या।** उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण से प्राप्त एक्शन प्लान/ कार्ययोजना वर्ष-2024-25 के अनुक्रम में जनपद न्यायाधीश/जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष रणंजय कुमार वर्मा के निर्देशन में अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/प्राधिकरण सचिव अनिल कुमार वर्मा के निर्देश पर लिंग चयन और बाल लिंग अनुपात में गिरावट एवं पीसीपीएनडीटी एक्ट के उपबंध पर महिला जिला चिकित्सालय में विधिक जागरूकता एवं साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया।इस शिविर में लिंग चयन प्रतिशेध अधिनियम 1994 के उपबन्धों के विषय में उपस्थित महिलाओं तथा प्रेस विज्ञप्ति (महिला) के कर्मचारियों को भी जानकारी दी गयी। बताया गया कि लिंग चयन प्रतिशेध अधिनियम 1994 एक ऐसा अधिनियम है जो कन्या भ्रूण हत्या को रोकने के लिए लागू किया गया है। इस अधिनियम में प्रसवपूर्व लिंग निर्धारण पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। कोई भी व्यक्ति जो प्रसवपूर्व गर्भाधान लिंग निर्धारण का विज्ञापन करता है या ऐसे किसी भी कार्य में संलग्न होता है तो वह तीन साल तक के कारावास से दंडित किये जाने का अपराधी होता है। इसके अतिरिक्त महिलाओं को उनके स्वास्थ्य के प्रति सजक रहने तथा साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने के लिए जागरूक किया गया। इस विधिक जागरूकता एवं साक्षरता शिविर पीएलवी/अधिकार मित्र प्रियंका त्रिपाठी द्वारा लगाया गया जिसमें महिला जिला चिकित्सालय के कर्मचारी, महिला पुलिसकर्मी तथा दूर दराज से दवा कराने आयी महिलाएं उपस्थित रहीं।

## गोला पुलिस ने चार घंटे में विक्षिप्त वृद्ध महिला व नातिन को तलाशा

▸ मुंडन कराने आए परिवार की वृद्ध महिला व बच्ची रेलवे ट्रेक से बरामद

**गोला गोकर्णनाथ,(लखीमपुर), समृद्धि न्यूज़।**



पौराणिक शिव मंदिर में बच्चों का मुंडन कराने आए नानी और नाती गायब हो गए। जिससे परिवारजनों में अफरा तफरी मच गई। बता दें कि मैगलगंज के कल्लुआपुर निवासी सरोज ने पुलिस को दी तहरीर में बताया। कि वह अपने बच्चों को मुंडन संस्कार कराने के लिए शिव मंदिर आए थे। जहां से नानी बच्चे को लेकर चली गई। काफी खोजबीन के बाद भी कोई पता न चलने पर पुलिस से कार्रवाई की मांग की। उधर घटना के चार घंटे बाद गोला बांकेगंज मार्ग के बीच गांव महरताला के पास गांव के ही खेत में काम कर रहे हैं पंकज कुमार ने रेलवे ट्रैक पर गोद में बच्चा लिए एक वृद्ध महिला को देखा। ठीक उसी समय सामने से गोरखपुर एक्सप्रेस आ रही थी, पंकज ने सक्रियता दिखाते हुए महिला और बच्चे की जान बचाई। देखते ही देखते बच्चा चोर की अफवाह क्षेत्र में फैल गई। जिससे लोगों की भीड़ इकट्ठा हो गई। सूचना पर पहुंची बांकेगंज पुलिस ने जिला सीतापुर के थाना पिसावा के गांव नादन निवासी कलेक्टर की पत्नी को पूछताछ के लिए चौकी पर ले गई और महिला और बच्चे की सूचना गोला पुलिस को दी। गोला पुलिस की एसआई अपूर्वा शर्मा ने बच्चा और मानसिक विक्षिप्त महिला को परिवार के सुपुर्द कर दिया। कोतवाल चंद्रशेखर सिंह ने बताया कि घटना सोमवार की देर शाम की है। गोला बांकेगंज रेलवे लाइन के बीच रेलवे ट्रैक पर महिला को बच्चों के साथ देखा गया था। बाद में दोनों को परिवार के सुपुर्द कर दिया है।

## बसंत पंचमी पर होगा दो दिवसीय छोटी काशी पतंग महोत्सव का आयोजन

**गोला गोकर्णनाथ, (लखीमपुर)।** नगर पालिका परिषद सभागार में पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू की अध्यक्षता में बैठक कर बसंत पंचमी पर पतंग महोत्सव के आयोजन की रूपरेखा तय की गई। बैठक में पालिकाध्यक्ष ने कहा कि पतंगबाजी देश के प्राचीन आयोजनों में से एक है। पतंगे प्राचीनकाल में संदेश व पतंगबाजी खेल एवं मनोरंजन का मुख्य माध्यम हुआ करती थी। आज पतंगबाजी में शीशे नायलॉन से बने प्राण घातक चाइनीज मांझे का इस्तेमाल होने लगा है। अभी कुछ दिन पूर्व पड़ोसी जिला शाहजहांपुर में चाइनीज मांझे में उलझ एक पुलिस के सिपाही की मृत्यु हो गई थी। वहीं इस तरह का मांझा पक्षियों के लिए भी प्राण घातक है।



चीनी मांझे के खिलाफ जागरूकता के उद्देश्य से गोला टूरिज्म के संयुक्त तत्वावधान में बसंत पंचमी पर पतंग महोत्सव का आयोजन कराने का निर्णय लिया गया है। महोत्सव के तहत पतंगबाजी में 50 प्रतिभागियों का निःशुल्क प्रतिभाग कराया जाएगा। दो दिवसीय आयोजन स्वर्गीय राजेंद्र गिरि स्मारक स्टेडियम में एक और दो फरवरी को होगा। दो फरवरी को प्रतियोगिता का फाइनल होगा। प्रथम विजेता को 5100 और द्वितीय विजेता को 2100 की नगद धनराशि, प्रशस्ति पत्र एवं ट्रॉफी से पुरस्कृत किया जाएगा।

## शिक्षकों ने पेशन बहाली को लेकर यूपीएस गजट की प्रतियां जला किया विरोध

**गोला गोकर्णनाथ,(लखीमपुर), समृद्धि न्यूज़।**



यूपीएस के विरोध को लेकर मंगलवार को पब्लिक इंटर कॉलेज में विद्यालय के शिक्षकों ने यूपीएस गजट की प्रतियां जलाकर विरोध व्यक्त किया। बता दें कि शिक्षक लगातार पुरानी पेंशन की बहाली की मांग कर रहे हैं तथा नई पेंशन स्कीम का विरोध कर रहे हैं, विजय कुमार बंधु तुम संघर्ष करो हम तुम्हारे साथ हैं, यूपीएस मुर्दाबाद, बचे लेकर रहेंगे, जय अटेवा आदि नारों लगाए। साथ ही विजय कुमार बंधु के आह्वान पर शिक्षकों ने यूपीएस गजट की प्रतियां जलाकर अपना विरोध और एकता प्रकट की, इस प्रदर्शन में सत्येंद्र कुमार पांडे, दिनेश कुमार राज, दर्शन कुमार गुप्त, राकेश कुमार वर्मा, आनंद कुमार कौशल, कृष्ण कुमार शुक्ला, रमेश चंद, धर्मेंद्र कुमार सिंह, संतोष कुमार पांडे, गोविंद कुमार, बलवीर सिंह, संतोष कुमार गुप्त, सत्यपाल गंगवार, नीरज कुमार सिंह, अखिलेश्वर, मनोज कुमार तिवारी, आदेश शुक्ला, जगमोहन सिंह, दिनेश कुमार तिवारी, पुष्पेंद्र कुमार मिश्रा, प्रमोद कुमार गुप्त, राजीव कुमार, लक्ष्मण यादव, सविता देवी, संगीता देवी, पंकजधर द्विवेदी सहित शिक्षक शिक्षिकाएं मौजूद रहे।

## विभिन्न मांगों को लेकर डिप्लोमा फार्मेसिस्ट एसोसिएशन ने धरना देकर सौंपा ज्ञापन

**लखीमपुर-खीरी, समृद्धि न्यूज़।**



डिप्लोमा फार्मेसिस्ट एसोसिएशन उत्तर प्रदेश अपनी विभिन्न माँगों तथा डिप्लोमा धारकों की समकक्षता के आधार पर शुरूआती वेतन ग्रेड 4600 दिये जाने, उच्च पदों पर तद्नुसार वेतनमान संसोधित किये जाने, प्रभार भत्ता बढ़ाये जाने, मानकों के अनुसार पदों का सृजन किये जाने, ट्रामा सेन्टर में फार्मेसिस्ट के पदों का सृजन किये जाने, विभिन्न राष्ट्रीय कार्यक्रमों जैसे- डॉट्स, मानसिक रोग क्लीनिक, एनसीडी क्लीनिक आदि में फार्मेसिस्टों के पद सृजित किये जाने, 2005 के बाद नियुक्त फार्मेसिस्टों के नाम सम्मिलित करते हुए वरिष्ठता सूची अद्यतन किये जाने, एसीपी जनपद स्तर से स्वीकृत किये जाने, नॉन फंक्शनल वेतनमान का लाभ समय से दिये जाने, स्थायीकरण किये जाने, ड्यिूटी लिस्ट के अनुसार ही कार्य लिये जाने तथा ब्लड बैंक के फार्मेसिस्ट की ड्यिूटी लिस्ट जारी किये जाने आदि को लेकर आन्दोलनरत है। जिसके प्रथम चरण में जनपदों के मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय पर दिनांक 20 दिसम्बर 2024 को धरना देकर मुख्यमंत्री जी को ज्ञापन दिया गया। द्वितीय चरण में दिनांक 22 दिसम्बर से 24 दिसम्बर, 2024 तक सांसद एवं विधायकगण के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन दिया गया। तृतीय चरण में 03 जनवरी 2025 को प्रत्येक मण्डल मुख्यालय पर अपर निदेशक चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण के कार्यालय पर धरना देकर मुख्यमंत्री योगी जी को ज्ञापन दिया गया। इसी के चतुर्थ चरण में दिनांक 31 जनवरी 2025 को महानिदेशालय चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवायें उत्तर प्रदेश के कार्यालय पर धरना देकर प्रदर्शन किया जाना प्रस्तावित है जिसमें अग्रिम आन्दोलन की घोषणा भी की जानी है। डिप्लोमा फार्मेसिस्ट एसोसिएशन उत्तर प्रदेश जनपद शाखा खीरी ने दिनांक 24 जनवरी 2025 को संघ के अध्यक्ष अशोक कुमार कनौजिया की अध्यक्षता में एक जनपद स्तरीय बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जनपद खीरी के सदस्य उपस्थित हुए और सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि फार्मेसिस्टों के प्रति सरकार का रवैय्या सकारात्मक न होने के कारण दिनांक 31 जनवरी 2025 को महानिदेशालय पर आयोजित किये गये। धरना प्रदर्शन में जनपद खीरी से बड़ी संख्या में फार्मेसी संवर्ग के अधिकारी एवं कर्मचारी अपनी मांगों की पूर्ति हेतु लखनऊ पहुंचकर भागीदारी करेंगे। अटेवा/ एनएमओपीएस के आह्वान पर जिला चिकित्सालय खीरी के चिकित्सा अधिकारी, नर्सिंग अधिकारी, फार्मेसिस्ट, एक्स रे टेक्नीशियन, दन्त विज्ञानी, चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी आदि संवर्गो के द्वारा यूपीएस की प्रतियां जला कर विरोध प्रदर्शन किया गया और सरकार से पुरानी पेंशन व्यवस्था बहाल करने की मांग की गयी। उपस्थित अधिकारी एवं कर्मचारी संगठनों के सदस्यों ने पुरानी पेंशन व्यवस्था बहाल करने के लिए माननीय विजय कुमार बन्धु को पूरा सहयोग करने का वचन दिया।

# जिला स्तरीय अधिकारियों ने स्मृति चिन्ह देकर किया सम्मानित

**गोंडा,समृद्धि न्यूज़।**




जनपद स्तरीय उत्कृष्ट कार्य करने वाले सेवा प्रदाताओं , सर्जन एवं टीम, स्टाफ नर्स, एएनएम तथा आशाओं को आज दिनांक 28 जनवरी 2025 को टाउन हॉल गोण्डा में जिला स्तरीय अधिकारियों द्वारा स्मृति चिन्ह, प्रशस्ति पत्र तथा उपहार देकर सम्मानित किया गया 7 कार्य क्रम में जनपद स्तर से डॉ. अनिल तिवारी, डॉ. आदित्य वर्मा, डॉ. सी के वर्मा, डॉ. जय गोविन्द के नेतृत्व में कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया, जिसमें जनपद के समस्त सर्जन एवं टीम (डॉ. डीएन सिंह, डॉ. उदय प्रताप सिंह, डॉ.सौम्या, डॉ. अविनाश पाण्डेय) को नसबंदी सेवाओं में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया गया। जनपद में आशा सुशीला देवी द्वारा सर्वाधिक 13 महिला नसबंदी के लाभर्थोयों को सेवाओं प्रेरित किया गया एवं क़ज़ीदेवार से सुमन गिरी द्वारा 12 महिला नसबंदी के लाभर्थियों को सेवाओं प्रेरित किया गया। परिवार नियोजन कार्यक्रम में सहयोग करने वाली संस्था (मोबियस फाउंडेशन) से प्रभात कुमार द्वारा मातृ स्वास्थ्य एवं परिवार नियोजन विषयक एवं मोबियस फाउंडेशन द्वारा किये जा रहे कार्यों के विषय में चर्चा की गयी। जनपद के कुल 47 प्रतिभागियों को परिवार नियोजन कार्यक्रम में उत्कृष्ट कार्य करने हेतु सम्मानित किया गया उक्त कार्यक्रम में जनपद स्तरीय अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। परिवार नियोजन कार्यक्रम प्रति डॉ. सीके वर्मा अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा विस्तृत चर्चा की गई जिसके अंतरगत योग्य दम्पत्तियों को आशा द्वारा परिवार नियोजन का परामर्श एवं सेवा दिलाने, सामूहिक स्तरीय सास बहू बेटा सम्मेलन, स्मार्ट सम्मेलन के द्वारा पुरुषों की सहभागिता बढ़ाने, स्वास्थ्य इकाई पर प्रसव पूर्व जाँचों के साथ परिवार नियोजन परामर्श द्वारा मातृ स्वास्थ्य एवं शिशु स्वास्थ्य को बेहतर बनाने की दिशा में कार्य करने हेतु प्रोत्साहित किया गया। अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. आदित्य वर्मा ने परिवार नियोजन की विधियों जैसे तिमाही अंतरा गर्भ निरोधक इंजेक्शन, आई यू सी डी, छाया गर्भ निरोधक गोली की परतेक स्तर पर मानक के अनुसार परामर्श एवं सेवा उपलब्ध करते हुए कार्यक्रम के द्वारा अधिक से अधिक लाभार्थियों को सेवा दिलाने हेतु चर्चा की गया। पापुलेशन फाउंडेशन ऑफ़ इंडिया द्वारा परिवार नियोजन विषयक प्रशिक्षण एवं उम्मीद परामर्श केंद्र के माध्यम से अधिक से अधिक सेवा दिलाने हेतु कहा गया. परिवार नियोजन के उपयोग में वृद्धि से ही मातृ एवं शिशु स्वस्थ्य में भी सुधार हो पायेगा।

उक्त कार्यक्रम में डॉ. देवेन्द्र (एचईओ), डॉ. आरपी सिंह (डीसीपीएम), सलाहउद्दीन लारी (डीएफपीएलएम), रंजीत राठौर, उमा शंकर, पॉपुलेशन फाउंडेशन ऑफ़ इंडिया से स्मिता एवं अमरीश कुमार पाण्डेय, यूपीटीएसयू से राम गुलाम वर्मा, आदि उपस्थित रहे।

# जरूरतमंदों को वितरित किए गए कंबल

**जरवल,बहराइच समृद्धि न्यूज़।**

सरयू के तराई क्षेत्र में बढ़ती ठंड को देखते हुए 200 जरूदमंदो को कंबल वितरित किए गए है। इस दौरान कंबल पाकर जरूदमंद बुजुर्गो व गरीबों के चेहरे खुशी से खिल गए और लोगों ने आशीर्वाद के लिए हाथ उठाएं। गणतंत्र दिवस के अवसर पर जरवल ब्लॉक के ग्राम पंचायत चिलौली के पंचायत भवन परिसर में झंडा रोहण के पश्चात कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।



इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि अशोक दास व विशिष्ट अतिथि ग्राम प्रधान मोल्हे यादव रहे। प्रधान प्रतिनिधि राजेश यादव ने कार्यक्रम में आए सभी अतिथियों को अंग वस्त्र प्रदान कर सम्मानित किया है। इस दौरान अतिथियों के हाथों गांव के करीब 200 जरूदमंद बुजुर्ग महिला पुरुष व गरीबों को ठंड से बचाव के लिए कम्बल प्रदान किया गया हैं। प्रधान प्रतिनिधि व पंचायत सहायक राजेश कुमार यादव ने बताया कि तराई में अत्यधिक ठंड का प्रकोप बढ़ रहा है इसलिए गांव में सर्वे कराकर 200 जरूदमंदो को ठंड से बचाव के लिए कम्बल वितरण किया गया है। आगे भी जनहित के कार्य जारी रहेंगे। कार्यक्रम में गन्ना पर्यवेक्षक सुनील यादव,अमित सिंह, डॉ राजू यादव,धर्मराज कोटेदार, सोनू निषाद, राजदीप वैश्य, कृष्ण मुरारी, निरंकार, डॉ अशोक, डॉ अच्छे यादव, यशपाल,कंधई लाल समेत काफी संख्या में ग्राम वासी मौजूद रहे।

# पुलिस ने दो बाइक चोरों को किया गिरफ्तार

▸ कब्जे से चार बाइक कूटरचित नम्बर प्लेट बरामद

**गोंडा ,समृद्धि न्यूज़।**



पुलिस अधीक्षक गोण्डा विनीत जायसवाल द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी राधेश्याम राय के पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी कर्नलगंज सौरभ वर्मा के नेतृत्व में थाना परसपुर पुलिस द्वारा भौरीगंज पसका मोड़ के पास चेकिंग के दौरान अभियुक्त 01. सूरज मिश्रा, 02. शिवा मिश्रा को गिरफ्तार कर उसके कब्जे/निशानदेही पर चोरी की 04 अदद मोटरसाइकिले (कूटरचित नम्बर प्लेट) बरामद किया गया। घटना का संक्षिप्त विवरण दिनांक 27.01.2025 को थाना परसपुर के व.उ.नि. सभाजीत सिंह मय हमराह फोर्स के साथ भौरीगंज पसका मोड़ के पास रात्रि गस्त/वाहन चेकिंग कि जा रही थी कि एक संदिग्ध मोटरसाइकिल की चेकिंग के दौरान उस पर सवार 02 अभियुक्तों- 01. सूरज मिश्रा, 02. शिवा मिश्रा को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी की होण्डा साइन मोटरसाईकिल व चैहान पुरवा परेटा के पास बंधे से 03 अदद अन्य चोरी की मोटरसाइकिलों(कूटरचित नम्बर प्लेट) को बरामद किया गया। थाना परसपुर पुलिस द्वारा अभियुक्तगणों के विरूद्ध बरामदगी व गिरफ्तार के आधार पर थाना परसपुर में सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर अग्रिम विरूद्ध विधिक कार्यवाही कर न्यायालय रवाना किया गया।

# पांच एसडीएम, तीन तहसीलदार, आठ नायब तहसीलदारों के कार्यक्षेत्र बदले

**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।**

जिलाधिकारी मोनिका रानी द्वारा जारी आदेश के अनुसार 05 उप जिलाधिकारी, 03 तहसीलदारों व 08 नायब तहसीलदारों के कार्य क्षेत्रों में बदलाव किया गया है। डीएम द्वारा जारी आदेश के अनुसार उप जिलाधिकारी सदर बहराइच राकेश कुमार मौर्या को उप जिलाधिकारी (न्यायिक) महसी, एसडीएम नानपारा अश्वनी कुमार पाण्डेय को एसडीएम मिहींपुरवा (मोतीपुर), एसडीएम मिहींपुरवा (मोतीपुर) संजय कुमार को उप जिलाधिकारी (न्यायिक) नानपारा, उप जिलाधिकारी (न्यायिक) बहराइच पूजा चौधरी को उप जिलाधिकारी तहसील बहराइच के साथ-साथ उप जिलाधिकारी (न्यायिक) तहसील बहराइच तथा अंजनी यादव उप जिलाधिकारी (प्रशिक्षु) को डिप्टी कलेक्टर बहराइच को एसडीएम नानपारा के पद की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसी प्रकार तहसीलदार अम्बिका प्रसाद चौधरी को तहसील मिहींपुरवा (मोतीपुर) से नानपारा, धर्मेन्द्र कुमार को तहसील पयागपुर से तहसील मिहींपुरवा (मोतीपुर) व अजय कुमार यादव को तहसील नानपारा से तहसीलदार पयागपुर स्थानान्तरित किया गया। जबकि नायब तहसीलदार ब्रम्हादीन यादव को कैसरगंज से मिहींपुरवा (मोतीपुर), बृजेश कुमार को कैसरगंज से पयागपुर व पी.पी. गिरी को कैसरगंज से तहसील सदर तथा सचिन श्रीवास्तव को कलेक्ट्रेट मुख्यालय बहराइच से तहसील कैसरगंज सम्बद्ध किया गया है।

# जांच में शिकायत सही पाए जाने के बावजूद कार्रवाई करने से घबरा रहे हैं जिले के अधिकारी

**मनकापुर /गोंडा ,समृद्धि न्यूज़।**



मामला मनकापुर विकास खंड के उपाध्यायपुर ग्रेंट का है जहां इसी गांव के रहने वाले राम बाबू पुत्र अंगद कुमार ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर आई जी आरएस संख्या 400183240660 के माध्यम से राम नारायण के घर से विजय कुमार के घर तक इंटरलाकिंग के नाम पर भुगतान लिए जाने की शिकायत विगत वर्ष जुलाई 2024 में दर्ज कराई। शिकायत के निस्तारण हेतु जिला पंचायत राज अधिकारी गोंडा ने खण्ड विकास अधिकारी मनकापुर को निर्देशित किया था।एडीओ पंचायत मनकापुर राकेश कुमार श्रीवास्तव द्वारा शिकायत की जांच की गई जांच में शिकायत सही पाई गई। जिसकी रिपोर्ट भी प्रेषित की गई फ़िर भी कार्यवाही के नाम पर शून्य शिकायत कर्ता का आरोप है कि विगत 6माह से शिकायत पर कार्रवाई के संबंध में ब्लाक का चक्कर लगा रहा हूं। मुझे अब शिकायत उठाने की धमकियां भी मिलने लगीं है। किन्तु कोई सुनवाई नहीं हो रही है।

सबसे बड़ी बात एक तरफ योगी सरकार ज़ीरो टारलेंस की नीति की बात करती हैं वहीं सही शिकायत के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं होने से भ्रष्टाचारियों के हौसले बुलंद हैं।अब देखना यह है कि मामला उच्च अधिकारियों के संज्ञान में आने पर ऐसे भ्रष्टाचार पर लगाम लगता है या जांच के नाम पर लीपापोती कर दी जाती है। वहीं मामले पर खण्ड विकास अधिकारी ने बताया कि मामले पर सम्बन्धित सचिव को नोटिस दी गई है जवाब मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

# मांगों को लेकर सरकारी स्कूल के रसोइयों ने दिया धरना



**बहराइच ,समृद्धि न्यूज़।**

संयुक्त रसोइया मोर्चा उत्तर प्रदेश के बैनर तले मंगलवार को रसोइयों ने प्रदर्शन किया। इसके बाद छह सूत्रीय मांगों का ज्ञापन जिलाधिकारी को दिया। संयुक्त रसोइया मोर्चा की संयुक्त प्रांतीय मंत्री संजू तिवारी की अगुवाई में मंगलवार को काफी संख्या में पीएम पोषण योजना के तहत रसोइया कलेक्ट्रेट में एकत्रित हुईं। यहां पर सभी ने अपनी मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन किया।प्रांतीय संयुक्त मंत्री संजू तिवारी ने रसोइया का बकाया वेतन देने, कोर्ट के आदेश न्यूनतम वेतन लागू करने, ड्यूटी के दौरान मौत पर 50 लाख मुआवजा देने और अप्रिय दुर्घटना के लिए रसोइया को पांच लाख रुपये का कैशलेश चिकित्सा उपलब्ध कराने की मांग की। धरना प्रदर्शन के बाद सभी ने छह सूत्रीय ज्ञापन जिलाधिकारी को संबोधित अतिरिक्त मजिस्ट्रेट को दिया। इस दौरान दमयंती, प्रेम कुमारी, मीना समेत अन्य मौजूद रही।

# दो दिवसीय मंडल स्तरीय बॉक्सिंग प्रतियोगिता का हुआ समापन

## समाजसेवी प्रमोद सिंह व डॉ जयदीप पटेल ने खिलाड़ियों को पुरस्कार वितरित कर किया सम्मानित

**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।**



जिला बॉक्सिंग एसोसिएशन के तत्वाधान में मंगलवार को दो दिवसीय मंडल स्तरीय बॉक्सिंग चैंपियनशिप का समापन इंदिरा गांधी स्टेडियम में सम्पन्न हुआ। समापन के मुख्य अतिथि समाजसेवी प्रमोद सिंह व विशिष्ट अतिथि हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ जयदीप पटेल रहे। अतिथियों ने खिलाडियों से परिचय प्राप्त कर उनको संम्मानित किया। अतिथि ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा की जीते हुए खिलाड़ियों को ढेर सारी शुभकामनाएं अच्छे खेल के प्रदर्शन से आपने विजय प्राप्त की और हारे हुए खिलाड़ियों को निराश नहीं होना चाहिए क्योंकि अच्छे प्रयास करने से आप भी जीत सकते हैं। उप क्रीड़ाधिकारी अभिषेक धानुक ने मुख्य अतिथि को बुके देकर व बैच लगाकर स्वागत किया।

बालक वर्ग सब जूनियर 20 किग्रा भार वर्ग में मो समद रेड कॉर्नर विजयी रहे व बालिका में वर्चा गुप्ता रेड कॉर्नर विजयी रही। 65 किग्रा भार वर्ग में अब्दुल रिहान ब्लू कार्नर विजयी रहे।55 किग्रा बालिका वर्ग में अल्शिफा प्रथम,अनमोल द्वितीय,इरम तृतीय रही।25 किग्रा बालिका में धृति रेड कॉर्नर श्रावस्ती प्रथम ,प्रतिभा ब्लू कार्नर द्वितीय रही। 55 किग्रा भार मे ओम रेड कॉर्नर प्रथम ,विप्लव सिंह ब्लू कार्नर द्वितीय रहे ।46 किग्रा बालिका वर्ग में डिंपल रेड कार्नर विजयी रहे। वही बालक में मो आसिफ विजयी रहे।

70 किग्रा बालक वर्ग में अरुण विजेता रहे।निर्णायक के रूप में अनुराग चौधरी, सोम यज्ञसैनी, सोनाली निषाद,अमित राणा बलरामपुर,मो शादाब ,सृष्टि गुप्ता,,नित्यानंद पासवान,विपिन शाहू मौजूद रहे। आंखों देखा हाल कुसुमेन्द्र सिंह राणा ने सुनाया। इस दौरान उप क्रीड़ाधिकारी अभिषेक धानुक, बॉक्सिंग सचिव कैलाश यादव ,अभिषेक सिंह,दिव्या वर्मा, आस्था वर्मा,वर्तिका श्रीवास्तव, अनुराग कुमार, सोम,अरविंद यादव ,पंकज सहित खिलाड़ी व अभिभावक मौजूद रहे।

# साइबर क्राइम से बचने के लिए छात्र-छात्राओं को दी जानकारी



**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।**

साइबर जागरूकता अभियान के तहत साइबर क्राइम पुलिस थाना बहराइच ने मंगलवार को डा. सर्वेश कुमार शुक्ला ग्रुप आफ इंस्टीट्यूटशंस सबलापुर में छात्र - छात्रों को साइबर क्राइम के प्रति जागरूक किया गया। साइबर ठगी से बचने के लिए कई बिंदुओं की विस्तृत जानकारी दी गई।हेड कांस्टेबल राजू सिंह ने कहा कि किसी अपरिचित व्यक्ति की फोन कॉल आने पर अपने वित्तीय मामले की डिटेल कभी भी शेयर न करें। सोशल साइट के माध्यम से या ऑनलाइन मदद के नाम पर रुपये मांगने वालों को बिना पहचान किए कोई धनराशि न दें। किसी भी अनजान व्यक्ति को अपने अकाउंट का विवरण, एटीएम कार्ड नंबर, पिन नंबर, ओटीपी नंबर व एसएमएस को शेयर न करें। एटीएम हमेशा अकेले प्रयोग करें। किसी अनजान व्यक्ति की मदद न लें। अपने एटीएम कार्ड की सुरक्षा विशेष तौर पर करें। इसका प्रयोग स्वयं अथवा अत्यंत विश्वसनीय व्यक्ति के द्वारा ही करवाएं। अपने खाते का पासवर्ड किसी के साथ शेयर न करें न ही उसे कंप्यूटर या मोबाइल पर सेव करें।

ऑनलाइन धोखाधड़ी होने पर तत्काल हेल्पलाइन नंबर 1930 और बेवसाइट पर अपनी शिकायत दर्ज करा सकतें हैं। तत्पश्चात थाना साइबर सेल को सूचना जरूर दें। साइबर अपराध से बचने के लिए युवाओं को स्वयं जागरूक होकर दूसरों को भी जागरूक करना होगा। इस मौके कांस्टेबल शिवाकांत, राहुल यादव, प्राचार्य हरीश नागर,फूलचंद्र डावरिया, मो. अशरफ, श्रवण , चन्दन शर्मा, गौरव सिंह,सुनिधि शुक्ला, ईशा वर्मा, प्रतीक्षा पाठक,सुषमा गिरी, रोशनी, पूर्णिमा, फरहत खान, आंचल सिंह, कीर्ति मिश्रा, संगीता, छाया, पीआरओ गौरव पांडेय, धर्मेंद्र तिवारी मौजूद रहें।

# बीडीओ व ब्लॉक प्रमुख ने ग्राम पंचायत के विकास कार्यों की परखी हकीकत



**कैसरगंज,बहराइच समृद्धि न्यूज़।**

विकासखंड कैसरगंज के अंतर्गत ग्राम पंचायत चुलंबा में खंड विकास अधिकारी अपर्णा और ब्लॉक प्रमुख संदीप सिंह बिसेन ने ग्राम पंचायत का निरीक्षण कर विकास कार्यों की वास्तविकता परखी। ओडीएफ (खुले में शौच मुक्त) ग्राम पंचायत में चल रहे विकास कार्यों की समीक्षा के लिए ग्राम पंचायत सचिव और प्रभारी एडीओ पंचायत हनुमत सिंह की अगुवाई में निरीक्षण किया गया।निरीक्षण के दौरान सामुदायिक शौचालय, फिल्टर चैंबर, खाद गड्ढा, नाली निर्माण, इंटरलॉकिंग, हैंडपंप, तथा साफ-सफाई की समुचित व्यवस्थाओं का अवलोकन किया गया। इन कार्यों में समुचित प्रगति पाई गई। खंड विकास अधिकारी ने पंचायत सचिव को गांव के विकास कार्यों को और अधिक प्रभावी ढंग से संचालित करने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान नवनिर्मित सामुदायिक शौचालय के संचालन के संबंध में ग्रामीणों से चर्चा की गई और उपस्थिति रजिस्टर का भी सत्यापन किया गया। निरीक्षण के समय एडीओ आईएसबी सुनील कुमार नंदा, ग्राम प्रधान राजेंद्र सिंह, जेई सुरेश कुमार, जेई अविनाश श्रीवास्तव, ग्राम पंचायत सचिव योगेश कुमार, पंकज मौर्या, विनोद सिंह समेत अन्य अधिकारी और स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

# श्री चित्रगुप्त मन्दिर का होगा कायाकल्प, पर्यटन में हुआ शामिल



▸ सदर विधायिका ने विधानसभा की याचिका समिति सूची में किया था प्रस्ताव

**बहराइच ,समृद्धि न्यूज़।**

सूबे की योगी सरकार प्रदेश के धार्मिक स्थलों के पुनरुद्धार के लिए कटिबद्ध है।धार्मिक स्थलों को आम जन मानस से जोड़ने एवं सुख सुविधाओं को बढ़ावा देने के लिए प्रदेश के चिन्हित स्थलों का उच्चीकरण करने का लगातार प्रयास किया जा रहा है।इसी क्रम में श्री चित्रगुप्त मन्दिर,बशीरगंज की अतिआवश्यक बैठक समाज के अध्यक्ष श्रवण कुमार निगम की अध्यक्षता में श्री चित्रगुप्त मन्दिर ,बशीरगंज में आयोजित हुई।श्री चित्रगुप्त मन्दिर के कायाकल्प, उच्चीकरण के लिए पर्यटन विभाग द्वारा नामित किये जाने पर सदर विधायिका अनुपमा जायसवाल को धन्यवाद ज्ञापित किया गया।मन्दिर निर्माण हेतु संयोजक राजेश निगम के नेतृत्व में मन्दिर निर्माण हेतु व्यूह रचना बनाई गई।मन्दिर नव्य,भव्य, दिव्य बनाने के लिए कायस्थ बन्धुओ से सुझाव भी मांगे गए।बैठक में डॉ. राहुल मोहन, सुशील श्रीवास्तव, लव कुमार निगम, अंकित श्रीवास्तव, शेखर श्रीवास्तव, मीडिया प्रभारी सचिन श्रीवास्तव,अमित श्रीवास्तव, अर्पित राज श्रीवास्तव,रितेश श्रीवास्तव सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# दरोगा अपने वेतन से लोगों को पहना रहे हेलमेट

**बहराइच ,समृद्धि न्यूज़।**



जिले के थाना रिसिया में तैनात एसआई अमित कुमार गुप्ता अपनी नौकरी के साथ-साथ सड़क सुरक्षा को लेकर लोगों को जागरूक करने का भी काम कर रहे हैं। जिन लोगों के पास हेलमेट नहीं होते हैं वह उनको समझाते हैं और फ्री में हेलमेट देकर हमेशा हेलमेट लगाकर चलने की अपील करते हैं। इनका मानना है अधिकतर जो एक्सीडेंट होते हैं उसमें हेलमेट की वजह से दुर्घटनाएं होती हैं अगर हेलमेट लगे हों तो दुर्घटनाएं ना हों।सब इंस्पेक्टर बहराइच जिले के थाना रिसिया क्षेत्र में कार्यरत हैं। इन दिनों वह चर्चा में भी खूब रहते हैं क्योंकि उनका अपना एक यूट्यूब चैनल भी है। हाल फिलहाल में इनकी एक वीडियो भी वायरल हुई जिस वीडियो में वह बुजुर्ग को समझाते हुए दिख रहे हैं। बुजुर्ग ने कहा, ÷सर मेरे पास हेलमेट लेने के लिए पैसे नही हैं. वह काफी भावुक भी हो गया तब सब इंस्पेक्टर ने अपने पास से बुजुर्ग को हेलमेट दिया। यह वीडियो तेजी से वायरल भी हुई। उनके अच्छे कार्य के लिए उन्हें 26 जनवरी गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर सम्मानित भी किया गया है। **इस अंदाज में लोगों को समझाते हैं दरोगा एसआई अमित कुमार** चेकिंग के दौरान जिन लोगों के सर पर हेलमेट नहीं लगा होता है उनको रोकते हैं और उनसे वजह पूछते हैं कि आखिर उन्होंने हेलमेट क्यों नहीं लगा रखा है। अगर उनको लगता है कि यह व्यक्ति हेलमेट नहीं खरीद सकता है तो उसको समझाकर हेलमेट अपने पास से उसके सिर पर लगाते हैं। खास बात यह है कि सामने वाला जिस भाषा में बात करता है, ये भी उसको उसी भाषा में प्यार से समझाते हैं और साथ ही रिफ्लेक्टर भी आगे पीछे गाड़ी पर स्वयं अपने हाथों से लगाते हैं।लोगों को खूब पसंद आ रहा है दरोगा जी का तरीका एसआई अमित ने बताया कि हेलमेट लेने के बाद ज्यादातर लोग कहते हैं कि सर हम हेलमेट लगा कर चलेंगे लेकिन बहुत ही कम लोग ऐसे हैं जो हेलमेट लगाकर चलते हैं।

# जेल मे बंद माफिया गब्बर सिंह पर एक और मुकदमा दर्ज

**बहराइच ,समृद्धि न्यूज़।**

उत्तर प्रदेश के टॉप 50 माफियाओं की सूची में शामिल कई जनपदों में हत्या, लूट, डकैती, हेराफेरी, धोखाधड़ी जैसे लगभग 60 मुकदमों के आरोपी शहर के मोहल्ला रायपुर राजा निवासी माफिया और उसके अज्ञात साथियों पर धोखाधड़ी से पासपोर्ट बनवाने का मुकदमा दर्ज हुआ है। माफिया गब्बर सिंह इस समय जेल में बंद है।दरगाह शरीफ थाना के शिवनगर गोंडा रोड निवासी सुधा मातनहेलिया ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र देकर आरोप लगाया था कि पयागपुर थाना क्षेत्र के मोहनापुर माफी गांव निवासी देवेंद्र सिंह उर्फ गब्बर हाल पता देहात कोतवाली रायपुर राजा प्रदेश का टाप माफिया है और उस पर कई मुकदमें दर्ज है। वर्ष 2017 में गब्बर ने कागजों में हेराफेरी करके गलत तथ्यों को दर्शाते हुए फर्जी पासपोर्ट बनवा लिया और वर्ष 2019 में इसी पासपोर्ट के आधार पर अपने साथियों के साथ बैंकाक गया था। वहीं पर अपना ठिकाना बनाकर विदेश से गैंग संचालित करना चाहता है और उनकी अरबों रुपये की संपत्ति को हड़पने के चक्कर में वहीं से शूटर्स के माध्यम से उनकी व उनके बेटी की हत्या करवा सकता है। माफिया उनके पति अरुण का बीते समय में अपहरण कर चुका है, जिसका मुकदमा भी दर्ज है। माफिया के फर्जी पासपोर्ट को रद्द करने के साथ ही उस पर एनएसए के तहत कार्रवाई किए जाने की मांग की। एसपी के आदेश पर देहात पुलिस ने गब्बर पर केस दर्ज किया है।

# विकास भवन परिसर का डीएम ने किया निरीक्षण



**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।** बैठक के उपरान्त जिलाधिकारी मोनिका रानी ने मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र के साथ विकास भवन परिसर का निरीक्षण कर कराये जा रहे सुदृढ़ीकरण एवं सौन्दर्याकरण कार्य का जायज़ा लिया तथा परिसर में स्थित पुराने एवं निष्प्रयोज्य भवनों के बारे में भी जानकारी प्राप्त कर मौके पर मौजूद अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये।


## कार्यालय ग्राम पंचायत उमरई वि.ख. पनवाड़ी, महोबा

**अल्पकालिक निविदा सूचना**

मनरेगा योजना 2024-25 के अंतर्गत निम्नलिखित कार्य कराये जाने हेतु सामग्री की आपूर्ति हेतु विभागों के पंजीकृत ठेकेदारों से दिनांक 29.01.2025 से 04.02.2025 तक सीलबंद निविदायें आमंत्रित की जायेगी व उसी दिन अपरान्ह 03:00 बजे उपस्थित निविदादाताओं/प्रतिनिधियों व समिति के समक्ष सीलबन्द निविदायें खोली जाएंगी।

**निविदा शुल्क 100 रू.**

| क्र. सं. | योजना अन्तर्गत | ग्राम पंचायत | कार्य का विवरण | कार्य की लागत | धरोहर राशि | सामग्री आपूर्ति | लम्बाई | समय अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | मनरेगा | उमरई | सी.सी. रोड निर्माण कार्य बाबू के मकान से ममता बरार के मकान तक | 697946 | 2% | सीमेन्ट,बालू, गिट्टी,ईंटा, आदि | | 1 वर्ष |

**नियम व शर्ते**-1. ठेकेदारों आपूर्तिकर्ता बिक्रीकर विभागों के साथ-साथ किसी राजकीय विभागों में पंजीयन होना चाहिए।
2. निविदा प्रपत्र के साथ 100 रू. के स्टाम्प पेपर रसीदी टिकट हस्ताक्षर संलग्न करना होगा।
3. निविदादाताओं धरोहर राशि के एवज में एनएससी/एफडीआर संलग्न करना होगा।
4. निविदा स्वीकृत या अवस्वीकृत एवं निरस्त करने का सम्पूर्ण अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा शासकीय टैक्स नियम अनुसार काटा जायेगा।

**ग्राम प्रधान** **सचिव**

## कार्यालय ग्राम पंचायत भुजपुरा वि.ख. पनवाड़ी, महोबा

**निर्माण आपूर्ति सामग्री हेतु अल्पकालीन निविदा सूचना**

मनरेगा योजना 2024-25 के अंतर्गत निम्नलिखित कार्य कराये जाने हेतु सामग्री की आपूर्ति हेतु विभागों के पंजीकृत ठेकेदारों से दिनांक 29.01.2025 से 05.02.2025 तक सीलबंद निविदायें आमंत्रित की जायेगी व उसी दिन अपरान्ह 03:00 बजे उपस्थित निविदादाताओं/प्रतिनिधियों व समिति के समक्ष सीलबन्द निविदायें खोली जाएंगी।

**निविदा शुल्क 100 रू.**

| क्र. सं. | ग्राम पंचायत | कार्य का विवरण | कार्य की लागत | धरोहर राशि | सामग्री आपूर्ति | लम्बाई | समय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | भुजपुरा | बकरी रोड निर्माण कार्य गुमान सिंह s/o गनेश (s.c) | 1.23 | 2% | ईंटा, गिट्टी, बालू,चद्दर, सरिया, सीमेन्ट आदि | | 6 माह |

**नियम व शर्ते**-1. ठेकेदारों आपूर्तिकर्ता बिक्रीकर विभागों के साथ-साथ किसी राजकीय विभागों में पंजीयन होना चाहिए।
2. निविदा प्रपत्र के साथ 100 रू. के स्टाम्प पेपर रसीदी टिकट हस्ताक्षर संलग्न करना होगा।
3. निविदादाताओं धरोहर राशि के एवज में एनएससी/एफडीआर संलग्न करना होगा।
4. निविदा स्वीकृत या अवस्वीकृत एवं निरस्त करने का सम्पूर्ण अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा शासकीय टैक्स नियम अनुसार काटा जायेगा।

**ग्राम प्रधान** **सचिव**

# महाकुंभः स्नान के लिए जा रहे एक परिवार के चार लोगों की हादसे में मौत

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**

रायबरेली में मंगलवार की सुबह एक बड़ा हादसा हो गया। महाकुंभ में गंगा स्नान के लिए जा रहे श्रद्धालुओं की कार सामने से गलत दिशा में आ रहे ट्रैक्टर से टकरा गई। भीषण हादसे में चार श्रद्धालुओं की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि पांच अन्य लोग घायल हो गए। सभी को आनन-फानन जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां उनका उपचार किया जा रहा है। वहीं, घटना के बाद ट्रैक्टर चालक मौके से फरार है। पुलिस मामले में आगे की कार्रवाई कर रही है। लखनऊ के तेलीबाग निवासी आशीष त्रिवेदी, दिपेंद्र सिंह, माया, रजनी, शुभम, अनुज, ललिता, कविता, प्रभा देवी




मंगलवार की सुबह अपनी कार से गंगा स्नान के लिए प्रयागराज जा रहे थे। इसी दौरान रायबरेली-प्रयागराज राष्ट्रीय राजमार्ग पर मुंशीगंज स्थित एक रेस्टोरेंट के पास उनकी कार अनियंत्रित होकर सामने से आ रहे ट्रैक्टर से टकरा गई। हादसे से अफरा-तफरी मच गई। आसपास के लोग मदद के लिए दौड़ पड़े।

**चार लोगों की मौत, पांच घायलः** घटना में कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस व स्थानीय लोगों ने किसी तरह सभी श्रद्धालुओं को कार से बाहर निकाला। आनन-फानन में सभी को जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टर ने आशीष, दिपेंद्र, माया व रजनी को मृत घोषित कर दिया, जबकि शुभम, अनुज, ललिता, कविता व प्रभा देवी का उपचार किया जा रहा है।

**ट्रैक्टर चालक वाहन छोड़कर फरारः** घटना के बाद ट्रैक्टर चालक वाहन मौके पर छोड़कर फरार हो गया। सूचना मिलते ही आला अधिकारी मौके पर पहुंचे और घटना की जानकारी ली। थानाध्यक्ष का कहना है कि हादसे में चार श्रद्धालुओं की मौत हो गई है, जबकि पांच अन्य घायल हैं। सभी घायलों का जिला अस्पताल में उपचार कराया जा रहा है। चालक की तलाश की जा रही है। तहरीर मिलने पर केस दर्ज किया जाएगा।

## ट्रक की टक्कर से बाइकसवार बाबा और नातिन की मौत

**नातिन को स्कूल से घर ले जा रहे थे बाबा**

**सलोन, रायबरेली।** नातिन को स्कूल से लेकर लौट रहे बाइक सवार एक व्यक्ति की नातिन सहित ट्रक की टक्कर लगने से मौत हो गई इस सड़क हादसे में ट्रक को पुलिस ने जब्त कर लिया है और शव को कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। सलोन कोतवाली में बने सलोन बाईपास पर विद्यालय से अपनी नातिन को घर लेकर लौट रहे अधेड़ को गलत दिशा की तरफ जा रहे ओवरलोड मौरंग से लदी ट्रक ने टक्कर मार दी। जिससे घटनास्थल पर दोनों की मृत्यु हो गई। नगर पंचायत सलोन के वार्ड नंबर एक




पूरे बाबू के अंतर्गत रम्भा के पुरवा निवासी राज करन यादव 52 वर्ष पुत्र रूप लाल यादव नगर के एक प्राइवेट स्कूल से अपनी नातिन अदिबिका उम्र 5 वर्ष को लेकर अपने घर वापस जा रहा था। रास्ते में बंगाली ढाबा के समीप बाईपास पर ओवरलोड ट्रक ने उसे टक्कर मार दी। दोनों की घटना स्थल पर मृत्यु हो गई। पुलिस ने शव को पंचनामा कर कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इस मामले में सलोन कोतवाली इंचार्ज जेपी सिंह ने बताया कि पुलिस ने मौरंग से भरे ट्रक को कब्जे में ले लिया है। चालक फरार हो गया। जिसे पकड़ने का प्रयास किया जा रहा है। शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया है। आगे की कार्रवाई जारी है।

## बोलेरो की टक्कर से बाइकसवार युवक गंभीर रूप से घायल

**सूची सलोन रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।** तेज रफ्तार बोलेरो ने बाइक सवार को जोरदार टक्कर मार दिया।जिससे बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया।जहां हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। सलोंन कोतवाली क्षेत्र के जमरूवा खुर्द (गढी) निवासी रितिक पुत्र हरिश्चंद्र उम्र लगभग 23 वर्ष किसी काम से सूची कस्बा बाइक से आया था।इसी दौरान रायबरेली से सलोंन की तरफ जा रही तेज रफ्तार बोलेरो ने सूची चौराहे पर बाइक सवार रितिक को जोरदार टक्कर मार दिया। जिससे गंभीर रूप से घायल हो गया।सूचना पर पहुंची पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सलोंन पहुंचाया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

## खबरें एक नजर में

### याद की गई वीरांगना अहिल्याबाई होलकर



**महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।** अमांवा खण्ड के सिधौना न्यायपंचायत स्थित मैनूपुर ग्राम सभा के उमरपुर गेरखुवा में स्थित तपसी बाबा मंदिर पर सामाजिक समरसता मंच खण्ड अमांव के तत्वावधान में क्षेत्र पंचायत सदस्य दीनानाथ के सौजन्य से एक समरसता भोज का आयोजन किया गया,इस कार्यक्रम की अध्यक्षता मंदिर के सेवक शिवबहादुर ने की। वहीं मुख्य वक्ता के रुप में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला सह संघचालक देवेन्द्र बहादुर ने देवी अहिल्या बाई होलकर के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए समरसता के महत्व को बताते हुए, सहभोज के महत्व को समझाया।इस मौके पर जिला लोक कला लोक कलाकार संपर्क प्रमुख शिवकुमार,खण्ड संयोजक सामाजिक समरसता मंच अमांवा दिनेश सिंह,सह संयोजक अरुण गुप्ता के साथ ही भारी संख्या में मातृ शक्ति और बंधु बांधव मौजूद रहे।

### आंगनवाड़ी कार्यकर्त्री चयन प्रक्रिया को सुचितापूर्ण संपन्न कराए जाने को बाल विकास परियोजनाओं में हेल्प डेस्क स्थापित

**बलरामपुर, समृद्धि न्यूज़।** जिला कार्यक्रम अधिकारी निहारिका विश्वकर्मा ने बताया कि जनपद के समस्त बाल विकास परियोजनाओं आंगनबाड़ी कार्यकर्त्री के रिक्त पदों पर सीधी भर्ती हेतु विभागीय की पोर्टल पर पात्र महिला अभ्यर्थियों से ऑनलाइन आवेदन पत्र आमंत्रित किए गए थे तथा वर्तमान में आंगनबाड़ी कार्यकर्त्री सीधी भर्ती किए जाने हेतु चयन प्रक्रिया की कार्यवाही प्रचलित है। उन्होंने बताया कि आंगनवाड़ी चयन प्रक्रिया पूर्णतया मेरिट बेस्ड है, चयन प्रक्रिया संबंधी अग्रेत्तर कार्यवाही को सकुशल, पारदर्शी एवं सुचितापूर्ण ढंग से संपन्न किए जाने हेतु सभी बल विकास परियोजनाओं में हेल्प डेस्क स्थापित किया गया है। बाल विकास परियोजना शहर में सीडीपीओ, मो.नं. –8840774987 , बाल विकास परियोजना बलरामपुर देहात में सीडीपीओ – 8953794147 , विकासखंड गैंसड़ी में सीडीपीओ ,मो.नं. – 7007533159, विकासखंड गैंडास बुजुर्ग एवं श्रीदत्तगंज , राकेश मिश्र , मो.नं. – 6393459497, विकासखंड हरैया सतघरवा में सीडीपीओ राकेश कुमार, विकासखंड रेहरा बाजार में सीडीपीओ, संदीप कुमार, मो.नं. – 8318433483, विकासखंड पचपेड़वा में सीडीपीओ, अरुण कुमार , मो.नं. – 7906169585, विकास खंड तुलसीपुर में सीडीपीओ कमलेश कुमार यादव , मो.नं. – 8853996859 , विकास खंड उतरौला में सीडीपीओ अशोक चौहान – 9651276363 के मोबाइल नंबर पर आंगनवाड़ी कार्यकर्त्रियों कार्यकत्री चयन प्रक्रिया के संबंध में किसी भी प्रकार की जानकारी हेतु संपर्क किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि संज्ञान में आया है कि आंगनवाड़ी चयन प्रक्रिया के संबंध में बाल विकास परियोजनाओं में कतिपय व्यक्तियों द्वारा कार्यालय के नाम पर विधिविरुद्ध कार्य में संलिप्त हैं, सभी से अपील हैं कि आंगनबाड़ी कार्यकर्त्री चयन प्रक्रिया में किसी भी दशा में बाहरी व्यक्तियों के बहकावे में ना आए , किसी भी जानकारी के लिए संबंधित कार्यालय में ही संपर्क करें।

## स्वतंत्रता सेनानी की पुण्यतिथि पर कंबल एवं साइकिल वितरित

**बछरावां रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**

विकास क्षेत्र की शेखपुर समोधा ग्राम सभा के मुख्य चौराहे पर क्रीड़ा स्थल परिसर में स्वतंत्रता संग्राम सेनानी बाबूराम शुक्ला की पुण्यतिथि के अवसर पर बी आर एस फाउंडेशन शेखपुर समोधा के द्वारा कंबल एवं साइकिल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का शुभारंभ कार्यक्रम के आयोजक एवं ग्राम सभा के पूर्व प्रधान शिवा शंकर शुक्ला, कार्यक्रम के संयोजक कृपाशंकर शुक्ला एवं मंच पर उपस्थित प्रेस क्लब बछरावा के अध्यक्ष टी एन मिश्रा सहित अन्य गणमान्य जनों ने दीप प्रज्वलन कर एवं स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्वर्गीय बाबूराम शुक्ला के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। मंच पर उपस्थित तमाम प्रबुद्ध जनों ने अपने अपने भावपूर्ण शब्दों स्वर्गीय बाबूराम शुक्ला को श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए उन्हें नमन किया। कार्यक्रम में क्षेत्र की विभिन्न ग्राम सभाओं जैसे राजामऊ, शेखपुर समोधा, नीवा, बिशुनपुर, मदाखेड़ा, इचौली सहित कई अन्य ग्राम सभाओं के जरूरतमंदों एवं असहायो को कंबल वितरित किए गए। वहीं ग्राम सभा में स्थित विद्यालयों की प्रतिभावान छात्राओं (अंशिका मिश्रा, गौरी शर्मा, गुनगुन सिंह, प्रिया सिंह, खुशी यादव, मिनाक्षी, आयुषी गुप्ता) की प्रतिभा को देखते हुए फाउंडेशन के द्वारा



उन्हें साइकिल व दिव्यांगजनों को ट्राई साइकिल वितरित की गई। साथ ही साथ कार्यक्रम में उपस्थित पत्रकार बंधुओ को कार्यक्रम के आयोजन कर्ता श्री शुक्ला परिवार के द्वारा माल्यार्पण कर एवं अंग वस्त्र भेंट कर उन्हे सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम के इस अवसर पर प्रेमानंद चतुर्वेदी, हरिशंकर शुक्ला, विजय शंकर शुक्ला, जगदेव प्रसाद मिश्रा, गया प्रसाद यादव ग्राम प्रधान शेखपुर समोधा, अरुण नारायण ग्राम प्रधान बिशुनपुर, रण बहादुर सिंह पूर्व ग्राम प्रधान मदाखेड़ा सहित अन्य ग्राम सभाओं के जन प्रतिनिधि, गणमान्य जन, पत्रकार बंधु, आम जनमानस एवं समस्त शुक्ला परिवार उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन कार्यक्रम के नेतृत्व कर्ता शिखर शुक्ला ने अपने ओजस्वी एवं भावपूर्ण वक्तव्य के साथ संपन्न किया। वही कार्यक्रम का कुशल संचालन शशांक शुक्ला के द्वारा किया गया।

## मां अन्नपूर्णा भवन के लोकार्पण एवं वार्षिक उत्सव कार्यक्रम में पहुंचे राज्यमंत्री

**बछरावां रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**

क्षेत्र के मदनटूसी गांव में ग्राम प्रधान रामसुमेर सिंह के नेतृत्व में आयोजित मां अन्नपूर्णा भवन के लोकार्पण एवं कंपोजिट विद्यालय मदनटूसी के वार्षिक उत्सव कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश के स्वतंत्र प्रभार राज्यमंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने शिरकत की। इस अवसर पर कार्यक्रम के आयोजक ग्राम सभा के ग्राम प्रधान रामसुमेर सिंह एवं कार्यक्रम के संयोजक हरिश्चंद्र सिंह उर्फ रिंकू भदौरिया के द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य अतिथि का माल्यार्पण, अंगवस्त्र एवं प्रतीक चिन्ह भेटकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में सबसे ज्यादा शोभनीय दृश्य तब देखने को मिला जब कंपोजिट विद्यालय मदनटूसी की



छात्राओं के द्वारा पुष्पगुच्छ देकर एवं स्वागत गीत गाकर मुख्य अतिथि का स्वागत किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दिनेश प्रताप सिंह में वर्तमान केंद्र एवं प्रदेश की सरकार के द्वारा आम जनमानस के लिए चलाई जा रही सैकड़ो योजनाओं से लोगों को लाभान्वित होने एवं उनके बारे में जानकारी प्राप्त करने की सलाह दी। साथ ही साथ उन्होंने वर्तमान समय में आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक नगरी प्रयागराज में आयोजित हो रहे दिव्य एवं भव्य महाकुंभ में कार्यक्रम में उपस्थित आम जनमानस से स्नान कर अपने आप को कृतार्थ करने की बात भी कहीं। वही इस मौके पर क्षेत्र के तमाम जनप्रतिनिधि, अभिभावक गण, ग्रामवासी, क्षेत्रवासी एवं आम जनमानस व छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

## डायवर्जन के चलते बनी रही जाम की स्थिति

**डलमऊ रायबरेली।** प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ में आज मौनी अमावस्या के दिन होने वाले अमृत स्नान के चलते शासन द्वारा प्रयागराज सीमा में भारी वाहनों के प्रवेश पर रोक लगाई गई है जिसके कारण भारी वाहनों को दूसरे रास्तों पर डायवर्ट किया गया है फतेहपुर होकर प्रयागराज जाने वाले भारी वाहनों को रायबरेली जनपद के डलमऊ गंगापुर एवं गेगासों से मुराई बाग होते हुए सलवन जौनपुर मछली शहर के रास्ते बनारस की तरफ भेजा जा रहा है मुराई बाग कस्बे में भारी वाहनों के प्रवेश की वजह से दिन भर जाम की स्थिति बनी रही सड़कों पर वहां रेंगते हुए दिखाई पड़े कस्बे के फतेहपुर मार्ग रायबरेली मार्ग लालगंज मार्ग एवं



प्रयागराज मार्ग पर भारी एवं चार पहिया वाहनों की लंबी-लंबी कतारें लगी रही मुराई बाग में रेलवे गेट बंद एवं विद्यालय छूटने के समय जाम की स्थिति और बढ़ गई दिनभर चले जाम के चलते राहगीरों एवं दो पहिया वाहन चालकों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा डायवर्जन के कारण बनी जाम की स्थिति को छुड़ाने में पुलिस प्रशासन को भारी मशक्कत करनी पड़ी जाम की स्थिति पैदा ना हो इसके लिए कस्बे में भारी संख्या में पुलिस बल तैनात रहा।

## नटबीर बाबा के स्थान पर तीन दिवसीय मेले का हुआ समापन

**महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**

मेले का हुआ समापन विकासखंड क्षेत्र के कैलाशपुर मजरे कोटवा मदनिया गांव में नटबीर बाबा के स्थान पर तीन दिवसीय मेले का आज मंगलवार को समापन हुआ। आयोजनकर्ता राम अभिलाष लोधी ने बताया कि नटबीर बाबा के स्थान पर पिछले कई वर्षो से धार्मिक कार्यक्रमों भंडारे और मेले का आयोजन होता आ रहा है इस वर्ष भी 24 जनवरी को रामचरितमानस के पाठ के साथ नटबीर बाबा के स्थान पर धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का शुभारंभ किया गया 25 तारीख को रामचरितमानस पाठ के समापन के उपरांत हवन पूजन हुआ वहीं 26 जनवरी से विशाल मेले का आयोजन किया गया जिसमें हजारों लोग प्रतिदिन



पहुंचते हैं 27 तारीख को भी काफी संख्या में लोग आए 28 जनवरी को मेले का समापन हुआ। वहीं प्रतिदिन लगभग 1200 से अधिक लोगों को नटबीर बाबा के स्थान पर भोजन भी करवाया जाता है। वहीं मेले में हजारों की संख्या में लोग दिखाई पड़े जहां बच्चे झूले चा और चाउमीन का लुफ्त उठाते हुए दिखाई दिए। वहीं बड़े बूढ़े भी जलेबी और अन्य खाने पीने की दुकानों पर काफी संख्या में लोग नजर आए।इस मौके पर संरक्षक राम लखन सुखराम रामखेलावन राममिलन राम सजीवन महेश कुमार राम बहादुर राम नरेश अशोक शीतला दीन सीताराम राम फेर रामबख्श राम शंकर कमलेश कुमार सहित हजारों की संख्या में लोग मौजूद रहे।

## पुलिस ने वारंटी को किया गिरफ्तार

**उतरौला (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज़।**

जनपद बलरामपुर में अपराधियों पर सख्ती से कार्रवाई जारी है। पुलिस अधीक्षक विकास कुमार के निर्देशन में, अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी नम्रिता श्रीवास्तव और क्षेत्राधिकारी उतरौला राघवेंद्र प्रताप सिंह के पर्यवेक्षण में थाना श्रीदत्तगंज पुलिस ने एक महत्वपूर्ण सफलता हासिल की है। थानाध्यक्ष श्रीदत्तगंज अनिल कुमार दीक्षित के नेतृत्व में सोमवार को पुलिस टीम, जिसमें उपनिरीक्षक जितेंद्र कुमार और हेड कांस्टेबल राहुल कुमार शामिल थे, ने कार्रवाई की। यह कार्रवाई प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय बलरामपुर द्वारा जारी गैर-जमानती वारंट के तहत की



गई। मामला संख्या 170/2024 से संबंधित वांछित आरोपी मैजुल्ला पुत्र सहादत, निवासी ग्राम गुलालीडीह मुजहनी, थाना श्रीदत्तगंज, जनपद बलरामपुर, को गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी मैजुल्ला पर गंभीर आरोपों के चलते गैर-जमानती वारंट जारी किया गया था। पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को पकड़कर न्यायालय भेज दिया।

पुलिस अधीक्षक विकास कुमार के नेतृत्व में जिले में कानून-व्यवस्था को मजबूत करने के प्रयास लगातार जारी हैं। अपराधियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश करना इस अभियान का हिस्सा है। अपर पुलिस अधीक्षक नम्रिता श्रीवास्तव और क्षेत्राधिकारी राघवेंद्र प्रताप सिंह के मार्गदर्शन में स्थानीय पुलिस टीम ने कुशलता से इस कार्य को अंजाम दिया। पुलिस की इस त्वरित कार्रवाई ने क्षेत्र में कानून-व्यवस्था के प्रति आम जनता का विश्वास और मजबूत किया है। पुलिस विभाग ने स्पष्ट संदेश दिया है कि किसी भी प्रकार की आपराधिक गतिविधियों में शामिल व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा।

## पिकअप ने साइकिल सवार को मारी टक्कर, मौत

**बछरावां रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**

थाना क्षेत्र के अंतर्गत बछरावां महाराजगंज मार्ग पर बीते सोमवार की देर रात लगभग 8 बजे के आसपास एक साइकिल सवार अधेड़ को एक पिकअप ने जोरदार टक्कर मार दी जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई उसकी मौत से पारिवारिक चरणों में कोहराम मचा हुआ। जानकारी के अनुसार आपको बताते चलें कि मृतक अधेड़ पवन साहू पुत्र राम भरोसे निवासी ग्राम थुलेड़ी थाना बछरावां से साइकिल के द्वारा अपने घर के लिए जा रहा था। तभी महाराजगंज बछरावां मार्ग पर जलालपुर के निकट पहुंचते ही उसे तेज रफ्तार पिकअप के द्वारा पीछे से टक्कर मार दी गई। हादसे में साइकिल सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। वही घटनास्थल से टक्कर मारने के बाद पिकअप फरार हो गया। घटना की जानकारी होते ही मृतक के परिजनों में कोहराम मच गया। जानकारी प्राप्त हुई है कि मृतक अधेड़ पवन साहू बछरावां कस्बे के शिवगढ़ रोड पर लकड़ी मंडी में लकड़ी की दुकान पर काम करता था और वहीं से वह वापस अपने घर जा रहा था । सूचना पर पहुंची पुलिस के द्वारा मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## हेलमेट नहीं तो पेट्रोल नहीं पर सरकार का आदेश बेअसर

**उतरौला (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज़।**

उत्तर प्रदेश सरकार के सख्त निर्देशों के बावजूद हेलमेट नहीं तो पेट्रोल नहीं नियम की खुलेआम अनदेखी हो रही है। हाल ही में सामने आई एक तस्वीर इस लापरवाही को उजागर कर रही है, जिसमें एक युवक बिना हेलमेट पहने पेट्रोल भरवा रहा है। प्रदेश सरकार ने सड़क सुरक्षा को लेकर हेलमेट नहीं तो पेट्रोल नहीं नीति लागू की थी, जिसका उद्देश्य दोपहिया वाहन चालकों को हेलमेट पहनने के लिए प्रोत्साहित करना और सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाना था। लेकिन उतरौला क्षेत्र में इस नियम का सही तरीके से पालन नहीं हो रहा है।

पेट्रोल पंप संचालकों को इस आदेश का पालन करवाने की जिम्मेदारी दी गई थी, लेकिन कई जगहों पर लापरवाही देखी जा रही है। यह स्थिति प्रशासन की निष्क्रियता और नियमों के प्रति उदासीनता को दर्शाती है।

बिना हेलमेट बाइक चलाना न केवल कानून का उल्लंघन है, बल्कि यह खुद की सुरक्षा के साथ खिलवाड़ भी है। सरकार के आदेश के बावजूद अगर पेट्रोल पंप बिना हेलमेट पेट्रोल दे रहे हैं, तो यह सड़क दुर्घटनाओं को बढ़ावा देने जैसा है। अगर इस नियम का सही तरीके से पालन नहीं किया गया, तो सरकार के प्रयास बेकार हो जाएंगे। प्रशासन को इस मामले में तत्काल कार्रवाई करनी चाहिए और पेट्रोल पंप संचालकों को निर्देश देना चाहिए कि वे इस नियम का सख्ती से पालन करें। हेलमेट नहीं तो पेट्रोल नहीं नियम लोगों की सुरक्षा के लिए बनाया गया है। अगर पेट्रोल पंप संचालक इस नियम का पालन नहीं कर रहे हैं, तो प्रशासन को उन पर जुर्माना लगाना चाहिए और सख्त कार्रवाई करनी चाहिए। जनता को भी जागरूक होकर इस नियम का पालन करना चाहिए, ताकि दुर्घटनाओं को रोका जा सके और सुरक्षित यात्रा सुनिश्चित हो सके।

## बेहतर कार्य करने वाले अभिकर्ताओं को किया गया सम्मानित



**लालगंज/रायबरेली।** कस्बे के एल. आई. सी मिनी कार्यालय में भारतीय जीवन बीमा निगम के मुख्य जीवन बीमा सलाहकार मनोज कुमार कुशवाहा के द्वारा बीमा प्रहरी ट्रॉफी से सम्मानित अभिकर्ता साथियों के साथ मीटिंग की गई मीटिंग के बाद अभिकर्ताओं को सम्मानित एवम पुरस्कार वितरित किया गया। कृष्ण कुमार को शतकवीर अभिकर्ता, गया प्रसाद को अर्धशतक वीर अभिकर्ता, रोहित अर्धशतक वीर अभिकर्ता से नवाजा गया। इस अवसर पर अवधेश कुमार संदीप कुमार रावत, उपेंद्र कुमार, मनीष आदि उपस्थित रहें।

## डीएम ने निर्माणधीन परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा की

**बलरामपुर, समृद्धि न्यूज़।**

जनपद में संचालित रुपए 50 लाख से अधिक लागत की निर्माणधीन परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा बैठक डीएम पवन अग्रवाल की अध्यक्षता में संपन्न हुई।

बैठक में डीएम द्वारा जनपद में संचालित सभी निर्माणधीन परियोजनाओं की बिंदुवार प्रगति जानी। उन्होंने निर्माण कार्य कार्यो में तेजी लाते हुए माह से सापेक्ष भौतिक एवं वित्तीय प्रगति लाए जाने का निर्देश कार्यदाई संस्थाओं को दिया। उन्होंने कहा कि प्राप्त धनराशि का उपभोग प्रमाण पत्र शासन में समय से भेज दिया जाए, जिससे कि शेष किश्त समय से प्राप्त हो। उन्होंने निर्माणधीन परियोजनाओं को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से



पूर्ण किए जाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि पेयजल परियोजनों में किसी भी सरकारी संपतियो को बिना संबंधित विभाग के एनओसी की बिना नुकसान न पहुंचाया जाए, एनओसी मिलने के बाद निर्धारित समय में क्षतिग्रस्त सरकारी संपति को पहले जैसा किया जाना सुनिश्चित हो, यह संबंधित विभाग की भी जिम्मेदारी होगी। इस दौरान उन्होंने नई सड़कों के निर्माण, अनुरक्षण, गड्ढामुक्ति आदि की समीक्षा की एवं आवश्यक दिशानिर्देश दिये। बैठक मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु गुप्त, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, जिला अर्थ एवं सांख्यिकी अधिकारी, अधिशाषी अधिकारी पीडब्ल्यूडी व अन्य संबंधित अधिकारी/ कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## सड़क सुरक्षा माहः पायनियर पब्लिक स्कूल के छात्र-छात्राओं को सड़क सुरक्षा के नियमों के प्रति किया गया जागरूक

**छात्रों को सड़क सुरक्षा के नियमों को पालन की दिलायी गयी शपथ**

**बलरामपुर, समृद्धि न्यूज़।**






सड़क सुरक्षा के नियमों के प्रति आम जनमानस को जागरूक करने के उद्देश्य से जिससे सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सके राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह जो दिनांक दिनांक 1 जनवरी 2025 से 31 जनवरी 2025 तक मनाया जा रहा है। जिसके अंतर्गत दिनांक 28 जनवरी 2025 को डीएम श्री पवन अग्रवाल के निर्देशन में पायनियर पब्लिक स्कूल बलरामपुर के छात्र-छात्राओं को सड़क सुरक्षा के नियमों के प्रति जागरूक किया गया तथा सड़क सुरक्षा के नियमों को पालन करने के लिए सड़क सुरक्षा की शपथ दिलायी गयी, यातायात नियमों के सड़क पर नहीं अनुपालन करने के परिणाम स्वरूप सड़क पर होने वाले दुर्घटनाओं के विषय पर जागरूक किया गया साथ ही साथ यातायात के नियमों व सड़क सुरक्षा के नियमों से अवगत करते हुए जागरूक किया गया। इसके अतिरिक्त छात्र छात्राओं से अपील की गई की अपने परिवारजन व अपने पड़ोस में रहने वाले लोगों से सीट बेल्ट व हेलमेट वाहन चलाने हेतु प्रेरित करने की अपील की गई साथ ही साथ सड़क सुरक्षा के नियमों के अंतर्गत 22 वाहनों का चालान किया गया उक्त जागरुकता कार्यक्रम में एआरटीओ, यातायात निरीक्षक उमेश एवं पायनियर पब्लिक स्कूल के प्रबंधक प्रधानाचार्य शिक्षक गण, अतिरिक्त यातायात पुलिस एवं परिवहन विभाग के प्रवर्तन कर्मियों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

## मनरेगा की विसंगति

इसमें दो राय नहीं कि ग्रामीण क्षेत्रों में दृश्य व अदृश्य बेरोजगारी में कमी लाने में महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजना यानी मनरेगा का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। इस योजना ने जहां एक ओर ग्रामीण उपभोक्ताओं को अपने गांव के पास रोजगार दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, वहीं अंतर्राज्यीय प्रवास को कम किया है। साथ ही ग्रामीण उपभोक्ताओं की क्रय शक्ति भी बढ़ी है। काम की तलाश में शहरों को जाने वाले श्रमिकों की संख्या में कमी के भी आंकड़े सामने आए हैं। खासकर कोरोना संकट में जब ग्रामीण महानगरों से पलायन करके बड़ी संख्या में गांव की तरफ लौटे तो इस योजना ने जीवनदायिनी भूमिका निभाई है। लेकिन फिलहाल ग्रामीण आजीविका के लिये जीवन रेखा कही जाने वाली महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना एक बार फिर धन की कमी से जूझ रही है। ऐसा लगता है कि कांग्रेस शासन में शुरू की गई मनरेगा योजना राजग सरकार की प्राथमिकताओं में शामिल नहीं है। वार्षिक वित्तीय संकट से जूझ रही मनरेगा योजना के लिए केंद्र सरकार ने वर्ष 2024-25 में 86,000 करोड़ रुपये आवंटित किए थे। इसके बावजूद 4,315 करोड़ मूल्य का वेतन भुगतान लंबित है। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2023-24 में इस योजना के केवल छह माह में ही 6,146 करोड़ का घाटा हुआ था। इसी तरह वर्ष 2022-23 में 89,400 करोड़ का संशोधित धनराशि का आवंटन मूल बजट से 33 प्रतिशत अधिक था। निस्संदेह, ग्रामीण श्रमिकों के लिये लायी गई मनरेगा योजना की वित्तीय जरूरतों को पूरा करने के लिये वार्षिक राशि आवंटन को लेकर सवाल उठने स्वाभाविक हैं। जो केंद्र सरकार की वित्तपोषण की प्राथमिकताओं को लेकर कई प्रासंगिक प्रश्न उठाते हैं। इस योजना के क्रियान्वयन में वित्तीय तंगी तंत्र की विसंगतियों को ही दर्शाते हैं। वहीं कांग्रेस ने मनरेगा के अंतर्गत मजदूरी को बढ़ाकर 400 रुपये प्रतिदिन करने की मांग की है। निस्संदेह, यह मांग महंगाई के बीच एक स्थायी समाधान के बजाय एक राजनीतिक दृष्टिकोण को ही दर्शाती है। निस्संदेह, कांग्रेस की यह मांग राजनीतिक लाभ के लिये एक लोकप्रिय कदम तो हो सकता है, मगर यह योजना की मूल समस्या के कारकों को संबोधित करने में विफल रहती है। मौजूदा वक्त में प्राथमिकता समय पर पर्याप्त धन आवंटन करने तथा प्रणालीगत विसंगतियों को दूर करना होनी चाहिए। दरअसल, भुगतान के लिये अपनायी गई प्रणाली से श्रमिकों को भुगतान में परेशानी आती रही है। आधार कार्ड आधारित भुगतान की ब्रिज प्रणाली और राष्ट्रीय मोबाइल निगरानी प्रणाली जैसे तकनीकी कारकों ने भुगतान की उलझनों को बढ़ाया है। ग्रामीण क्षेत्रों में इंटरनेट की कनेक्टिविटी की बाधाओं और आधार सत्यापन की आवश्यकताओं के कारण बड़े पैमाने पर जॉब कार्ड हटाए गए हैं। यही वजह है कि अनेक कारणों के चलते वर्ष 2022 में करीब नौ करोड़ श्रमिकों ने इस योजना तक अपनी पहुंच खो दी है। हालांकि, इस प्रणाली को पारदर्शिता बढ़ाने के उपायों के रूप में प्रचारित किया गया। लेकिन ये कदम लाखों श्रमिकों के लिये आजीविका के मार्ग में बाधा बन गए। उल्लेखनीय है कि मनरेगा को ग्रामीण परिवारों के लिये आजीविका सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिये एक मांग संचालित योजना के रूप में तैयार किया गया था। निस्संदेह, मनरेगा ने ग्रामीण क्षेत्रों में बेरोजगारी के संकट को ही उजागर किया है। ग्रामीण क्षेत्रों में बढ़ती काम की मांग और शहरी क्षेत्रों में नौकरियों की कमी के संकेत लगातार मिलते रहे हैं। निस्संदेह, गांवों में गरीबी उन्मूलन में मनरेगा के योगदान को कम करके नहीं आंका जा सकता।

# गांवों की दशा और दिशा बदल रही स्वामित्व योजना



**सर्वे ऑफ इंडिया और सम्बंधित राज्य सरकारों के बीच एक समझौता ज्ञापन स्वामित्व योजना को लागू करने के लिए रूपरेखा द्वारा प्रदान की गई बहुचरणीय संपत्ति कार्ड निर्माण प्रक्रिया में पहला कदम है। सभी पैमानों पर राष्ट्रीय स्थलाकृतिक डेटाबेस तैयार करने के लिए, विभिन्न पैमानों पर स्थलाकृतिक मानचित्रण के लिए प्रौद्योगिकी का उपयोग करता है, जैसे उपग्रह इमेजरी, मानव रहित हवाई वाहन या ड्रोन प्लेटफॉर्म और हवाई फोटोग्राफी ड्रोन। समझौता ज्ञापन के पूरा होने के बाद, एक सतत संचालन संदर्भ प्रणाली स्थापित की जाती है। एक आभासी बेस स्टेशन जो लंबी दूरी की, अत्यधिक सटीक नेटवर्क आरटीके (रियल-टाइम किनेमेटिक) सुधार प्रदान करता है, संदर्भ स्टेशनों के इस नेटवर्क द्वारा प्रदान किया जाता है।**

**डॉ. सत्यवान सौरभ**

देश में ग्रामीण भूमि सर्वेक्षण और बंदोबस्त की समस्या प्रमुख रही है। कई राज्यों में गांवों के आबादी क्षेत्रों के नक्शे और दस्तावेजीकरण का अभाव रहा है। आधिकारिक रिकॉर्ड की अनुपस्थिति के कारण इन क्षेत्रों में संपत्ति के मालिक अपने घरों को अपग्रेड करने या अपनी संपत्ति को ऋण और अन्य वित्तीय सहायता के लिए वित्तीय संपत्ति के रूप में उपयोग करने में असमर्थ रहे हैं, जिससे उनके लिए संस्थागत ऋण प्राप्त करना मुश्किल रहा। इस तरह के दस्तावेजीकरण की कमी ने 70 से अधिक वर्षों तक ग्रामीण भारत के आर्थिक विकास में बाधा डाली। यह स्पष्ट हो गया कि आर्थिक सशक्तिकरण के लिए कानूनी रूप से मान्यता प्राप्त संपत्ति रिकॉर्ड के महत्व के आलोक में एक समकालीन समाधान की आवश्यकता थी।

गांवों के आबादी क्षेत्रों के सर्वेक्षण और मानचित्रण के लिए अत्याधुनिक ड्रोन तकनीक का उपयोग करने के लिए पीएम स्वामित्व योजना विकसित की गई है। इस योजना ने जल्द ही खुद को इस दिशा में एक महत्वपूर्ण मोड़ साबित कर दिया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पिछले दिनों लाखों स्वामित्व दस्तावेज भू-मालिकों को सौंपे हैं। पंचायतीराज मंत्रालय की एक केंद्रीय क्षेत्र की पहल को स्वामित्व (ग्रामीण क्षेत्रों में सुधारित प्रौद्योगिकी के साथ गांवों का सर्वेक्षण और मानचित्रण) कहा जाता है। इसे नौ राज्यों में कार्यक्रम के पायलट चरण (2020-2021) के सफल समापन के बाद 24 अप्रैल, 2021 को राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस पर देश भर में पेश किया गया था। यह कार्यक्रम भूमि के टुकड़ों का मानचित्रण करने और गाँव के घरेलू मालिकों को अधिकारों का रिकॉर्ड प्रदान करने के लिए ड्रोन तकनीक का उपयोग करता है। कानूनी स्वामित्व कार्ड, जिन्हें संपत्ति कार्ड या शीर्षक विलेख के रूप में भी जाना जाता है, तब संपत्ति के मालिकों को जारी किए जाते हैं, जो ग्रामीण आबादी वाले (आबादी) क्षेत्रों में संपत्ति के स्पष्ट स्वामित्व की स्थापना की दिशा में एक सुधारात्मक कदम है।

सर्वे ऑफ इंडिया और सम्बंधित राज्य सरकारों के बीच एक समझौता ज्ञापन स्वामित्व योजना को लागू करने के लिए रूपरेखा द्वारा प्रदान की गई बहुचरणीय संपत्ति कार्ड निर्माण प्रक्रिया में पहला कदम है। सभी पैमानों पर राष्ट्रीय स्थलाकृतिक डेटाबेस तैयार करने के लिए, विभिन्न पैमानों पर स्थलाकृतिक मानचित्रण के लिए प्रौद्योगिकी का उपयोग करता है, जैसे उपग्रह इमेजरी, मानव रहित हवाई वाहन या ड्रोन प्लेटफ़ॉर्म और हवाई फोटोग्राफी ड्रोन। समझौता ज्ञापन के पूरा होने के बाद, एक सतत संचालन संदर्भ प्रणाली स्थापित की जाती है। एक आभासी बेस स्टेशन जो लंबी दूरी की, अत्यधिक सटीक नेटवर्क आरटीके (रियल-टाइम किनेमेटिक) सुधार प्रदान करता है, संदर्भ स्टेशनों के इस नेटवर्क द्वारा प्रदान किया जाता है। अगला चरण यह निर्धारित करना है कि किन गांवों का सर्वेक्षण किया जाएगा और जनता को संपत्ति मानचित्रण प्रक्रिया के बारे में सूचित करना है। प्रत्येक ग्रामीण संपत्ति को चूना पत्थर (चुन्ना) से चिह्नित किया जाता है, जो गांव के आबादी क्षेत्र (आबाद क्षेत्र) को चित्रित करता है यह जांच/आपत्ति प्रक्रिया का समापन है, जिसे संघर्ष/विवाद समाधान के रूप में भी जाना जाता है। फिर सम्पत्ति पत्रक या अंतिम संपत्ति कार्ड/शीर्षक विलेख तैयार किए जाते हैं।

आप इन कार्डों को खरीद सकते हैं। इस कार्यक्रम के लाभों में एक समावेशी समाज शामिल है। गांवों में कमजोर आबादी की सामाजिक-आर्थिक स्थिति संपत्ति के अधिकारों तक उनकी पहुँच के साथ सकारात्मक रूप से सहसम्बद्ध है। स्वामित्व योजना इसे संभव बनाने का प्रयास करती है। आबादी की स्पष्ट रूप से परिभाषित सीमा की कमी के कारण भूमि-संघर्ष के मामलों की संख्या बहुत अधिक है। स्थानीय स्तर पर संघर्षों के अंतर्निहित कारणों को सम्बोधित करना स्वामित्व योजना का लक्ष्य है। बेहतर ग्राम पंचायत विकास योजनाएं जो उच्च-रिजॉल्यूशन वाले डिजिटल मानचित्रों का उपयोग करती हैं, सड़कों, स्कूलों, सामुदायिक स्वास्थ्य सुविधाओं, नदियों, स्ट्रीटलाइट्स और अन्य बुनियादी ढाँचे में सुधार लाती हैं।

अधिक सुलभ संसाधनों और प्रभावी वित्तीय प्रबंधन के माध्यम से। लोगों को अपनी संपत्ति को संपार्श्विक के रूप में मुद्रीकृत करने में मदद करना मुख्य लक्ष्य है। इसके अतिरिक्त, जिन राज्यों में संपत्ति कर लगाया जाता है, वहाँ इसे सरल बनाने से निवेश को बढ़ावा मिलता है और व्यापार करना आसान हो जाता है, जिससे भारत की आर्थिक वृद्धि को बढ़ावा मिलता है। भूमि स्वामित्व से जुड़े लंबे समय से चले आ रहे मुद्दों को विकास और सशक्तिकरण के अवसरों में बदलकर, स्वामित्व योजना ग्रामीण भारत की कहानी बदल रही है। यह योजना, जिसमें डिजिटल संपत्ति कार्ड और परिष्कृत ड्रोन सर्वेक्षण शामिल हैं, केवल सीमाओं और नक्शों के बजाय संभावनाओं और सपनों के बारे में है। स्वामित्व सिर्फ एक सरकारी कार्यक्रम से कहीं ज्यादा बन गया है क्योंकि गांव इस बदलाव का स्वागत करते हैं; यह बढ़ी हुई आजादी, ज्यादाा चतुराईपूर्ण योजना और ज़्यादा एकजुट, शक्तिशाली ग्रामीण भारत के पीछे एक प्रेरक शक्ति है। स्वामित्व योजना के परिणामस्वरूप ग्रामीण भारत बदल रहा है। भूमि स्वामित्व से जुड़ी लंबे समय से चली आ रही कठिनाइयां विकास और आत्मनिर्णय के अवसरों में बदल रही हैं। बाधाओं को दूर करने, विवादों को निपटाने और संपत्ति को आर्थिक उन्नति के लिए एक शक्तिशाली साधन में बदलने के लिए नवाचार और समावेशिता को जोड़ा जा रहा है। डिजिटल संपत्ति कार्ड और परिष्कृत ड्रोन सर्वेक्षण इस बात के दो उदाहरण हैं कि कैसे योजना सरल सीमाओं और मानचित्रों से आगे जाती है। यह अवसरों और आकांक्षाओं से भरपूर है। गांव इस बदलाव को अपना रहे हैं और स्वामित्व महज सरकारी कार्यक्रम से आगे बढ़ रहा है। आत्मनिर्भरता, बेहतर योजना और अधिक एकजुट ग्रामीण भारत सभी इसके द्वारा गति प्राप्त कर रहे हैं।

**(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

## विचार

# हर बार सनातन की आस्था पर प्रहार

**प्रो. मनीषा शर्मा**

कुंभ भारत की सनातन संस्कृति की अद्वितीय शक्ति, आध्यात्मिकता, सहिष्णुता और एकता का प्रतीक है । यह आत्मा की शुद्धता और सामाजिक समरसता का प्रतीक है। भारत अपनी सनातन संस्कृति के लिए विश्व भर में जाना जाता है। यह कुंभ आत्मा के शुद्धिकरण और पुनर्जन्म के चक्र से मुक्ति का माध्यम है । कुंभ सिर्फ धार्मिक अनुष्ठान तक सीमित नहीं है बल्कि यह भारत की सामाजिक, सांस्कृतिक विविधता को दर्शाता है। कुंभ मेला वसुधैव कुटुंबकम की उस अवधारणा को चरितार्थ करता है जिसमें संपूर्ण विश्व को स्वयं में समाहित करने की शक्ति है ।

देश दुनिया से अनेक लोग अपने-अपने आस्था- विश्वास की डोर को हाथों में थाम कर, अपने रीति- रिवाज, संस्कार, आचार- व्यवहार को अपने साथ लेकर भारत भूमि पर आए हैं और यहां का दृश्य देख वे आश्चर्य और विस्मय से भर गए हैं । वे देख रहे हैं कि भारत की सनातन संस्कृति किस तरह से अपनी बांहे खोल उनका स्वागत कर रही है। वे देख रहे है यहां की सामाजिक समरसता को जहां लिंग, जाति, धर्म, पंथ, संप्रदाय ,मत, अमीर-गरीब, पूरब - पश्चिम के भेद का कोई अर्थ नहीं है। यहां अनेक को



एकाकार होते हुए देखा जा सकता है।

तीर्थराज प्रयागराज में आयोजित महाकुंभ हमारी सनातन संस्कृति की आस्था और आध्यात्मिकता की जीवंत अभिव्यक्ति है परंतु ऐसे समय में भी हमारे देश का विपक्ष राजनीति करने से,सनातन की मान्यताओं का मखौल उड़ाने से बाज नहीं आ रहा है। कुंभ में भाजपा नेताओं के स्नान को डुबकी कह कर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने बता दिया है कि उन्हें सनातन धर्म की, उसकी परंपराओं की कितनी गहरी समझ है। वरना वे करोड़ों लोगों की आस्था को अपने शब्दों से आहत नहीं करते । उन्होंने कहा कि इस महाकुंभ में हजारों रुपये खर्च कर के कंपटीशन में भाजपा नेता डुबकी लगा रहे हैं और तब तक डुबकी लगाते हैं जब तक टीवी में अच्छा नहीं आ जाता। उनका मानना है कि धर्म के नाम पर गरीबों का शोषण हो रहा है । उन्होंने कहा कि क्या गंगा में डुबकी लगाने से गरीबी दूर हो सकती है ? क्या इससे पेट भरता है? उनका यह बयान उस दिन आया जब केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने महाकुंभ में संगम पर पवित्र स्नान किया।

वस्तुतः ऐसे ही बयान कांग्रेस और उसके नेताओं ने अयोध्या में राम मंदिर निर्माण के समय दिये थे कि राम मंदिर बनने से क्या हो जाएगा? क्या लोगों को रोजगार मिल जाएगा,मंदिर की जगह अस्पताल की देश को जरूरत है आदि? आज उन्होंने गंगा स्नान पर इस तरह का बयान दिया है। बात सिर्फ महाकुंभ या राम मंदिर की नहीं है। हमेशा से विपक्ष और विपक्ष के नेताओं ने धर्मनिरपेक्षता के नाम पर सनातन की आस्था पर प्रहार करने का एक भी मौका नहीं छोड़ा है। ये लोग बताए कि क्या महाकुंभ में आने वाला हर एक व्यक्ति बीजेपी का है। हजारों वर्षों की कुंभ की परंपरा क्या बीजेपी ने शुरू की थी? क्या ये कह सकते है कि हज यात्रा करने से क्या हो जाएगा? जब बात दूसरे धर्म की धार्मिक मान्यताओं की, परंपराओं की होती है तब यह लोग कुछ नहीं कहते परन्तु जब बात सनातन की होती है तो इनके सामने देश की हर समस्या आ जाती है। इन्हें सनातन संस्कृति की हर एक मान्यता, हर एक प्रथा , प्रत्येक रीति रिवाज अंधविश्वास लगता है। ये अपने बयानों में उसका मजाक उड़ाते हैं। पिछले 15 दिनो में महाकुंभ में 14 करोड लोगों ने पवित्र स्ना न किया है

**हजारों वर्षों की कुंभ की परंपरा क्या बीजेपी ने शुरू की थी? क्या ये कह सकते है कि हज यात्रा करने से क्या हो जाएगा? जब बात दूसरे धर्म की धार्मिक मान्यताओं की, परंपराओं की होती है तब यह लोग कुछ नहीं कहते परन्तु जब बात सनातन की होती है तो इनके सामने देश की हर समस्या आ जाती है।इन्हें सनातन संस्कृति की हर एक मान्यता, हर एक प्रथा , प्रत्येक रीति रिवाज अंधविश्वास लगता है। ये अपने बयानों में उसका मजाक उड़ाते हैं। पिछले 15 दिनो में महाकुंभ में 14 करोड लोगों ने पवित्र स्ना न किया है ।क्या ये सभी 14 करोड लोग भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता है या योगी ,मोदी सरकार के लोग हैं । इसी के साथ करीब 62 देशों के दो लाख के करीब विदेशी अनुयायियो ने महाकुंभ में स्नान किया जिनमें कई प्रसिद्ध लोग भी है। क्या वह भी बीजेपी के हो गए। आज संपूर्ण दुनिया महाकुंभ के वैभव, सनातन की आस्था को देखकर विस्मित, नतमस्तक है ।**

।क्या ये सभी 14 करोड लोग भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता है या योगी ,मोदी सरकार के लोग हैं । इसी के साथ करीब 62 देशों के दो लाख के करीब विदेशी अनुयायियो ने महाकुंभ में स्नान किया जिनमें कई प्रसिद्ध लोग भी है। क्या वह भी बीजेपी के हो गए। आज संपूर्ण दुनिया महाकुंभ के वैभव, सनातन की आस्था को देखकर विस्मित, नतमस्तक है । लेकिन हमारे देश के हिंदू धर्म में ही पैदा हुए लोग महाकुंभ में पवित्र स्नान को डुबकी लगाना, अंधविश्वास कहते हैं। इन लोगों को ना देश की सांस्कृतिक विरासत का ज्ञान है, ना परंपरा की समझ है । लेकिन सवाल यही है कि हर बार सनातन पर ही प्रहार क्यों? क्यों हर बार सनातन की परंपरा, मूल्य, नायकों और संस्कृति को निशाना बनाकर प्रहार किया जाता है।

भारत को एक सांस्कृतिक राष्ट्र के रूप में सारा विश्व जानता है राष्ट्र जिसकी एक संस्कृति, परंपरा, साहित्यिक अवधारणा आचार-विचार, व्यवहार होता है। इस संदर्भ में कुंभ महज एक मेला भर नहीं है। वह हजारों सालों से पोषित भारत की सनातन संस्कृति की वह परंपरा है जिसमें सनातन संस्कृति की आत्मा रची बसी है। अतः धर्मनिरपेक्षता का अर्थ किसी धर्म विशेष की आस्था पर प्रहार नहीं होता है।

# गांवों की खुशहाली मापने के लिए बनाएं नए मानदंड

**उमेश चतुर्वेदी**

दुनिया की पांचवीं बड़ी अर्थव्यवस्था वाले अपने देश की पहचान उसके गांव रहे हैं। देश सिर्फ ग्रामीण संस्कृति और कृषि व्यवस्था के लिए ही नहीं, सहकार और शिल्पकारी के लिए भी वैश्विक पहचान रखते रहे हैं। सोने की चिड़िया कहे जाने वाले दौर में भी भारतीय कृषि और आर्थिकी के आधार गांव ही रहे। यह बात और है कि अंग्रेजी शासन के दौरान से भारतीय गांवों का पतन शुरू हुआ। इसके बाद भारतीय गांव गरीबी और मजबूरी के पर्याय माने जाने लगे। लेकिन घरेलू उपयोग और खर्च के ताजा सर्वेक्षण की रिपोर्ट बता रही है कि गांवों की आर्थिक तस्वीर बदलने लगी है।

भारत सरकार के सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय की ओर से घरेलू उपयोग और खर्च के लिए कराए गए सर्वेक्षण के अनुसार शहरी और ग्रामीण इलाकों में घरेलू खर्च का जो पहले अंतर रहता था, वह लगातार घटता चला गया है। अगस्त 2023 से जुलाई 2024 के दौरान किए गए सर्वेक्षण के मुताबिक, ग्रामीण और शहरी भारत में प्रति व्यक्ति औसत मासिक खर्च 4,122 रुपये और 6,996 रुपये हो गया है। जबकि पहले यानी 2022 से 2023 के बीच यह खर्च क्रमश- 3,773 रुपये और 6,459 रुपये थाय् यानी शहरी और ग्रामीण भारत की प्रति व्यक्ति खर्च दर में बड़ा अंतर था। मोटे तौर पर यह आंकड़ा बता रहा है कि हाल के दिनों में ग्रामीण इलाकों में आर्थिक समृद्धि पहले की तुलना में बढ़ी और उस लिहाज से खर्च भी बढ़ा है।

2011 की जनगणना के अनुसार भारत की 68 प्रतिशत आबादी गांवों में रहती है, जबकि 32 प्रतिशत आबादी शहरों में है। स्वाधीन भारत में विशेषकर उदारीकरण के बाद जिस तरह का विकास मॉडल हमने अपनाया, उसमें शहरी विकास पर सबसे ज्यादा फोकस रहा, ग्रामीण विकास या तो रस्मी रहा या फिर उस पर फोकस शहरों की तुलना में कम रहा। शहरों की ओर रोजगार और जीवन सुविधाएं केंद्रित होती चली गईं। शिक्षा के भी बेहतर अवसर गांवों की तुलना में शहरों की ओर बढ़ते गए। इस लिहाज से ग्रामीण क्षेत्रों से सबसे ज्यादा पलायन रोजगार और शिक्षा के लिए हुआ। फिर जिन परिवारों के पास सहूलियतें बढ़ीं, उन परिवारों ने अपनी हैसियत और बजट के लिहाज से मुफीद पाए जाने वाले शहरों की ओर रहने के लिए रूख किया।

यही वजह है कि शहरी और ग्रामीण आबादी का जो अनुपात आबादी के समय था, वह आज बदल चुका है। आजादी के वक्त तकरीबन 80 फीसद से ज्यादा लोग गांवों में रहते थे, अनुमान है कि वह घटते-घटते अब साठ और पैंसठ फीसद के बीच आ गई है। रिकॉर्ड पर ग्रामीण आबादी का इतना बड़ा हिस्सा भले ही गांवों में बसता हो, लेकिन हकीकत यह है कि इसमें एक बड़ा हिस्सा शहरों में रोजी-रोटी और शिक्षा के लिए कभी शौकिया तो कभी मजबूरीवश रहने को मजबूर है। इसलिए रिकॉर्ड की तुलना में वास्तविक ग्रामीण आबादी अब और भी कम हो चुकी है। घरेलू खर्च के इस नए आंकड़े को देखते वक्त हमें इस संदर्भ पर भी ध्यान देना होगा। बहरहाल हमें यह भी ध्यान देना होगा कि ग्रामीण इलाकों में खाद्यान्न विशेषकर गेहूं और चावल पर खर्च में निजी या पारिवारिक खर्च में कमी आई है। इसकी वजह यह है कि सरकार की ओर से तमाम तरह की योजनाएं और सामाजिक कल्याण कार्यक्रम चल रहे हैं।

मुफ्त खाद्यान्न योजना समेत कई अन्य सामाजिक कल्याण कार्यक्रमों के जरिये मुफ्त में मिल रही चीजों की कीमतों को ध्यान में रखें तो घरेलू खर्च के ये आंकड़े ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के लिए क्रमशः 4,247 रुपये और 7,078 रुपये हो जाते हैं। मौजूदा कीमतों के संदर्भ में देखें तो शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में प्रति व्यक्ति खर्च पर औसत आठ और नौ प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। साल 2011-12 में शहरी और खपत खर्च के बीच 84 प्रतिशत का अंतर था, जो 2022-23 में घटकर 71 प्रतिशत हो गया। जो अब 70 फीसद ही रह गया है। इन आंकड़ों से ग्रामीण इलाकों में बढ़ती खुशहाली की तसवीर सामने आती है। दिलचस्प यह है कि इस आंकड़े में खाने-पीने के अलावा की चीजों पर शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में यह खर्च 60 और 53 प्रतिशत रहा। इसका मतलब साफ है कि अब ग्रामीण इलाकों में भी वाहन, कपड़े, बिस्तर, जूते, मनोरंजन एवं टिकाऊ आदि सामानों पर खर्च बढ़ा है।

# राशिफल



**मेषः-** बुद्धिमत्ता व परिश्रम का मिला-जुला संजोग का भरपूर लाभ उठाएंगे। आर्थिक क्षेत्र में लाभ के अवसर प्राप्त होंगे। सफ्लताएं आंतरिक क्षमताओं का एहसास कराएंगी।

**बृषभः-** हर घटना से आपको सीख लेने की जरूरत है। नये क्षेत्र में निवेश से पूर्व बुद्धिजीवियो से विचार-विमर्श करें। भविष्य के प्रति निराशाजनक विचारों को मन पर हावी न होने दें।

**मिथुनः-** निकट संबंधों में मधुर संवाद से अपनी सुन्दर छबि बनावें। कुछ महत्वपूर्ण अभिलाषाओ की पूर्ति होने के आसार हैं। सामान्य दिनर्चया के साथ बीत रहे जीवन में उत्साह का अभाव रहेगा।

**कर्कः-** भविष्य के प्रति मन में चिंताएं उत्पन्न होंगी। किसी कार्य को छोटा-बड़ा समझने के बजाए अपने कर्त्तव्यों का ठीक डंग से निर्वहन् करें। वर्तमान कार्य से मन में असन्तुष्टि उत्पन्न होगी।

**सिंहः-** पारिवारिक दायित्वों की चिंता उत्पन्न होगी। स्वास्य के प्रति लापरवाही न बरतें एवं जीवन साथी के स्वास्य के प्रति ध्यान देवें। किसी बड़े आयोजन हेतु समुचित व्यवस्था के लिए मन प्रयत्नशील होगा।

**कन्याः-** छोटी-छोटी पारिवारिक बातों को बाहरी लोगों से न कहें। भावना से उद्वेलित मन सगे-संबंधियों के सुख-दुख के प्रति चिंतित होगा।

**तुलाः-** वक्त के साथ समझौता कर चलने की चेष्ठा करें। अपने कार्यक्षेत्र को ही अपनी पूजा समझे और अपने को उसी दिशा की ओर केंद्रित करें। रोजगार में अपनी क्षमता का पूर्ण लाभ उठाएंगे।

**वृश्चिकः-** जीवन में सही लक्ष्य व सुदृढ़ता को सुनिश्चित करें तभी जीवन में सही प्रगति कर सकते हैं। किसी पुराने संबंधी से बिशेष निकटता की अनुभूति करेंगे।

**धनुः-** किसी भी प्रयास में आर्थिक अभाव अवरोधक होगा। साहस व बुद्धिमत्ता से पुरानी समस्याओं पर बिजय प्राप्त कर सुख की अनुभूति करेंगे। विषम स्थितियों के मध्य परिश्रम व लगन से प्रगति की ओर अग्रसर होंगे।

**मकरः-** महत्वाकांक्षी अभिलाषाएं मन में असन्तुष्टि पैदा करेंगी। तामसिक विचारों को मन से दूर रखें। विपरीतलिंगी संबंधों के प्रति आकर्षण बढ़ेगा।

**कुंभः-** शासन-सत्ता में व्यस्तता बढ़ेगी। मन आर्थिक सुदृढ़ता हेतु चिंतित होगा। सामाजिक सक्रियता से मान-प्रतिष्ठा बढ़ेगी। राजनीति से जुड़े लोगों को ग्रहों की अनुकूलता का लाभ मिलेगा।

**मीनः-** कोई छोटी बात भी परिवार कें तनाव का कारण बन सकती है। महत्वपूर्ण प्रयत्न की सार्थकता नये उत्साह का संचार करेगी।

# अंतरिम सरकार के तहत बांग्लादेश में पाकिस्तान समर्थक लहर

**5 अगस्त 2024 को अवामी लीग (एएल) के खिलाफ तख्तापलट के बाद, अचानक, भारत दक्षिण एशिया में आधिकारिक बांग्लादेशी राजनीतिक आख्यान में नया बांग्लादेशी विरोधी खलनायक बनकर उभरा है। इसलिए यह आश्चर्य की बात नहीं है कि भारत और यहां तक कि गैर-निवासी भारतीय जिनका भारत सरकार से कोई संबंध नहीं है, बांग्लादेश को परेशान करने वाली कई प्रणालीगत समस्याओं के लिए आलोचना का शिकार हो रहे हैं। भारत विरोधी गुस्से के विस्फोट के लिए जो भी कारण हो, यूनुस के नेतृत्व वाले प्रशासन ने हाल ही में पाकिस्तान की शक्तिशाली खुफिया एजेंसी आईएसआई के प्रमुख की बांग्लादेश की विवादास्पद यात्रा को प्रायोजित किया, जिसकी प्रतिष्ठा बहुत अच्छी नहीं है।**

**आशीष विश्वास**

बांग्लादेश मेंअर्थशास्त्री मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व में अनिर्वाचित अंतरिम शासकों का एक समूह पाकिस्तान के साथ घनिष्ठ संबंध बनाने के लिए बेताब है। उस पाकिस्तान से जिससे उनका देश केवल पांच दशक पहले हिंसक तरीके से अलग हुआ था। अपने स्वयं के (तत्कालिक) इतिहास के एक अजीब उलटफेर में, बांग्लादेशियों ने दक्षिण एशिया में एक स्वतंत्र, सम्प्रभु देश के रूप में अस्तित्व में रहने और कार्य करने में स्पष्ट रूप से असमर्थता दिखाई है। तथ्यों पर गौर करें 1947 में बांग्लादेशियों को, पूर्व पाकिस्तानी होने के नाते, इस्लामी गणराज्य के पूर्वी हिस्से में गरीब, तीसरे दर्जे का नागरिक माना जाता था।

अपने शोषण से तंग आकर, उन्होंने 1970-71 में पाकिस्तान को पूरी तरह से खारिज करते हुए अलग होने का फैसला किया। बाद के दशकों में कभी-कभार तनाव के बावजूद, वे मोटे तौर पर भारत के साथ जुड़े रहे - कुछ महीने पहले तक। अपनी आजादी हासिल करने के लिए, उन्होंने क्रूर पाकिस्तानी सेना के खिलाफ संघर्ष करते हुए जान गंवाने के रूप में बहुत बड़ी कीमत चुकाई। अब अचानक, 2025 में, डॉ. मोहम्मद यूनुस और उनकी टीम के नेतृत्व में कुछ बांग्लादेशियों ने फैसला किया है कि एक बार फ़िर से, वे पाकिस्तानियों के साथ रहना बेहतर समझेंगे! 5 अगस्त 2024 को अवामी लीग (एएल) के खिलाफ तख्तापलट के बाद, अचानक, भारत दक्षिण एशिया में आधिकारिक बांग्लादेशी राजनीतिक आख्यान में नया बांग्लादेशी विरोधी खलनायक बनकर उभरा है। इसलिए यह आश्चर्य की बात नहीं है कि भारत और यहां तक कि गैर-निवासी भारतीय जिनका भारत सरकार से कोई संबंध नहीं है, बांग्लादेश को परेशान करने वाली कई प्रणालीगत समस्याओं के लिए आलोचना का शिकार हो रहे हैं। इनमें द्विपक्षीय सौदों में बड़े व्यापार अंतर से लेकर अंतरराष्ट्रीय नदियों का सूखना और यहां तक कि आईएमएफ और विश्व बैंक के साथ अपने व्यवहार में बांग्लादेश के खिलाफ दबाव शामिल हैं! भारत विरोधी गुस्से के विस्फोट के लिए जो भी कारण हो, यूनुस के नेतृत्व वाले प्रशासन ने हाल ही में पाकिस्तान की शक्तिशाली खुफिया एजेंसी आईएसआई के प्रमुख की बांग्लादेश की विवादास्पद यात्रा को प्रायोजित किया, जिसकी प्रतिष्ठा बहुत अच्छी नहीं है। भारत-बांग्लादेश संबंधों में मौजूदा ठंड को देखते हुए, अधिकांश ढाका-आधारित टिप्पणीकारोंध्विश्लेषकों ने ढाका द्वारा दिल्ली को भेजे जा रहे मजबूत, अमित्र संकेतों पर टिप्पणी की है। आईएसआई का यह दौरा ढाका में पहले ही बहुत धूमधाम से घोषित किये जा चुके कुछ अन्य कदमों के मद्देनजर हुआ है। बांग्लादेश का कार्यवाहक शासन पाकिस्तान में शाहबाज शरीफ के नेतृत्व वाली सरकार से दोस्ती करने की जल्दी में है। इसने पाकिस्तानी आगंतुकों के लिए वीजा नियमों में पहले ही ढील दे दी है और उर्दू के प्रचार के लिए बांग्लादेश में और अधिक पाठ्यक्रमों की व्यवस्था कर रहा है। सांस्कृतिक आदान-प्रदान और गठजोड़ को प्रोत्साहित किया जा रहा है। नयी पाठ्य पुस्तकें, जिनमें दिवंगत शेख मुजीबुर रहमान, ताजुद्दीन अहमद या यहां तक कि जियाउर रहमान द्वारा स्वतंत्रता आंदोलन में निभाई गई भूमिका को शामिल नहीं किया गया है, छात्रों के बीच वितरित की जा रही हैं। रिपोर्टों के अनुसार, स्वाभाविक रूप से बांग्लादेश के स्वतंत्रता संग्राम में भारत की सहायक भूमिका और योगदान, रहमान की अवामी लीग को उसका समर्थन, भारत-पाक युद्ध के दौरान कम से कम 10,000 भारतीय सैनिकों की शहादत को कम महत्व दिया गया है।

संक्षेप में, अपने उतार-चढ़ाव भरे अस्तित्व के पहले पांच दशकों के भीतर, बांग्लादेश को पूरी तरह से अघोषित श्अधिकारियोंश् के एक समूह द्वारा अपने स्वयं के बहुत ही संक्षिप्त इतिहास को फिर से लिखने- और यहां तक कि उसे गलत साबित करने- के लिए मजबूर किया गया है। ऐसा तो पूर्व जनरल इरशाद के कार्यकाल में भी नहीं हुआ था, जिन्होंने देश में आभासी सैन्य शासन का दौर चलाया था। विश्लेषकों को यह चिंताजनक लगता है कि बांग्लादेश के वर्तमान श्अधिकारीश् जो संवैधानिक रूप से किसी के प्रति उत्तरदायी नहीं हैं, अपने घरेलू कट्टरपंथी इस्लामवादी लॉबी को खुश करने के लिए अपने समकालीन इतिहास के सुप्रलेखित स्थापित तथ्यों को विकृत करने या दबाने से पीछे नहीं हटे हैं। यह जमाती समर्थक ताकतों का वह वर्ग है जो हमेशा पाकिस्तान के करीब रहा है, जो बांग्लादेश में उभरने वाले एक सख्त, शरीयत-प्रधान व्यवस्था के सपने संजोये हुए है। अगर भारत में प्रभावशाली वर्ग इस बात से परेशान हैं, तो यह बहुत बुरा है- उन्हें नये बांग्लादेश से निपटना होगा। यही अब तक यूनुस और उनकी टीम द्वारा ढाका से निकलने वाला व्यापक संदेश है। सच्चाई कुछ अलग है, और अप्रिय भी। अपने क्षेत्रीय पड़ोसियों भारत, पाकिस्तान, और चीन - से सम्बंध के मामले में वर्तमान बांग्लादेश सरकार का रवैया दक्षिण एशिया के अन्य देशों नेपाल या श्रीलंका से बिल्कुल भिन्न है। 5 अगस्त 2024 को अवामी लीग विरोधी तख्तापलट के बाद भारत के लिए दरवाजे बंद करने में, कुछ पर्यवेक्षकों के अनुसार, बांग्लादेश पहले ही बहुत आगे निकल चुका है।

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशकः** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी*) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। मो.नं. 7985738649, आरएनआई न . UPHIN/2013/55887

# जिलाधिकारी मृदुल चौधरी की अध्यक्षता में सीएम डैश बोर्ड की समीक्षा बैठक संपन्न

**महोबा, समृद्धि न्यूज़।**



जिलाधिकारी मृदुल चौधरी की अध्यक्षता में सीएम डेश बोर्ड की समीक्षा बैठक कलैक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई।

बैठक में जिलाधिकारी ने विभिन्न परियोजनाओं में प्रगति की जानकारी ली। इसी प्रकार ए श्रेणी, बी श्रेणी और सी व डी श्रेणी में शामिल परियोजनाओं की स्तिथि देखी। जिलाधिकारी ने उक्त प्रगति पर संतोष व्यक्त करते हुए निर्देशित किया कि सभी विभाग सुनिश्चित करें कि डाटा फीडिंग में कोई श्रुटि न हो अथवा कोई डेटा पोर्टल पर छूटने न पाए, जिससे जनपद की रैंकिंग पर विपरीत प्रभाव न पड़े। उन्होंने कहा कि जिन विभागों का डाटा अब तक पोर्टल पर फीड नहीं हुआ है सुनिश्चित करें कि निर्धारित समय तक डाटा फीडिंग का कार्य पूर्ण हो जाए। उन्होंने बीसीडी और ई ग्रेड बाली परियोजनाओं में सुधार हेतु संबंधित अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए और कहा कि विभिन्न योजनाओं में प्राप्त आवेदनो को लंबित न रखें और समय अंतर्गत निस्तारण करें। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी हरेंद्र कुमार सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ आशाराम सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

## पुलिस मुटभेड़ कर एक को किया गिरफ्तार

**घाटमपुर, समृद्ध न्यूज़।** सजेती पुलिस द्वारा संदिग्ध व्यक्ति/वाहनों की चेकिंग की जा रही थी कि बहद ग्राम बाबन के पास एक मोटर साइकिल से आते हुए एक व्यक्ति को रोकने का प्रयास किया गया कि उसने अपने असलहे से पुलिस बल पर फायर किया। आत्मरक्षार्थ पुलिस बल के द्वारा फायर किया गया जिससे उपरोक्त घायल हुआ है। मौके पर नियमानुसार कार्रवाई करते हुए घायल को तत्काल सीएचसी घाटमपुर रवाना किया गया। है घायल व्यक्ति का नाम अर्पित प्रजापति पुत्र शरद कुमार उम्र करीब 21 वर्ष निवासी ग्राम हमीरामऊ थाना सजेती है। उपरोक्त अभियुक्त के विरुद्ध लगभग आधा दर्जन मुकदमे पंजीकृत है। अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है। उक्त प्रकरण के संबंध में सहायक पुलिस आयुक्त घाटमपुर रजीत कुमार ने बताया की अर्पित को जेल भेज दिया गया है।

# आवास की मांग को लेकर महिलाओं ने सौंपा ज्ञापन

**मौदहा हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**



प्रधानमंत्री की महत्वाकांक्षी योजना प्रधानमंत्री आवास योजना और स्वच्छ भारत अभियान के तहत हर घर शौचालय देश में प्रमुखता से चलाई जा रही हैं लेकिन महिलाओं ने दोनों बुनियादी सुविधाओं का लाभ नहीं मिलने से नाराज होकर तहसील में प्रदर्शन कर उपजिलाधिकारी को सम्बोधित करते हुए तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा जिसमें जांच के बाद उन्हें योजना का लाभ दिलाने की मांग की।

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम परछा निवासी तबस्सुम बानो के नेतृत्व में लगभग एक दर्जन महिलाओं ने तहसील पहुंच कर उपजिलाधिकारी को सम्बोधित करते हुए एक ज्ञापन तहसीलदार को सौंपा जिसमें प्रधानमंत्री आवास योजना और शौचालय का लाभ नहीं मिलने की बात कही साथ ही महिलाओं ने बताया कि उनके कच्चे मकान बने हुए हैं जिसकी जांच के बाद उन्हें योजना का लाभ दिलाया जाए।यहां सबसे दिलचस्प बात यह है कि जिले को ओडीएफ घोषित करने वाले अधिकारियों की कार्यवाही पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। इस दौरान रानी देवी, जीनत, इमराना बानो, मनिया, शामीना बानो अनुसुइया सहित अन्य महिला मौजूद रहीं।

## खबरें एक नजर में

### मारपीट करने, सिर के बाल काट देने की रिपोर्ट दर्ज

**कुरारा,हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।** थाना क्षेत्र उमराहट गांव निवासी ग्रामीण ने घर में घुसकर पुत्री के साथ मारपीट कर उसके सिर के बाल काट देने व दोनो हाथ में ब्लेड की धार से जख्म कर देने की तहरीर थाने में दो युवकों के खिलाफ थाने में दी है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। क्षेत्र के उमराहट गांव निवासी बीर सिंह पुत्र रघुवीर ने थाने में तहरीर देकर बताया कि बीती रात गांव निवासी नत्थू पुत्र राम गुलाम व मनोज पुत्र रामवतार मेरे घर में घुसकर मेरी पुत्री के हाथ पैर बांधकर बंधक बनाकर मुंह में पन्नी डालकर मुंह बंद कर दिया ।तथा दोनोहाथ में ब्लेड की धार से काट दिया तथा सिरके बाल काट दिए। तथा नत्थू ने धमकी दी कि अभी इतना किया आगे चलकर तुम्हे जान से मार देंगे तथा तुम्हारी शादी 15 फरवरी को है। शादी नही होने देंगे तथा धमकी देकर मौके से भाग निकले। शोर सुनकर मेरी पत्नी उर्मिला जागी तो उसने लड़की के बंधन खोले तथा सुबह थाने में आकर थाने में तहरीर दी है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने दोनो के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

### भूमाफियाओं ने पालिका के चुंगी भवन को जेसीबी से किया ध्वस्त

**कालपी (जालौन)।** नगर में सरकारी इमारतों पर कब्जा और तोड़फोड़ का सिलसिला जारी है। अब भूमाफियाओं ने नगर पालिका परिषद के चुंगी भवन को जेसीबी चलाकर खत्म कर दिया है। वैसे तो नगर में सरकारी जमीनों और इमारतों का सिलसिला कोई नया नही है बल्कि अर्से से जारी है जिसकी वजह से नगर सीमा में स्थित सरकारी जमीनों पर इमारते खड़ी हो गई है तो नगर में कई सरकारी भवनों पर कब्जे है और विगत कुछ माह पहले भूमाफियाओं ने दमदमा स्थित पुरातन इमारत काली हवेली में भी तोड़फोड़ की थी और काफी हल्ला मचने के बाद नगर पालिका परिषद ने तोड़फोड़ करने वालों के खिलाफमुकदमा दर्ज कराया था हालांकि यह मामला अभी भी ठंडे बस्ते मे है लेकिन भूमाफियाओं ने मंगलवार सुबह कर्बला रोड स्थित नगर पालिका परिषद के चुंगी भवन को जेसीबी से ध्वस्त कर दिया है लेकिन पालिका प्रशासन को मामले की भनक तक नहीं लग सकी थी लेकिन चुंगी में तोड़फोड़ का वीडियो वायरल हुआ तो पालिका प्रशासन ने मामले का संज्ञान लिया है। ईओ अवनीश कुमार शुक्ला के मुताबिक जिसने भी पालिका की चुंगी तोड़ी है उसके खिलाफमुकदमा दर्ज कराया जाएगा।

### कुछ चुंगी भवनों पर अवैध कब्जे तो कुछ हो गए नेस्तनाबूद

**कालपी।** विदित हो कि सपा संस्थापक मुलायम सिंह यादव ने 90 के दशक में प्रदेश से चुंगी बसूली खत्म कर दी थी तभी से नगर की सीमा पर बने आधा दर्जन से अधिक चुंगी भवन निष्प्रयोज्य हो गये थे और पालिका प्रशासन ने उन्हें लगभग भुला दिया है जिससे राजघाट स्थित चुंगी भवन को क्षेत्र के दबंग किराए पर उठाए है तो एक कर्बला रोड पर खण्डहर के रूप में खड़ा था जो मंगलवार को जमींदोज हो गया है इसके अलावा बाकी भवनों का कोई वजूद इस समय नहीं दिख रहा है। जानकारों की माने तो जहां बस्ती है वहां पर लोगों ने उन्हें अपने घरों में मिला लिया है। जिनका रिकार्ड पालिका परिषद के जिम्मेदारों के पास भी नहीं है।

### समाज कल्याण द्वारा संचालित छात्रावास में सुविधाओं का अभाव

**कालपी (जालौन)।** समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित छात्रावास की व्यवस्थाएं ठीक नहीं है। छात्र काफी दिनों से अनियमित जलापूर्ति से परेशान है। मंगलवार को उन्होंने मामले की शिकायत एसडीएम से की है। नगर के मुहल्ला टरननगंज स्थित नुमाईश मैदान में समाज कल्याण विभाग का छात्रावास है जिसमें अनुसूचित जाति व जनजाति के छात्रों के रहने की मुफ्त व्यवस्था है जहां पर उन्हें बिजली और पानी की आपूर्ति भी विभाग द्वारा की जाती है लेकिन उचित प्रबंधन न होने से यहा पर रह रहे छात्र परेशान है उन्हें महीनों से समय से पानी नही मिल रहा है जिससे वह न तो समय से विद्यालय जा पाते हैं न ही कोचिंग कर पा रहे हैं। समस्या से परेशान छात्र रविन्द्र कुमार, अनुराग, छत्रपाल, अभिषेक, सर्वेश, मुनीश, सौरभ आदि ने मंगलवार को एसडीएम सुशील कुमार सिंह व तहसीलदार अभिनव तिवारी को ज्ञापन सौंपा है जिसमें व्यवस्थाएं दुरुस्त कराने की अपील की गयी है। उनके मुताबिक छात्रावास के इंचार्ज महीनों में आते हैं जिससे वहां पर अव्यवस्था फैली है जलापूर्ति के लिए टंकी व पाईप लाईन क्षतिग्रस्त है जिससे हैंडपम्प से काम चल रहा था लेकिन अब वह भी खराब है जिससे उनका शिक्षण कार्य प्रभावित हो रहा है। वही छात्रावास के प्रभारी अभिषेक त्रिवेदी के मुताबिक हैंडपम्प खराब होने की जानकारी मिली थी जिसको दुरुस्त किया जा रहा।

### एकीकृत पेंशन योजना, शिक्षक-कर्मचारियों के हित में नहीं: राकेश

**कदौरा (जालौन)।** नेशनल मूवमेन्ट फार ओल्ड पेंशन स्कीम, अटेवा के आवाह्न पर कदौरा ब्लाक में कार्यरत शिक्षकों ने प्राथमिक विद्यालय कदौरा में एकत्र होकर एकीकृत पेंशन योजना ( यू.पी.एस.) के विरोध में भारत सरकार द्वारा जारी गजट का प्रतीकात्मक विरोध किया। शिक्षकों का कहना है कि एकीकृत पेंशन योजना से केवल पूजीपतियों को फायदा देने की योजना बनाई गई, जो शिक्षक और कर्मचारी के हित में नही है। एकीकृत पेंशन योजना शिक्षक और कर्मचारियों का नुकसान नही करता बल्कि देश के लिए भी घातक है। गजट के प्राविधानों के अनुसार कर्मचारी, शिक्षक यदि एक बार एकीकृत पेंशन योजना को स्वीकार कर लेता है तो भविष्य में किसी दूसरी योजना की मांग नही कर सकता है,जो अन्याय है। सरकार जहां पुरानी पेंशन में 20 वर्ष की सेवा में कर्मचारी को बिना किसी अंशदान के पेंशन देती थी। वही एकीकृत पेंशन योजना में 25 वर्ष की सेवा में कर्मचारी से अंशदान लेकर पेंशन देने का प्राविधान दिया गया है, जो स्वीकार नही है। गजट की प्रतीकात्मक विरोध कर रहे शिक्षकों की मांग हूबहू पुरानी पेंशन की है। शिक्षक राकेश कुमार ने बताया कि जब सरकार एकीकृत पेंशन को कर्मचारियों और शिक्षकों के हितों वाला मान रही है, तो देश के माननीयों को एकीकृत पेंशन को स्वीकार करना चाहिए। एक देश एक पेंशन का नियम सभी पर लागू हो। प्रतीकात्मक विरोध में परमानंद, आशीष कुमार, शिवेन्द्र श्रीवास्तव, संध्या बेलदार, अतुल कुमार, अभिलाषा सहित अन्य शिक्षक मौजूद रहे।

## विवाहिता ने जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या की कोशिश, भर्ती

**मौदहा हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**

क्षेत्र की एक विवाहिता ने जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या की कोशिश तबीयत बिगड़ने पर परिजनों ने आनन-फानन कस्बे के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया जहां उसका इलाज जारी है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के तिंदुही गांव निवासी सुप्रिया 22 वर्ष पत्नी आनंद अज्ञात कारणो से घर में रखा मच्छर भागने वाली दवा ऑल आउट को गुस्से में आकर पी लिया हालत बिगड़ने पर विवाहित को आनंन-फानन परिजनों ने कस्बे के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया खबर लिखे जाने तक विवाहिता का इलाज जारी है।

# ई ग्राम स्वराज, पीएफएमएस पोर्टल विषय पर प्रधानों को दिया प्रशिक्षण

**कुरारा, हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**

उच्च न्यायालय के आदेश के क्रम में मंगलवार ब्लाक कार्यालय में ग्राम प्रधानों को प्रशिक्षण दिया गया। उच्च न्यायालय के आदेश के अनुसार ईग्राम स्वराज एवं पीएफएमएस पोर्टल विषय पर ग्राम प्रधानों को एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया है।

यह प्रशिक्षण चित्रकूट धाम मंडल बांदा के उप निदेशक पंचायत के दिशा निर्देशन में दिया गया। प्रशिक्षण का शुभारंभ ब्लॉक प्रमुख आशीष पालीवाल व जिला पंचायत राज अधिकारी जितेंद्र कुमार मिश्रा हमीरपुर, सहायक विकास अधिकारी कुरारा पंचायत एवं प्रधानों के द्वारा संयुक्त रूप से मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलित एवं माल्यार्पण कर किया गया। प्रशिक्षण वरिष्ठ फैकेल्टी प्राची गुप्ता महोबा, डीपीएम हमीरपुर



एवं प्रशिक्षक राम प्रकाश दीक्षित, गरिमा ने दिया। ग्राम प्रधानों उप्र पंचायती राज अधिनियम 1947 की धारा 15 के अनुसार ग्राम पंचायत के कार्य करने, उप्र पंचायती राज अधिनियम 1947 की धारा 95 महिला प्रधानों को उनके अधिकारों और कर्तव्यों के संबंध में दिया गया जिसमें जानकारी प्रधान को पद से हटाए जाने, ग्राम प्रधान को स्वयं के आयकर रिटर्न दाखिल करने की जानकारी, महिला ग्राम प्रधान को उनके अधिकारों और कर्तव्यों के संबंध में जानकारी एवं उनमें नेतृत्व क्षमता एवं संचार कौशल के विकास के सम्बंध में जानकारी प्रदान की गई। स्थानीय विकास लक्ष्य एवं मेरी पंचायत व पंचायत निर्णय एप तथा पंचायत एवार्ड पर प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण में ग्राम प्रधान मौजूद रहे।

## कार और गैस वाहन की टक्कर, तीन घायल




**सुमेरपुर, हमीरपुर।** मंगलवार को सुबह करीब 11 बजे कानपुर की ओर जा रही तेज रफ्तार कार हाईवे में खड़े गैस वाहन से टकरा गई। इस घटना में कार चालक व एक महिला के अलावा गैस सिलेंडर ले रहा एक ग्राहक घायल हो गया। कार में जिला जज लिखा है। बताते हैं कि कार में एक महिला भी सवार थी उसे भी चोटें लगी हैं। घटना के बाद चालक कार मौके पर छोड़कर महिला के साथ चला गया। गैस सिलेंडर ले रहे अंधेड़ को इलाज के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। मंगलवार को जिला जज लिखी एक निजी कार सुबह 11 बजे के करीब कानपुर की तरफ जा रही थी। कस्बे में शिवानी पैलेस के समीप भारत गैस का वाहन खड़ा था। तेज रफ्तार कार गैस वाहन में पीछे से टकरा गई। इस घटना के बाद कार के एयरबैग खुल गए। घटना में कार चालक के साथ गैस सिलेंडर ले रहे कस्बा निवासी जगदीश श्रीवास्तव 65 वर्ष घायल हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार कार में चालक के अलावा एक महिला भी सवार थी। उसे भी चोटें लगी हैं। घटना के बाद कार चालक महिला के साथ मौके पर कार को छोड़कर चला गया। जगदीश श्रीवास्तव को इलाज के लिए कस्बे के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। उपचार के बाद उसकी हालत में सुधार होने के बाद घर भेज दिया गया। कार कहां के जिला जज की है यह पता नहीं चल सका है। कार सवार घायलों को ढूंढने के लिए थानाध्यक्ष अनूप सिंह भी परेशान रहे।

# दीवार गिरने से मजदूर घायल

**मौदहा हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**

सरकारी स्कूल की दीवाल गिराते समय आधा दर्जन मजदूर दीवाल गिरने से घायल हो गए लहूलुहान हालत में ठेकेदार ने आनंन फानन जिला अस्पताल उपचार हेतु लेकर गए जहां उपचार के उपरांत सभी मजदूरों की छुट्टी कर दी गई।

जानकारी के अनुसार विकासखंड के प्राथमिक विद्यालय डेरा बैजेमऊ की बिल्डिंग जर्जर हो जाने पर समिति के द्वारा निलाम कर दी गई ठेकेदार अरविंद ने मजदूरों की मदद से दिवाल गिरवाया जा रहा था लेकिन अचानक दीवाल मजदूरों के ऊपर गिर जाने से आधा दर्जन मजदूर दीवाल में दब घायल हो गए जिन में दो मजदूरों की मामूली चोटे आने पर स्थानीय चिकित्सकों की मदद से मलहम पट्टी



कर दी गई और चार मजदूर की छोटे अधिक होने पर ठेकेदार अरविंद ने आनंन आनंन जिला अस्पताल लेकर गए और मजदूर बुद्ध राम 32 वर्ष, बलराम 34 वर्ष, हिमांशु, रंजीत सभी मजदूर एक दूसरे के रिश्तेदार जीजा साले भाई भतीज है सीतापुर निवासी हैं उपचार के उपरांत चिकित्सकों ने हल्की छोटे आने पर छुट्टी कर दी है। मजदूर बलराम ने बताया कि छह लोग स्कूल की दीवार गिरने का काम कर रहे थे अचानक दीवाल गिर जाने से जीजा साले भतीजे और भाई के कुछ ज्यादा छोटे आई थी जिनका इलाज होने के बाद छुट्टी कर दी गई और दो मजदूर की हल्की चोटे आने पर स्थानीय डॉक्टरों द्वारा मलहम पट्टी करवा दी गई। वहीं खंड विकास अधिकारी रामगोपाल वर्मा ने बताया विद्यालय की बिल्डिंग जीर्ण क्षीण होने पर नियमानुसार समिति के द्वारा निलाम कर दी गई थी जो किसी ठेकेदार ने ठेका लेकर काम शुरू किया गया है शिक्षा विभाग से इसका कोई लेना देना नहीं है।

## विवेक बने जिला कृषि अधिकारी

**इचौली( हमीरपुर ), समृद्धि न्यूज़।**



मौदहा विकास खण्ड के ग्राम टिकरी बुजुर्ग निवासी किसान जगदीश सिंह बेटे विवेक सिंह ने अपने पहले ही प्रयास में बिहार लोक सेवा आयोग की परीक्षा पास कर कृषि पदाधिकारी बना हैं विवेक सिंह को संयुक्त परीक्षा में 42 रैंक मिली है बेटे की सफलता से परिवार बहुत खुश है। जगदीश सिंह ने बताया कि मेरे दो बेटे व एक बेटी है बेटी की शादी कर दी थीं माली हालत ठीक नहीं थीं लेकिन छोटा बेटा पढ़ाई में रूचि रखता था इसलिए मैंने बेटे की पढ़ाई के लिए अपना खेत बेच दिया था द्य खेत बेचने के बाद बेटा खर्च के लिए पैसे नहीं मांगता था। मुझे जानकारी मिलीं कि विवेक कोचिंग पढ़ा कर अपना खर्च चला रहा है। वही विवेक सिंह ने बताया कि मैने नेशनल इण्टर कालेज मौदहा से इण्टर मीडियट परीक्षा पास कर बाँदा चला गया जहां बाँदा कृषि विश्विद्यालय से बीएससी व एम एमएससी की और इसके बाद कानपुर जाकर पढ़ाई व कोचिंग कर अपना खर्च चलाया और तैयारी भी की द्य बेटे के चयन की जानकारी होने पर गाँव के लोगों ने विवेक को फूल माला पहनाकर बधाई दी।

## पुलिस अधीक्षक ने पुलिस कार्यालय महोबा में की जनसुनवाई

**महोबा, समृद्धि न्यूज़।**



पुलिस अधीक्षक महोबा पलाश बंसल द्वारा जनपदवासियों को उनकी समस्याओं के निस्तारण व उनको त्वरित न्याय दिलाये जाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक कार्यालय महोबा में जनसुनवाई की गयी।

पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा जनसुनवाई को अधिक प्रभावी एवं पारदर्शी बनाते हुये पीड़ितों से एक-एक करके उनकी समस्याओं को गम्भीरता पूर्वक सुना गया है। जनसुनवाई के दौरान जो भी फरियादी अपनी शिकायत/समस्याओं के समाधान की उम्मीद के साथ पुलिस अधीक्षक महोबा के समक्ष आये थे उन सभी की समस्याओं को सुनकर उनका गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किये/कराये जाने का आश्वासन दिया गया। पुलिस अधीक्षक द्वारा प्राप्त हुई शिकायत के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किये जाने हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं।

# जैतपुर दंगल में पहलवानों ने दिखाए दांव-पेंच, दर्शक रोमांचित

**बेलाताल,महोबा, समृद्धि न्यूज़।**

जैतपुर में ऐतिहासिक मकर संक्रांति मेला के समापन अवसर पर दो दिवसीय दंगल का आयोजन किया गया। दंगल का शुभारंभ खंड शिक्षा अधिकारी अंकित सिंह व ग्राम प्रधान छोटेलाल व पूर्व प्रधान प्रतिनिधि मौला बख्श के द्वारा किया गया।

पहली कुश्ती का प्रारंभ ग्राम प्रधान प्रतिनिधि जगत सिंह, ग्राम प्रधान बड़खेरा, नीतू सिंह राजपूत, प्रेमचंद मेला अध्यक्ष कामता कुशवाहा व रहीम वक्स ने दोनों पहलवानों का हाथ मिलवा कर करवाया। पहले दिन दूर दराज से आए महिला पुरुष पहलवानों ने अपना दम खम दिखाया। पहली कुश्ती रवि राजस्थान और अयोध्या के बाबा के बीच हुई जिसमें अयोध्या के बाबा ने बाजी मारी। दूसरी कुश्ती राहुल आगरा और रवि राजस्थान पहलवान की बीच हुई रवि ने जबजस्त पटकनी देकर दर्शकों का दिल जीत लिया इसके बाद दिल्ली से आये भूपेंद्र ने बाजी मारी फिरोजाबाद से रवि



एटा से चंचल ने जीत हासिल की पहले दिन कुल 12 कुश्ती हुई जिसमें दो कुश्ती बराबरी पर रही महिला पहलवान में पूनम हरियाणा और अंशु गाजियाबाद की कुश्ती भी बराबरी पर छूटी महिला कुश्ती आकर्षण का केंद्र रही।

दंगल देखने के लिए जैतपुर सहित आसपास क्षेत्र के हजारों लोग मौजूद रहे। मेला अध्यक्ष कामता कुशवाहा ने बताया कि जैतपुर मेला महोत्सव में दो दिवसीय कुश्ती दंगल का आयोजन किया गया है दंगल के दूसरे दिन पंद्रह दिवसीय मेले का समापन हो जायेगा। इस मौके पर सुधांश दीक्षित , डॉ सतीश राजपूत, रामशरण व्यास, रामस्वरूप श्रीवास, धीरेंद्र यादव, रणविजय सिंह राजपूत, तनवीर खान सहित क्षेत्र के ग्रामीण मौजूद रहे।

## श्रीराम कृष्ण परास्नातक महाविद्यालय में छात्र-छात्राओं को बांटें गए मोबाइल व टैबलेट

**कुरारा, हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।** स्थानीय श्री राम कृष्ण परा स्नातक महाविद्यालय में छात्र छात्राओं को मोबाइल व टैबलेट का वितरण किया गया। उक्त अवसर पर महाविद्यालय के प्रबंधक पीयूष श्रीवास्तव ने कहा कि मोबाइल व टैबलेट से छात्रों को पढ़ाई में मदद मिलेगी। सरंक्षक कृष्ण शरण श्रीवास्तव ने मोबाइल वितरण करते हुए छात्र छात्राओं को आगे बढ़ने व विषय के अध्यन करने में सहयता मिलेगी। उप प्राचार्य अरविंद श्रीवास्तव ने छात्र छात्राओं के आनलाइन पढ़ाई करने में इसका उपयोग कर आगे बढ़े। उक्त अवसर पर 96 मोबाइल व 13 टैबलेट का वितरण किया गया। इस अवसर पर डा अमित दीक्षित, बीरेंद्र सिंह, डा उपासना मिश्रा, महेश तिवारी, सहित समस्त स्टॉफ मौजूद रहा।

# बार एसो. के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को दिलाई गई पद और निष्ठा की शपथ

**चरखारी (महोबा), समृद्धि न्यूज़।**

चरखारी तहसील सभागार में बार एसोसिएशन के नव निर्वाचित अध्यक्ष एवं महामंत्री व सदस्य गणों का शपथ ग्रहण समारोह संपन्न हुआ जिसमें मुख्य अतिथि अंकज मिश्रा बार कार्उसिल सदस्य प्रयागराज एवं प्रकाश पाल क्षेत्रीय अध्यक्ष भाजपा कानपुर क्षेत्र रहे ।

नव निर्वाचित अध्यक्ष कालीचरण दीक्षित एवं उज्वल पाल महामंत्री के साथ सभी सदस्यों ने शपथ ली सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को अंकज मिश्रा ने शपथ दिलवाई। इस के बाद श्री मिश्रा ने कहा कि सभी लोग शासन के निर्देशानुसार काम करेंगे कोई भी कार्य शासन की



गाइडलाइन से हटकर नहीं किया जाएगा । मुख्य अतिथियों ने बार के निर्वाचित पदाधिकारियों से कहा कि कोई भी पीड़ित व्यक्ति या एडवोकेट को परेशानी हो तो उनका सहयोग करें इस मौके पर भाजपा के महेन्द्र गुरुदेव, एल्डर कमेटी के चेयरमैन श्याम बिहारी त्रिपाठी, निर्वतमान अध्यक्ष एडवोकेट वीरपाल सिंह राजपूत, रामबाबू गुरुदेव, अखंड भारत, महेन्द्र यादव, प्रमोद चौबे, राहुल मिश्रा, अश्वनी द्विवेदी यूनुस खान साहित समस्त एडवोकेट व भाजपा के पदाधिकारीयों की मौजूदगी रही।

# तहसील स्तरीय राष्ट्रीय कृमि टास्क फोर्स की बैठक

**पेट के कीड़ों से छुटकारा, सेहतमंद भविष्य हमारा: डॉ. पीके सिंह राजपूत**

**चरखारी (महोबा), समृद्धि न्यूज़।**

एसडीएम चरखारी डाक्टर प्रदीप कुमार की अध्यक्षता में तहसील स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक हुई जिसमें 10 फरवरी 2025 राष्ट्रीय कृमि अभियान को सफल बनाने के लिए सम्बंधित बिंदुओं पर आंगनबाड़ी एवं परिषदीय विभाग को निर्देश दिए गए। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चरखारी के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. पीके सिंह राजपूत ने कहा कि 10 एवं 14 फरवरी 2025 को राष्ट्रीय कृमि



अभियान चलाया जाएगा। जिसमें घर-घर व स्कूल एवं आंगनवाड़ी केंद्र में कीड़े की दवा खिलाई जायेंगी। जिसमें सेहतमंद के लिए पेट के कीड़े मुक्त करना है जिसमें राष्ट्रीय कृमि मुक्ति अभियान चलाया जाएगा। इस मौके पर एडीओ पंचायत राकेश त्रिपाठी, खण्ड शिक्षा अधिकारी प्रवेश वाजपेई, यूनीसेफ वीरेंद्र कुमार, आंगनवाड़ी सुपरवाईजर आदि मौजूद रहे।

# मुलायम सिंह पर अमर्यादित टिप्पणी से सपाइयों में आक्रोश

**हैदरगढ़ बाराबंकी,समृद्धि न्यूज़।**



भारत के पूर्व रक्षा मंत्री एवं पूर्व मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश एवं समाजवादी पार्टी के संस्थापक मुलायम सिंह यादव के विरुद्ध अमर्यादित टिप्पणी से हैदरगढ़ के समाजवादी कार्यकर्ताओं में जबरदस्त आक्रोश है। आक्रोशित कार्यकर्ताओं ने आज पुलिस उपाधीक्षक के माध्यम से महामहिम राज्यपाल को ज्ञापन भेज कर अभद्र टिप्पणी करने वाले हनुमानगढ़ी अयोध्या के महंत राजू दास के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराए जाने की गुहार लगाई है।

पार्टी संस्थापक के अपमान से आक्रोशित समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता नेता बड़ी संख्या में पूर्व सांसद रामसागर रावत के नेतृत्व में कस्बा हैदरगढ़ के सुबेहा तिराहे पर हरेराम सिंह यादव के आवास पर एकत्रित हुए और जुलूस निकालकर महंत राजू दास के खिलाफ नारेबाजी करते हुए सीओ कार्यालय पर पहुंचे और ज्ञापन देकर हनुमानगढ़ी के महंत के खिलाफ सुसंगत धाराओ में मुकदमा पंजीकृत करके जेल भेजे जाने एवं उक्त महंत के पूर्व में किए गए कृत्यो की जांच करते हुए उनके आपराधिक इतिहास की पोल खोल जाने और कार्यवाही किए जाने की मांग की गई। पूर्व सांसद राम सागर रावत ने कहा की महंत राजू दास द्वारा पार्टी संस्थापक के खिलाफ कहे गए अशोभनीय शब्दों से पूरी समाजवादी पार्टी को गहरा दुख हुआ है और पार्टी कार्यकर्ताओं में आक्रोश है इसलिए तत्काल महंत के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज करके उन्हें जेल भेजा जाना चाहिए। समाजवादी पार्टी के विधानसभा अध्यक्ष परशुराम यादव, युवा सपा नेता पप्पू सिद्दीकी,हरिराम यादव, केसर बक्स यादव, पूर्व सभासद अय्यूब खान, सभासद शब्बीर पहाड़ी, रामफेर पाल, विश्राम पासी, बाबूलाल, राजेश यादव, रघुराज यादव, श्री कृष्ण वर्मा, छेदालाल वर्मा, आनंद रावत, रमेश चंद्र यादव, मीना यादव, रामरूप रावत सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल रहे।

## बिना वजह मारपीट करने का लगाया आरोप

**जैदपुर, बाराबंकी।** बिना किसी बात के फर्जी गालियां देने के साथ लात घूंसों से मारपीट का आरोप पीड़िता ने लगाते हुए शिकायत की है। जिसपर जैदपुर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है।जानकारी के मुताबिक शिवराजा पत्नी स्व रामसरन रावत ग्राम मोतीलाल पुरवा थाना जैदपुर ने जैदपुर थाने मे शिकायती पत्र देते हुए बताया कि 27 जनवरी को समय लगभग शाम 4.30 बजे गाँव के ही रामलेश चौहान पुत्र रामगुलाम,दीपक पुत्र अवधराम, पवन पुत्र अवधराम, आरती देवी पत्नी अवधराम ने फर्जी मे प्रार्थिनी व प्रार्थिनी की लड़की पुष्पा देवी को गन्दी गन्दी जाति सूचक गालिया दी। व लात-घूसों-डंडो से मारा पीटा है। तथा जान से मारने की धमकी दी है। उक्त मामले मे जैदपुर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

# चीनी मिल ने गोष्ठी कर किसानों को दी जानकारी

**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।**



गन्ना क्रय केंद्र बदोसराय पर बलराम पुर चीनी मिल्स इकाई रौजा गांव के द्वारा गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि हरदयाल सिंह उप महाप्रबंधक गन्ना ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि बसंत कालीन गन्ना बुवाई समय से सभी किसानों को करनी चाहिए। जिससे अच्छी पैदावार हो सके उन्होंने ने कहा कि किसानों को दूसरी पेड़ी रखने के लिए मुख्य गन्ना प्रजाति 15023, व14201 एवं 0118 और 13235 सहित अन्य मील द्वारा उपलब्ध बीज पर अनुदान व किराया किसानों को उपलब्ध कराया जाएगा। वही अमित कुमार सिंह संभागीय अधिकारी ने किसानों को गन्ने में लगने वाले कीट एवं बीमारियों के बारे में विस्तार से जानकारी दिया। इंद्रजीत यादव एसीएम ने क्षेत्र के किसानों की समस्याओं को सुना और जल्द ही उनके समाधान का आश्वासन दिया। इस मौके पर मोहन यादव, अनूप तिवारी, प्रशांत कुमार फील्ड सुपरवाइजर सहित किसान त्रिभुवन यादव ,दिलीप कुमार ,सतेंद्र सिंह, प्रत्युष कुमार, बलराम यादव, रिंकू ,रविन्द्र अवस्थी, कमलेश कुमार ,सहित सैकड़ों किसान गोष्ठी में मौजूद रहे।

# अधिवक्ता हत्याकांड से आक्रोशित वकीलों ने किया प्रदर्शन



**सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी समृद्धि न्यूज।**

बस्ती जनपद में अधिवक्ता हत्या कांड से आक्रोशित वकीलों ने प्रदर्शन करते जमकर पुलिस विरोधी नारे लगाए। इसके बाद सभी ने बार एसोसिएशन अध्यक्ष की अगुवाई में एसडीएम चैम्बर के सामने पहुंच कर ज्वाइंट मजिस्ट्रेट काव्या सी को मुख्यमंत्री को सम्बोधित चार सूत्रीय ज्ञापन सौंपा। मंगलवार को तहसील सिरौलीगौसपुर गौसपुर के अधिवक्ता बस्ती जनपद के अधिवक्ता चन्द्र शेखर यादव की हत्या से आक्रोशित हो गए और विरोध प्रदर्शन पर उतर आए। तहसील के दर्जनों वकील बार एसोसिएशन सिरौलीगौसपुर के अध्यक्ष शिवबरदान सिंह की अगुवाई में तहसील गेट जाम कर गेट के सामने सिरौली उधौली मार्ग पर प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान पुलिस मुर्दाबाद के नारे लगाते हुए वकील अधिवक्ता प्रोटेक्शन एक्ट लागू करने की मांग कर रहे थे। करीब आधे घंटे तक गेट पर प्रदर्शन करने के बाद सभी एसडीएम चैम्बर के सामने पहुंच कर नारे बाजी शुरू कर दी। कुछ देर बाद ज्वाइंट मजिस्ट्रेट काव्या सी ने वकीलों के बीच पहुंच कर ज्ञापन लिया। इसके बाद एक ज्ञापन ग्राम न्यायालय के जज को भी सौंपा गया। इसके बाद सभी अधिवक्ता शांत हुए। प्रदर्शन में महामंत्री दीपक कुमार सिंह बाबा, पूर्व अध्यक्ष रामप्रसाद वर्मा, विनोद कुमार सिंह, काशीप्रसाद द्विवेदी, श्रवण सिंह, संजय सिंह,तेजबहादुर सिंह, आशुतोष त्रिपाठी, अतुल सिंह, राना सिंह,अखिलेश वर्मा, पुत्तीलाल, ब्रजेश कुमार, लवकेश रावत, सहित तमाम अधिवक्ता मौजूद रहे।



## विधायक से सहायक उपकरण पाकर खिल उठे दिव्यांगजनों के चेहरे

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।** विकासखंड फतेहपुर के परिसर में विधायक कुर्सी साकेंद्र प्रताप वर्मा द्वारा कुल 67 दिव्यांग जनों को सहायक उपकरण प्रदान किए गए इन उपकरणों में 60 ट्राई साइकिल 7 व्हीलचेयर एवं 6 जोड़ी बैसाखी शामिल थे माननीय विधायक जी द्वारा दिव्यांग समर सिंह लालू प्रसाद का बुके प्रदान कर सम्मान किया गया। सहायक उपकरण प्राप्त करने के उपरांत दिव्यांग जनों के चेहरे खिले उठे। खंड विकास अधिकारी सन्तोष सिंह द्वारा विकासखंड से संबंधित योजनाओं की जानकारी दिव्यांग जनों को दी गई साथ ही जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी द्वारा विभाग से संबंधित समस्त योजनाओं की विस्तृत जानकारी दिव्यांग जनों को प्रदान की गई। इस मौके पर जिला दिव्यांग जन सशक्तिकरण अधिकारी एजाजुल हक खान, सियाराम वरिष्ठ सहायक, श्रीकांत वर्मा वरिष्ठ सहायक, सौरभ वर्मा, पंकज कुमार इत्यादि उपस्थित रहे।

# नाली निर्माण में घटिया सामग्री का प्रयोग

- ग्रामीणों ने अधिकारियों पर लगाया भ्रष्टाचार का आरोप

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।**



हैदरगढ़ विधानसभा क्षेत्र के गौरवा उस्मानपुर गांव में जिला पंचायत निधि से बनाए जा रहे जल निकासी नाले के निर्माण में घटिया निर्माण सामग्री के इस्तेमाल के साथ-साथ अधोमानक निर्माण कर सरकारी धन का दुरुपयोग किया जा रहा है। जानकारी के अनुसार पिछले एक सप्ताह से जिला पंचायत निधि से गांव में लगभग 300 मीटर लंबे नाले का निर्माण किया जा रहा है।

20 लाख रुपए से अधिक की लागत से जल निकासी के लिए बनाए जा रहे इस नाले में घटिया किस्म की मौरंग का इस्तेमाल किया जा रहा है। यही नहीं नाले की फर्श के निर्माण में सीमेंट की बजाय पूरी तरह से बालू का इस्तेमाल किया जा रहा है मानक को दर किनार करते हुए 15 सेंटीमीटर की बजाय एक से डेढ़ फीट पर सरिया का इस्तेमाल कर सरकारी धन की जबरदस्त लूट की जा रही है। फिर भी जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा इस मामले में कोई कार्यवाही नहीं की जा रही है ।जिससे जिम्मेदार अधिकारियों के भ्रष्टाचार के इस खेल में शामिल होने के कयास लगाए जा रहे हैं। जब इस संबंध में जिला पंचायत के अधिशासी अभियंता से बात की गई तो उन्होंने बताया कि यदि मानक विहीन निर्माण हो रहा है तो उसकी जांच कराई जाएगी और मानक के अनुरूप नाले को सही कराया जाएगा।

## खबरें एक नजर में

### वृद्धजनों के अधिकार विषय पर लगे जागरुकता शिविर

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।** उप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के मंशानुरूप एवं पंकज कुमार सिंह जनपद न्यायाधीश/ अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशन में 28 जनवरी को मातृ पित्र सदन, भुहेरा तहसील नवाबगंज में वृद्धजनों के अधिकार विषय पर विधिक साक्षरता एवं जागरूकता का आयोजन किया गया। उक्त शिविर में श्रीकृष्ण चन्द्र सिंह अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/ सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के द्वारा उपस्थित वृद्वजनों से स्वास्थ्य एवं खानपान के व्यवस्था तथा अन्य सुविधाओं के बारे में पूछताछ की गयी। वृद्वाश्रम में उपस्थित कर्मचारियों से भोजन से संबंधित मेन्यू के बारे में जानकारी की गयी एवं निर्मित पंजिकाओं का निरीक्षण किया गया। वरिष्ठ नागरिकों को प्राप्त निःशुल्क विधिक सहायता के उपबन्धों तथा विधिक सेवा प्राधिकरण के क्रिया कलापों के बारे में भी जानकारी दी गई।

### कार चालक ने आगे जा रहे ट्रैक्टर में मारी टक्कर, तीन घायल



**जालौन,उरई।** बंगरा रोड पर सुढ़ार पुलिया के पास तेज रफ्तार कार के चालक ने बेकाबू होकर आगे जा रहे ट्रैक्टर में टक्कर मार दी। हादसे में कार सवार तीन लोग घायल हो गए। जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद उच्च संस्थान रेफर किया गया। मध्य प्रदेश के जनपद भिंड के थाना लहार निवासी आकाश दुबे पुत्र विनोद, ऋषभ सोनी पुत्र मुकेश व लक्ष्मी सोनी पत्नी मुकेश कार से किसी समारोह में शामिल होने जा रहे थे। जब उनकी कार बंगरा मार्ग पर सुढ़ार पुलिया के पास पहुंची तो तेज रफ्तार कार के चालक ने बेकाबू होकर आगे जा रहे ट्रैक्टर में टक्कर मार दी। टक्कर लगने पर कार में सवार तीनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे की सूचना जब छिरिया मलकपुरा चौकी प्रभारी मदनपाल को मिली तो वह पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंच गए और घायलों को एंबुलेंस के माध्यम से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। प्राथमिक उपचार के बाद घायलों की गंभीर हालत को देखते हुए डॉक्टरों ने उन्हें उच्च संस्थान रेफर कर दिया। उधर, पुलिस ने ट्रैक्टर व दुर्घटनाग्रस्त कार को कब्जे में लेकर खड़ा कराया है।

### रंगबाजी को लेकर दो युवकों में हुई मारपीट

**जालौन,उरई।** रंगबाजी को लेकर दो युवकों द्वारा गाली, गलौज कर मारपीट किए जाने की शिकायत पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर देकर की है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मांडरी निवासी महेंद्र पाल ने पुलिस को बताया कि वह गांव में किसी काम के चलते जा रहा था। रास्ते में सचिन अभिषेक व शिवकुमार ने जबरन उसे रोक लिया और उसके साथ गाली, गलौज करने लगे। मना करने पर दोनों ने मिलरक उसके साथ मारपीट कर दी। शोरगुल सुनकर आसपास के लोगों को आता देख वह धमकी देकर भाग गए। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की।

# शिक्षा ऐसी पूंजी है जिसे कोई चुरा नहीं सकता : गोप



- छात्र-छात्राओं व शिक्षक-शिक्षकाओं का उत्साहवर्धन कर व्यक्त किए अपने विचार

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

शिक्षा एक ऐसी पूंजी है जिसे चोर चुरा नहीं सकता है डाकू लूट नहीं सकता है इसलिए शिक्षा हर हाल में जरूरी है।

क्योंकि शिक्षा गुणवान संस्कारी बनाने के साथ हमारे भविष्य को सुंदर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। उक्त विचार समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव पूर्व कैबिनेट मंत्री अरविंद कुमार सिंह गोप ने ब्लॉक सूरतगंज लालपुर करौता स्थित सागर पब्लिक स्कूल मे आयोजित वार्षिक महोत्सव में बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित होकर मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर स्कूल के छात्र-छात्राओं द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रमों का अवलोकन कर बच्चों द्वारा प्रस्तुत सजीव झांकियों की सराहना करते हुए,छात्र-छात्राओं एवं शिक्षक शिक्षकाओं का उत्साहवर्धन करते हुए व्यक्त किये।

वार्षिक उत्सव में पूर्व विधायक रामगोपाल रावत पूर्व प्रमुख बृजपाल सिंह ज्ञानू, युवा सपा नेता अविरल सिंह, मास्टर कमलेश सिंह, अतीक चौधरी, राहुल सिंह, बाजन प्रधान, जिला प्रवक्ता वीरेंद्र प्रधान सहित क्षेत्र के तमाम गणमान्य लोग एवं स्कूल के छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

# मो. अतहर की श्रद्धांजलि सभा का आयोजन आज

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**



मृदुल व्यवहार के धनी, स्वच्छ छवि वाले ईमानदार वरिष्ठ पत्रकार पंजाब केसरी व संदौली टाइम्स अखबार के ब्यूरो चीफ मो0 अतहर का असमय निधन 20 जनवरी, 2025 हो गया था। पत्रकारों द्वारा उन्हें श्रद्धांजलि देने के लिए 29 जनवरी 2025 को 11:00 बजे गाँधी भवन, देवा रोड में श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई है। मान्यता प्राप्त पत्रकार एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष तारिक किदवई ने अपील की है कि अतहर भाई के सभी शुभचिंतक उन्हें श्रद्धांजलि देने के लिए पहुंचे। स्व0अतहर भाई का परिवार अचानक बड़े संकट में आ गया है। दो छोटी बच्चियां, बूढ़ी माँ और पत्नी सभी बहुत दुःख में हैं। बड़े भाई मुबीन का तो हाल ही न पूछिये तकलीफों का पहाड़ टूट पड़ा है परिवार पर। हम आप सभी को परिवार के साथ खड़े रहने का एहसास दिलाना है और हर सम्भव मदद भी करते रहना है।

## उघोग व्यापार प्रतिनिधि मंडल उघोग मंच के जिलाध्यक्ष के संयोजन में हुए जागरुकता कार्यक्रम

**इटावा।** जिला उघोग एंव उघमिता विकास केन्द्र इटावा के तत्वावधान में एंव उघोग व्यापार प्रतिनिधि मंडल उघोग मंच के जिलाध्यक्ष भारतेन्द्र नाथ भारद्वाज के संयोजन में एम एस एम ई जागरूकता कार्यक्रम एंव कार्यशाला का आयोजन नरायन बैंकट हाल में किया गया,मुख्य अतिथि के तौर पर जीएम उघोग विभाग सुधीर यादव मौजूद रहे, कार्यक्रम में उघोग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के पदाधिकारियों नें भाग लिया, जिसमें प्रमुख रूप से जिलाध्यक्ष आलोक दीक्षित, जिला महासचिव रिषी पोरवाल, शहर अध्यक्ष संजय वर्मा,महिला जिलाध्यक्ष अर्चना कुशवाहा, महिला शहर अध्यक्ष पूजा श्रीवास्तव, महिला जिलामहासचिव सीमा श्रीवास्तव,महिला जिला कोषाध्यक्ष बर्षा दुबे,युवा जिला महासचिव अजीत कुमार, शहर उपाध्यक्ष धर्मेंद्र यादव, जिला सचिव सिकन्दर वारसी ,अनीता शर्मा, विपिन दुबे, भरथना अध्यक्ष राकेश पोरवाल, धर्मेंद्र प्रजापति,प्रशांत गुप्ता ,अमित वर्मा आदि उघमी मौजूद रहे।

## एहतराम के साथ निकलेगा 28 का रजब जुलूस

**जैदपुर, बाराबंकी।** रसूले खुदा स.व.स के नवासे हजरत इमाम हुसैन अ. की मदीने से कर्बला के सफर करने की याद मे आज जिले के कदीमी कस्बा जैदपुर मे 28 रजब का सफरे इमामे हुसैन अ. का जुलूस पूरी अकीदत और एहतराम के साथ निकलेगा।जुलूस की शुरूआत सुबह 9 बजे पचदरी मस्जिद मे मजलिसे अजा से होगी।जिसे मौलाना सैय्यद हसनैन बाकिरी खिताब करेगे। मजलिस के फौरन बाद अंजुमन दस्त ए हैदरी के तत्वावधान मे जुलूस बरामद होगा।

## अधिवक्ता ब्रजराज यादव बने अनुशासन समिति के सदस्य

**उरई,जालौन।** बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश द्वारा उरई के अधिवक्ता बृजराज सिंह यादव रिछारा को अनुशासन समिति का सदस्य निर्वाचित किया गया है, इसकी जानकारी जिला बार संघ के महामंत्री पंकज खरे ने दी। अनुशासन समिति का सदस्य बनाए जाने पर जिला बार संघ द्वारा जजी के राजेंद्र रावत सभागार में कार्यक्रम वरिष्ठ अधिवक्ता यज्ञदत्त त्रिपाठी की अध्यक्षता में आयोजित किया गया जिसमें अधिवक्ताओं ने उन्हें बधाई दी। जिला जजी के राजेंद्र रावत सभागार में आयोजित कार्यक्रम के दौरान बार संघ अध्यक्ष भगवत शरण मिश्रा ने कहा कि यह हर्ष का विषय है कि उत्तर प्रदेश बार काउंसिल द्वारा बृजराज सिंह यादव को अनुशासन समिति में सदस्य मनोनीत किया गया।

# कुम्भ मेला संस्कृति व आस्था का अद्वितीय पर्व : डीएम



- कुंभ में जा रहे श्रद्धालुओं को माला पहनाकर किया स्वागत

**उरई,जालौन समृद्धि न्यूज।**

मंगलवार को जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय व पुलिस अधीक्षक डॉ. दुर्गेश कुमार ने रेलवे स्टेशन पर कुम्भ मेला में जा रहे श्रद्धालुओं को माला पहना कर स्वागत किया और उनकी सुखद यात्रा की कामना की। जिलाधिकारी ने कहा कि कुम्भ मेला भारतीय संस्कृति और आस्था का अद्वितीय पर्व है, जिसमें देश-विदेश से लाखों श्रद्धालु भाग लेने आते हैं। उन्होंने कहा कि इस यात्रा को सुगम और सुखद बनाने के लिए प्रशासन पूरी तरह से तत्पर है। रेलवे स्टेशन पर यात्रियों की सुविधा के लिए विशेष इंतजाम किए गए हैं। यात्रियों को किसी भी प्रकार की समस्या न हो, इसके लिए रेलवे और प्रशासनिक अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं। पुलिस अधीक्षक ने यात्रियों की सुरक्षा को प्राथमिकता बताते हुए कहा कि कुम्भ मेले में जाने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया गया है। उन्होंने श्रद्धालुओं से कहा कि वे यात्रा के दौरान सतर्क रहें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) संजय कुमार, नगर मजिस्ट्रेट राजेश कुमार वर्मा, वरिष्ठ कोषाधिकारी आनन्द सिंह, क्षेत्राधिकारी सदर अर्चना सिंह सहित रेलवे स्टेशन के अधिकारी व अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## कुल्हाड़ी से हमले में घायल व्यक्ति की उपचार दौरान हुई मौत

**जालौन,उरई समृद्धि न्यूज।** घर के बाहर खड़े ग्रामीण पर गांव के ही व्यक्ति ने सोमवार की सुबह कुल्हाड़ी से हमला कर दिया था। जानलेवा हमले में घायल व्यक्ति की उपचार के दौरान कानपुर में मौत हो गई है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पहाड़पुरा निवासी चंद्रमोहन वर्मा (39) पुत्र पन्नालाल सोमवार की सुबह लगभग आठ बजे घर बाहर खड़े थे। इसी दौरान उनका पड़ोसी वीरबल पुत्र मनोहर वहां आ गया और चंद्रमोहन के साथ गाली, गलौज करने लगा। मना करने पर उसने हाथ में पकड़ी कुल्हाड़ी से चंद्रमोहन के सिर पर तीन चार वार कर दिए और धमकी देकर वहां से भाग गया। कुल्हाड़ी के हमले से गंभीर रूप से घायल चंद्रमोहन बेहोश होकर वहीं गिर गया। परिजनों को जब जानकारी हुई तो वह तत्काल उसे लेकर सीएचसी पहुंचे। जहां हालत गंभीर होने पर उसे उच्च संस्थान रेफर कर दिया गया। कानपुर में इलाज के दौरान सोमवार की देर रात उसकी मौत हो गई। इसकी जानकारी जब मृतक के परिजनों को हुई तो घर में मातम पसर गया। पत्नी सोनम व बेटा रौनक (16), अंकित (14) व बेटी खुशी (11) रो रोकर बेहाल हैं।

# भजन के साथ शुरू होगा गांधी स्मृति कार्यक्रम

## गर्वनर आरिफ मोहम्मद खान समेत कई राजनेता और जनप्रतिनिधि होंगे शामिल

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के 77वें बलिदान दिवस पर गांधी भवन में आगामी 30 जनवरी से 01 फरवरी तक तीन दिवसीय समसामायिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। जिसके अर्न्तगत 30 जनवरी को प्रातः 8 बजे से गांधी भजन के साथ कार्यक्रम की शुरूआत होगी। 09 बजे प्रभात फेरी निकाली जाएगी। 11 बजे मौन रखा जाएगा तदोपरान्त सर्वधर्म प्रार्थना सभा और श्रद्धांजलि सभा का आयोजन होगा। कार्यक्रम में पूर्व मंत्री अरविन्द कुमार सिंह गोप, रामनगर विधायक एवं पूर्व मंत्री हाजी फरीद महफूज किदवई समेत कई प्रबुद्धजन उपस्थित रहेंगे। अपराहन 3 बजे बंकी स्थित खेल मैदान में हॉकी टूर्नामेंट की शुरूआत होगी। सायंकाल 5:30 बजे आलापुर स्थित रेठ नदी पर दीपदान किया जाएगा। यह जानकारी कार्यक्रम संयोजक एवं गांधी जयन्ती समारोह ट्रस्ट के अध्यक्ष राजनाथ शर्मा ने दी। श्री शर्मा ने बताया कि गांधी स्मृति दिवस के दूसरे दिन 31 जनवरी को बच्चों की चित्रकला और निबंध प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएगी।

अपराहन 3 बजे हॉकी टूर्नामेंट का समापन होगा। वहीं अगले दिन 01 फरवरी को अपराहन 01:30 बजे गांधी भवन में गांधी स्मृति व्याख्यान का आयोजन किया गया है। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि बिहार के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान शामिल होंगे। सभा की अध्यक्षता पूर्व कैबिनेट मंत्री अरविन्द कुमार सिंह गोप करेगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में उ.प्र. अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष एवं पूर्व सांसद बैजनाथ रावत, आचार्य नरेन्द्र देव समाजवादी संस्थान के संयुक्त सचिव नवीन चन्द तिवारी, विजय लक्ष्मी आई हॉस्पिटल के निदेशक एवं वरिष्ठ भाजपा नेता विवेक सिंह वर्मा, पूर्व विधायक सरवर अली खान, देवा शरीफ वेलफेयर ट्रस्ट के अध्यक्ष वासिक रफीक वारसी, वरिष्ठ पत्रकार एवं लोकतंत्र रक्षक सेनानी धीरेन्द्र नाथ श्रीवास्तव, प्राथमिक शिक्षक संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुशील पाण्डेय समेत अन्य प्रबुद्धजन, राजनेता, प्रशासक, अधिवक्ता, चिकित्सक और पत्रकार हिस्सा लेंगे।

# व्यापारियों की समस्याओं का होगा समाधान : डीएम



**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

कलेक्ट्रेट परिसर स्थित लोकसभागार में जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी की अध्यक्षता में जिला व्यापार बंधु समिति, जिला उद्योग बंधु और जिला श्रम बन्धु समितियों की बैठक आहूत की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद में कई स्थानों पर सड़क पर ही विद्युत पोल लगे उनकी सिप्टिंग कराई जाए। मछली मंडी, सट्टी बाजार, छाया और धनोखर सहित शहर के प्रमुख चौराहों पर सड़क की पटरियों को अतिक्रमण मुक्त किया जाए, जिससे जाम की समस्या से लोगों को निजात मिल सके। अनियंत्रित ई-रिक्शा संचालन से जाम व दुर्घटनाएं बढ़ रही है इसके नियंत्रण के लिये प्रभावी कदम उठाए जाएं। इसके अलावा जिलाधिकारी ने व्यापारियों की विभिन्न समस्याओं को सुना और समस्याओं के निस्तारण के निर्देश सम्बंधित अधिकारियों को दिए। वहीं जिला स्तरीय उद्योग बंधु एवं जिला श्रम बन्धु समिति सम्बंधी बैठक में जिलाधिकारी श्री शशांक त्रिपाठी ने सम्बन्धित समस्त विभागीय अधिकारियों को उद्यमियों की विभिन्न समस्याओं को त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने जनपद में होने वाले औद्योगिक निवेश में तेजी से कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होने सभी अधिकारियों से उद्यमियों के आवेदन पत्रों पर शीघ्र कार्यवाही करने के निर्देश दिए। बैठक में यूपीएसआईडीसी औद्योगिक क्षेत्र कुर्सी रोड में फायर स्टेशन व अनावासीय भवनों के निर्माण कार्य की प्रगति, यूपीएसआईडीसी कुर्सी रोड में अवस्थापना सुविधाओं संबंधी प्रकरण पर गहन समीक्षा की। औद्योगिक क्षेत्र कुर्सी रोड में बैंक स्थापित कराए जाने संबंधी सुविधा केंद्र में विद्युत संबंधी कार्य तथा सौंदर्यीकरण, नाली निर्माण एवं अवशेष सड़कों का निर्माण सीसीटीवी कैमरे एवं मुख्य प्रवेश द्वार प्रशासनिक भवन में विद्युत कार्य संबंधी प्रकरण पर चर्चा की गई, इंडस्ट्रियल एरिया माती में सड़क एवं जल निकासी हेतु नाला निर्माण पर चर्चा की गई।

## सूचना

मेरे पुत्र के सैन्य दस्तावेज में त्रुटिवश मेरा नाम SHASHI DEVI दर्ज हो गया है। जबकि मेरा वास्तविक नाम SHASHI BHADOURIYA है। SHASHI BHADOURIYA M/o of Army NO-3003191N, रैंक-हवलदार,धीरेन्द्र सिंह, आर.आर.सी. फतेहगढ़, निवासी-म0नं0-A-83, गली नं0-12/4, सिन्धु फार्म रोड, मीठापुर विस्तार, साउथ दिल्ली-110044, द्वारा शपथ पत्र नंबर- IN-UP69501751623490X, 28 जनवरी 2025 फतेहगढ़ कोर्ट.

## कार्यालय ग्राम पंचायत बीघामऊ विकास खण्ड मोहम्मदाबाद, फर्रु0।

पत्रांकः ग्रा0पं0/ 15वां वित्त/राज्य वित्त योजनान्तर्गत/ वित्तीय वर्ष 2024-2025 दिनांक 28/01/2025

### अल्पकालीन निविदा सूचना

15वां वित्त/राज्य वित्त योजना के अन्तर्गत ग्राम पंचायत बीघामऊ द्वारा कराये जाने वाले निर्माण कार्यों पर सामग्री व अन्य आपूर्ति हेतु निम्नलिखित विवरण के अनुसार रजिस्टर्ड निविदादाताओं से सीलबंद लिफाफे में निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा दिनांक 29/01/2025 से 04/02/2025 तक अपरान्ह 3 बजे तक आमंत्रित की जाती है, जो दिनांक 04/02/2025 को अपरान्ह 4 बजे प्रधान/सचिव के समक्ष खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र ग्रा0पं0 कार्यालय से रु0 500 नगद जमा कर प्राप्त किये जा सकते है।

| क्र. स | कार्य का नाम | सामग्री लागत (लाख रु0 में) | जमानत धनराशि | टेण्डर मूल्य |
|---|---|---|---|---|
| 1- | गजेन्द्र के घर से प्रवेश के घेरा की मोड़ तक इंटरलाकिंग व नाली निर्माण कार्य | 5.00 लाख | 2 प्रतिशत | 500 |
| 2- | रुप सिंह के बाग से नरेन्द्र के घर तक इंटरलाकिंग कार्य | 1.71 लाख | 2 प्रतिशत | 500 |

**नियम व शर्तें-** निविदा ग्राम पंचायत कार्यालय में अवकाश को छोड़कर किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती है।

प्रधान ( सुमन कुमारी) ग्रा0पं0 बीघामऊ मोहम्मदाबाद सचिव ( संदेश कुमार)

# अनुपस्थित और कार्य न करने वाले सीएचओ का वेतन काटकर करें कार्रवाई

- डीएम बोले 30 जनवरी से 13 फरवरी तक चलाया जाएगा स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**



अधिकारियों के साथ बैठक करते जिलाधिकारी

कुष्ठ रोग के बारे में जागरुकता एवं ज्ञान का आभाव कलंक एवं भेदभाव की ओर ले जाता है जिसके कारण कुष्ठ के संचरण और उपचार से संबंधित गलत धारणाएं समाज में फैलती है। यह बात जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल ने कलेक्ट्रेट में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में कही। जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद में 173 कुष्ठ रोगी मरीज है। जिसमें 03 बच्चे हैं, जिनका ट्रीटमेंट चल रहा है। 142 कुष्ठ रोगियों को पेंशन की सुविधा उपलब्ध करायी जा रही है। कहा कि कुष्ठ रोग एक संक्रामक रोग है। जो कि माइकोबैक्टीरियम लेप्री नामक जीवाणु से होता है। अब कुष्ठ रोग को हेन्सन रोग के नाम से जाना जायेगा। कुष्ठ रोग के उन्मूलन के लिए समाज में जागरुकता हेतु विभिन्न विभागो, संस्थानों के सहयोग से 30 जनवरी से 13 फरवरी 2025 तक स्पर्श कुष्ठ जागरुकता अभियान चलाया जायेगा। उन्होने कहा कि राष्ट्रीय कृमि मुक्ति अभियान के तहत 10 फरवरी को एक से 19 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों एवं किशोरों को पेट में कीड़े मारने की दवा एल्बेंडाजोल की गोली आंगनबाड़ी केंद्रों, सरकारी व निजी स्कूल कॉलेजों में खिलाई जाएगी। छूटे हुये शेष लोगो को 14 फरवरी 2025 को खिलाई जायेगी। स्वास्थ्य विभाग इसकी तैयारी अभी से पूरी कर ले। उन्होने सीएमओ को निर्देश दिये कि अनुपस्थित एवं कार्य न करने वाले सीएचओ का वेतन काटे एवं विभागीय कार्यवाही सुनिश्चित करें। सीएचओ की उपस्थित शत प्रतिशत होनी चाहिये। शून्य डिलेवरी वाले स्वास्थ्य केन्द्र की जिम्मेदारी तय की जाये। अल्ट्रासाउण्ड सेंटरों से सख्ती से पेश आएं। मानक विहीन एवं नियम विरुद्व कार्य करने वाले अल्ट्रासाउण्ड सेंटर को निरस्त करने की कार्यवाही सुनिश्चित की जाये। इस दौरान सीएमओ स्वदेश गुप्ता, डीडीओ नरेन्द्र देव द्विवेदी, डीआईओएस पूरन सिंह, बीएसए संदीप कुमार सहित आदि लोग रहे।

> जिलाधिकारी ने जिला आयुष समिति की बैठक में कहा कि आयुष्मान आरोग्य मंदिर/हेल्थ एण्ड वेलनेस सेन्टर/ राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय के परिसर में घरेलू उपचार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से औषधीय पौधों को रोपण/ हर्बल गार्डेन की स्थापना 05 क्रियाशील सेण्टरों पर की जा चुकी है। इसी तर्ज पर ग्राम पंचायतों में हर्बल गार्डेन तैयार किये जाये। जिसमें 18 प्रजातियों के पेड़ लगाये जायें तथा पेड़ की उपयोगिता के विषय में उल्लेख किया जाये। वनस्पतियों की जानकारी के अभाव कारण लोग इसकी उपयोगिता का लाभ नही उठा पा रहे हैं। आयुष्मान आरोग्य मंदिर चियासर, पनवारा, रामाश्रम, मढ़पुरा, कन्नौज नगर में जो संचालित है। उनमें अच्छी क्वालिटी की सर्विस दी जाये।

# संकटमोचन हनुमान मण्डल ने आयोजित किया पुण्यतिथि पर सुन्दरकांड पाठ



**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

नगर के मोहल्ला इंद्रा नगर स्थित श्री हनुमान मंदिर पर सभासद हिमांक त्रिपाठी के पिता जी की 15वीं पुण्यतिथि पर सुन्दर कांड पाठ का आयोजन संकटमोचन हनुमान मण्डल किया गया। सुंदरकांड पाठ वाचक मंडल में धीरज दुबे द्वारा राम ना मिलेंगे हनुमान के बिना, हम राम के थे राम के रहेंगे, श्री राम जानकी बैठे हैं मेरे सीने में सहित अनेक भजन गाकर श्रोताओं को मन्त्रमुग्ध कर दिया इस अवसर पर हिमांक त्रिपाठी सभासद, प्रशांत त्रिपाठी, अर्णव त्रिपाठी,साधना त्रिपाठी, सोनिया शुक्ला, विवेक शुक्ला, चेयरमैन मनोज दुबे, राजेंद्र बाजपेयी ममता बाजपेई दिलीप गुप्ता आनंद गुप्ता अमित शाक्य संजीव शुक्ला दिनेश चतुर्वेदी कमलेश मिश्र प्रशांतानन्द जी महाराज सहित अनेक भक्त उपस्थित रहे।

# विशेषज्ञों ने दी आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस पर जानकारी

## संस्थान के निदेशक व विधि विज्ञान के डिप्टी डायरेक्टर ने दीप प्रज्ज्वलन कर कराई शुरूआत

**तिर्वा, समृद्धि न्यूज।**




राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज में मंगलवार से कम्प्यूटर सांइस विभाग द्वारा पांच दिवसीय सेमिनॉर की शुरूआत हुई। पहले दिन कॉलेज के निदेशक प्रो.मनोज शुक्ला व विधि विज्ञान प्रयोगशाला कन्नौज डिप्टी डायरेक्टर डॉ. अरूण कुमार शर्मा ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप पृज्जवलन कर सेमिनॉर की शुरूआत कराई।

सेमिनॉर में मुख्य वक्ता के रूप में आए आईआईटी पटना के प्रो. ऋषभ सिंह ने आर्टीफिसयल इंटेलीजेंटस (एआई) की आधुनिक चुनौतियों पर चर्चा की। उन्होने कहा कि एआई के तेज से बढ़ते उपयोग और इसकी जटिलताओं तथा भविष्य में इससे जुड़ी संभावनाओं के बारे में विस्तार से प्रतिभागियों को जानकारी दी। इटली के यूनिवर्सिटी ऑफ पेन्डूआ के प्रो.विनोद कुमार ने ऑनलाइन माध्यम से मशीन अनलर्निंग की अवधारणा इसके अनुप्रयोग और डेटा से अनचाहे या गलत पैटर्न को हटाने की प्रक्रिया के महत्व पर प्रकाश डाला। डिप्टी डायरेक्टर अरूण कुमार ने बताया कि इस सेमिनार के पांच दिनों के दौरान विभिन्न ख्याति प्राप्त विशेषज्ञों द्वारा व्ख्यान दिए जाएगें।

कार्यक्रम के सम्वन्यवक नवीन तिवारी एवं शंशाक यादव ने शिक्षकों और शोधार्थियों को एआई के उभरते क्षेत्रों में शोध के नए आयामों के बारे में जानकारियां दी। कार्यक्रम के सह संयोजक डॉ.बीडीके पात्रो, डॉ.विवेक श्रीवास्तव, डॉ. अभिषेक बाजपेई ने आए सभी अतिथियों के प्रति आभार जताया। इस दौरान इंजीनियरिंग स्टूडेंटस महक बाजपेई, मेधा सक्सेना, देवेन्द्र व ध्रुव नारायण ने भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम में दीपक यादव, श्रुति यादव, अतुल पाल, ऐश्वर्य कुमार समेत कई शिक्षकगण मौजूद रहे।

## युवक को रोक कर किया जानलेवा हमला

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** खेत से वापस घर जा रहे युवक को आरोपितों ने रास्ते में रोक लिया और गाली गलौज शुरू कर दी। इसके बाद उसके सिर पर धारदार हथियार से हमला कर घायल कर दिया। पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज कराई है। ग्राम निजामपुर निवासी बबलू यादव पुत्र वेद प्रकाश ने कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि 26 जनवरी की शाम करीब 6.30 बजे जब वह अपने खेत से वापस घर जा रहा था। तभी रास्ते में मौजूद गांव के ही सर्वेश उर्फ पप्पू व उनकी पत्नी, पुत्र नीलेश, नीलेश की पत्नी, शिवपाल, धर्मेंद्र व दो अज्ञात लोगों ने रोक लिया और गाली गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर जान से मारने की नियत से धारदार हथियार से सिर पर वार कर दिया। इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया।

# एएसपी-सीओ ने गोष्ठी आयोजित कर दिए निर्देश

- यात्रियों की सुरक्षा और सुगम यात्रा सुनिश्चित करने के लिए की बैठक

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**




बैठक में दिशा निर्देश देते एएसपी व सीओ

महाकुंभ मेले में शामिल होने वाले यात्रियों की सुगम व बेहतर यातायात व्यवस्था को लेकर बैठक का आयोजन कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

महाकुंभ 2025 में शामिल होने वाले श्रद्धालुओं की यातायात व्यवस्था के दृष्टिगत अपर पुलिस अधीक्षक अजय कुमार व क्षेत्राधिकारी नगर कमलेश कुमार ने लखनऊ- आगरा एक्सप्रेस- वे ठठिया और बसीरापुर टोल पर कर्मचारियों, यूपीडा और अन्य संबंधित अधिकारियों के साथ एक गोष्ठी आयोजित की। बैठक में यात्रियों की सुरक्षा और सुगम यात्रा सुनिश्चित करने के लिए संबंधित को आवश्यक दिशा- निर्देश दिए। अपर पुलिस अधीक्षक ने सभी संबंधित को यातायात नियमों का सख्ती से पालन करने और किसी भी प्रकार की दुर्घटना को रोकने के लिए आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए।

## खबरें एक नजर में

### एसपीजीआर इंटर कॉलेज में मनाया गया गणतंत्र दिवस




सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते बच्चे

- बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर दर्शकों का मन मोहा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** एसपीजीआर इंटर कालेज बघार भाऊपुर खुर्द में गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया गया। नन्हें-मुन्हे बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर मंत्रमुग्ध किया। विद्यालय की प्रबंधिका विनीता पाठक ने झण्डारोहण किया। प्रधानाचार्या सुब्रा मिश्रा ने बच्चों को सम्बोधित करते हुए कहा कि यह शुभ दिन देखने के लिए न जाने कितने क्रांतिकारी बलिदान हो गये, तब जाकर देश को स्वतंत्रता मिली। आजादी की लड़ाई में नेता सुभाष चन्द्र बोस का अहम योगदान रहा। साथ ही चन्द्रशेखर आजाद, सरदार भगत सिंह, राजगुरु, बटुकेश्वर दत्त, रोशन लाल जैसे क्रांतिकारी शहीद हो गये। प्रबंधिका विनीता पाठक ने विचार व्यक्त किये और बच्चों को प्रोत्साहित किया। रंगारंग कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने प्रस्तुति देकर मंत्रमुग्ध किया। देश भक्ति गीतों पर छात्र-छात्राओं ने धमाल मचाया। प्रबंधिका विनीता पाठक व प्रधानाचार्या सुब्रा मिश्रा ने बच्चों को पुरुस्कार देकर सम्मानित किया। राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ और मिष्ठान वितरण किया गया।

### अभियुक्तों के विरुद्ध की गई गुंडा एक्ट की कार्रवाई

**छिबरामऊ, कन्नौज।** थाना विशुनगढ़ पुलिस द्वारा आपराधिक गतिविधियों में अंकुश लगाए जाने हेतु कुल चार अभियुक्तों के विरुद्ध की गई गुंडा एक्ट के तहत कार्यवाही की गयी। पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार द्वारा अपराध एवं अपराधियो के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम मे, अपर पुलिस अधीक्षक अजय कुमार के कुशल निर्देशन मे, क्षेत्राधिकारी छिबरामऊ ओमकारनाथ के पर्यवेक्षण में, थाना विशुनगढ़ पुलिस द्वारा आपराधिक गतिविधियो मे लिप्त कुल चार अभियुक्तगणो के आपराधिक कृत्यो पर अंकुश लगाए जाने हेतु गुण्डा एक्ट (धारा 3/5 गुण्डा अधि.) के तहत कार्यवाही की गई।

# दमदारी से विधान सभा चुनाव लड़ेगी भीम आर्मी

- पातीराम बौद्ध को बनाया गया मण्डल सचिव
- कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों ने किया स्वागत

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



बैठक को संबोधित करते मण्डल संयोजक रोहित गौतम।

नगर के फर्रुखाबाद रोड रामगंज स्थित गेस्ट हाउस में भीम आर्मी भारत एकता मिशन की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। जिसमें मुख्य अतिथि भीम आर्मी मण्डल संयोजक रोहित गौतम ने पातीराम बौद्ध को मण्डल सचिव मनोनीत किया। इसके बाद पदाधिकारियों द्वारा किए जा रहे कार्य की समीक्षा की।

मंगलवार को आयोजित बैठक को संबोधित करते हुए मंडल संयोजक रोहित गौतम ने कहा कि कार्यकर्ता जमीनी स्तर पर जुट जाएं। भीम आर्मी के ज्यादा से ज्यादा सदस्य बनाए। देश में पहला संगठन जो शोषित, वंचितो की आवाज बुलंद कर रहा है। भीम आर्मी को लोग बहुत उम्मीदों से देख रहे है। एंड चन्द्रशेखर आजाद सडक से लेकर संसद तक लडाई लड रहे हैं। बीजेपी और आरएसएस व धर्माचार्य बाबा साहब के बनाए हुए संविधान को खत्म कर मनुवादी संविधान लागू करना चाह रहे है। लेकिन भीम आर्मी ऐसा कदापि नहीं होने देगी। संविधान को बचाने के लिए जान की बाजी लगानी पडी। तो पीछे नही हटेंगे। बीजेपी सरकार डर का माहौल बना रही है। भाजपा सरकार में बेरोज़गारी व महंगाई चरम सीमा पर है। आजाद समाज पार्टी पंचायत चुनाव व विधानसभा का चुनाव मजबूती से लडेगी और भाजपा सरकार को उखाड़ फेंकने का काम करेगी। इस मौके पर मण्डल महा सचिव बबलू यादव, मण्डल उपाध्यक्ष विजय गिहार, मण्डल प्रभारी छबिराम जाटव, भीम आर्मी जिला संयोजक गुड्डू कठेरिया, आसपा जिलाध्यक्ष प्रभात गौतम, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष नेम खटिक आदि पदाधिकारी मौजूद रहे।

# नगर पंचायत नवाबगंज में पंचायत अध्यक्ष ने किया ध्वजारोहण



कर्मचारियों को कर्तव्यनिष्ठा की शपथ दिलाते नगर पंचायत अध्यक्ष

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

नगर पंचायत कार्यालय पर 76वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष ने ध्वजारोहण कर कर्मचारियों को कर्तव्यनिष्ठा का पाठ पढ़ाया। जानकारी के अनुसार कस्बा नवाबगंज स्थित नगर पंचायत कार्यालय पर गणतंत्र दिवस के अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल कुमार राजपूत ने कार्यालय पर ध्वजारोहण किया तथा वहां मौजूद कार्यालय के समस्त कर्मचारियों को कर्तव्यनिष्ठा का पाठ पढ़ाया। महापुरुषों के चित्रों पर माल्यार्पण भी किया। इस मौके पर नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल कुमार राजपूत, वरिष्ठ लिपिक विकास गंगवार, हितांशु गंगवार, रोहन सिंह, कल्लू सिंह, अंबुज भारद्वाज, प्रदीप कुमार, लक्ष्मण सिंह, सफाई कर्मचारी राजीव कुमार सहित विकास खंड के समस्त कर्मचारी मौजूद रहे।

# 15 फरवरी से 15 मार्च तक अटल विरासत सम्मेलन मनाएगी भाजपा

- प्रेस वार्ता कर निवर्तमान सांसद सुब्रत पाठक ने दी जानकारी

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**



प्रेस वार्ता करते सुब्रत पाठक

नगर के एमएल होटल के समीप अटल जन्म शताब्दी समारोह को लेकर एक प्रेस वार्ता आयोजित की गयी। प्रेसवार्ता में निवर्तमान सांसद सुब्रत पाठक ने कहा कि भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई की जन्म जयंती 25 दिसंबर को पूरे देश में सुशासन दिवस के रूप में मनाते हैं।

यह श्रद्धेय अटल का जन्म शताब्दी वर्ष है। इस अवसर पर देश भर में अनेकों कार्यक्रम भारतीय जनता पार्टी की तरफ से आयोजित किए जाएंगे। भारतीय जनता पार्टी अटल बिहारी वाजपेई के जन्म शताब्दी वर्ष पर राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के निर्देशन में 14 जनवरी से 15 मार्च 2025 तक अटल की स्मृति में विभिन्न कार्यक्रमों को आयोजन करेगी। जिसमें अटल स्मृति संकलन एवं संपर्क अभियान जो 14 जनवरी से 14 फरवरी 2025 तक जिले में आयोजित होंगे वही अटल विरासत सम्मेलन जो 15 फरवरी से 15 मार्च 2025 तक आयोजित होंगे। जिसमें श्रद्धेय अटल के साथ काम कर चुके वरिष्ठ कार्यकर्ताओं का सम्मान किया जाएगा। अटल के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर अनेकों पुस्तकों एवं लेख लिखे कहें ऐसे लेखक को सम्मानित किया जाएगा। संकलित सामग्री का डिजिटल प्रस्तुतीकरण किया जाएगा, श्रद्धेय अटल के कार्यकाल में संबंधित प्रदेश में विशेष उपलब्धि एवं योजनाओं का प्रस्तुतीकरण हो, प्रत्येक जिले में सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। प्रबुद्ध एवं विशिष्ट जन को सम्मेलन में आमंत्रित किया जाएगा। इस तरह भारतीय जनता पार्टी अटल बिहारी वाजपेई के जन्मशताब्दी वर्ष को बड़ा धूमधाम से मनाएगी।

जिलाध्यक्ष वीर सिंह भदोरिया ने प्रेस वार्ता के दौरान कहा की अटल जैसा नेता सैकड़ो वर्षों पर एक बार मिलता है। भारतीय जनता पार्टी ऐसे नेता की यादों को हमेशा संजो कर रखना चाहती है और उनको सिद्धांतों पर चलकर देश को विश्व गुरु बनाने की ओर अग्रसर है। इस दौरानवरिष्ठ भाजपा नेता संजय मिश्र, जिला मीडिया प्रभारी शरद मिश्रा सहित आदि रहे।

## छेड़छाड़ करने वालों पर मुकदमा दर्ज

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत स्थित ग्राम गंगापार सवासी निवासी एक पीड़ित महिला ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया है कि दिनांक 16.01.2025 को शाम 7 बजे मेरी 12 वर्षीय पुत्री गांव में अपने बाबा को खाना देने गई थी। रास्ते में गांव के सलमान पुत्र गुड्डू और उनका रिश्तेदार सोहेल पुत्र राजू ने मेरी पुत्री को पकड़ा और जबरिया अपने घर के अंदर खींच ले गए और पुत्री के साथ छेड़छाड़ की। पुत्री के शोर मचाने पर मेरा पुत्र व गांव के नन्हें भइया पुत्र रामबरन आवाज सुनकर मौके पर पहुंचे और कमरा खोलने को कहा, तो उपरोक्त सभी ने पुत्र ने साथ लाठी-डंडों से मारपीट की तथा पुत्री को निकाल दिया। तुरन्त 112 पर पुलिस को सूचना दी। मौके पर पुलिस ने पहुंचकर जांच शुरू कर दी थी।आज पुलिस ने तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की।

# ग्राम पंचायत प्रानपुर पल्योरा में किसान पंचायत आयोजित

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



ग्राम पंचायत प्रानपुर पल्योरा में आयोजित किसान पंचायत में दल बल के साथ पहुंचे किसान यूनियन किसान के जिलाध्यक्ष राजा शुक्ला ग्राम सभा के किसानों द्वारा आयोजित किसान पंचायत में भारतीय किसान यूनियन किसान कन्नौज के जिलाध्यक्ष राजा शुक्ला मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे जिसमें किसानों के द्वारा ग्राम पंचायत में व्याप्त समस्याओं को किसान पंचायत में रखा गया जिसमें प्रमुख मुद्दा जल जीवन मिशन के अंतर्गत बनाई गई पानी की टंकी से पानी को सप्लाई को लेकर था जिसमें ग्रामीणों ने। बताया कि पानी की टंकी ग्राम नकटपुर में बनी है जिससे दोनों गांव में पानी की आपूर्ति होनी है लेकिन नकटपुर तो जलापूर्ति टंकी के द्वारा हो रही है लेकिन ग्राम प्रानपुर पल्योरा में जल आपूर्ति नहीं हो रही इस संबंध में ग्रामीणों द्वारा कई शिकायतें दर्ज कराई गई लेकिन कोई सुनवाई अभी तक नहीं हुई वहीं दूसरा मामला आवारा पशुओं का था जिससे किसान बहुत परेशान है रात भर जाग कर अपनी फसलें जानवर से रखा रहे है जिसमें प्रशासन उनका कोई सहयोग नहीं कर रहा है।

इसके अलावा ग्रामीणों ने ग्राम सभा के जले अभिलेख जल्दी तैयार करवाने की बात भी रखी है उन्होंने कहा है कि कोई भी काम बिना कागजों के संभव नहीं है और हमारे पास कोई कागज नहीं है । इस दौरान ग्राम पंचायत हरिहरपुर के प्रधान ने संगठन की सदस्यता ग्रहण की उन्हें जिलाध्यक्ष राजा शुक्ला ने जिला संरक्षक, गोलू ठाकुर तहसील उपाध्यक्ष,विमल दीक्षित ब्लॉक उपाध्यक्ष,सोम दीक्षित ब्लॉक मंत्री,हर्षित दीक्षित ब्लॉक सचिव,दीपांशु दीक्षित ब्लॉक मंत्री युवा प्रकोष्ठ,विनीत तिवारी ब्लॉक सचिव,रोहित कुमार ब्लॉक महासचिव चिकित्सा प्रकोष्ठ का महत्वपूर्ण दायित्व सौंपा इसके अलावा करीब एक दर्जन किसानों ने संगठन की सदस्यता ग्रहण की। इस दौरान महेश गौड़,सचिन दुबे,आनन्द शुक्ला,अनिल नायक, बबलू तिवारी, अतुल कुमार, शनि कुमार अंकित कुमार,तरुण त्रिपाठी,शनि शाक्य, अखिलेश शाक्य, टिल्लू शाक्य ,गोविन्द शुक्ला,छोटू तिवारी, रामू बाथम,स्थानीय क्षेत्र पंचायत सदस्य विवेक दीक्षित और सैकड़ो किसान मौजूद रहे।

# अहंकार करने से नष्ट हो जाता मानव का जीवन

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



मानव मात्र को कभी अहंकार नहीं करना चाहिए। क्योंकि यदि जल से भरे एक घड़े में हम एक-एक कर के पत्थर डालते जाते है। तो धीरे-धीरे वह घड़ा कंकड़ से भर जाता है तथा जल से रिक्त हो जाता है। कथा को विस्तारित करते हुए कहा कि मानव मात्र को कभी अहंकार नहीं करना चाहिए।

मंगलवार को ग्राम तेरारब्बू में रामजानकी मंदिर सेवा समिति द्वारा चल रही श्री रामकथा के चतुर्थ दिवस पर आचार्य प्रवर निर्मल मिश्रा ने श्री राम की बाल लीलाओं का विस्तार से वर्णन करते हुए कहा कि भगवान शिव श्री राम के दर्शन की कामना करते हुए मदारी का वेश बनाकर साथ में वानर रूप में हनुमान को लेकर अयोध्या में पधारे थे। भोले की मदारी वाली डुगडुगी सुनकर राम लला ने बंदर का तमाशा देखने की जिद की, भोले भंडारी मदारी के वेश में बंदर वेश में हनुमान को साथ लिए भवन में आये और बालक राम को मदारी रूप में तमाशा दिखाया। उन्होंने कहा कि धर्म आपको जोड़ता है। बांटता नहीं है। वैसे ही यदि हम अपने शरीर रूपी घड़े में, अंधकार रूपी कंकड़ ज्यादा डालेंगे तो हमारा शरीर शीलगुण रूपी पानी से रिक्त हो जायेगा। बताया कि भगवत कथा की अर्थात मानस की केवल एक चौपाई भी पूरी तरह से टूट चुके जीण-शीर्ण हो चुके मनुष्य को पुनः उसके वास्तविक स्वरूप जैसा पवित्र कर देती है। इस दौरान राजा तिवारी, विशाल चतुर्वेदी, प्रवीन चतुर्वेदी, अवधेश चतुर्वेदी, दीपू, राजू, रोहित, रामू सविता, अमित, अंशू मिश्रा आदि श्रोतागण मौजूद रहे।

गंगाशील हॉस्पिटल की लापरवाही आई सामने

# ठेके के पास मिला भर्ती मरीज का शव

- पुलिस ने कई कर्मचारियों को हिरासत में लेकर शुरु की पूछताछ
- मृतक के बेटे ने अस्पताल प्रशासन पर लगाए कई आरोप

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

हॉस्पिटल में भर्ती अधेड़ का शव देशी ठेके के पास पड़ा मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं परिजनों ने अस्पताल प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाया है।




अस्पताल संचालक को ले जाती पुलिस

जानकारी के अनुसार थाना नवाबगंज क्षेत्र अंतर्गत ग्राम उम्मरपुर निवासी जयपाल (55) पुत्र राम भरोसे को सोमवार को उनके बेटे ने मसेनी स्थित गंगाशील हॉस्पिटल में भर्ती कराया था। अस्पताल के चिकित्सकों ने 10 हजार रुपये की मांग की और तीन दिन बाद आपरेशन करने का आश्वासन दिया।

बेटे ने बताया कि वह सोमवार की रात 11 बजे पिता को छोड़कर सोने चला गया।

रात 2 बजे जब वह पिता को देखने पहुंचा, तो वह बेड पर नहीं मिले। जिस पर उन्होंने अस्पताल कर्मचारियों से पूछताछ की, तो अस्पताल के कमचारियों ने पीड़ित की मदद करने की बजाय उससे अभद्रता की। जिस पर उसने अपने पिता की तलाश शुरु की, तो देखा कि अस्पताल से 100 मीटर की दूरी पर एक देशी शराब के ठेके के पास उसके पिता का शव पड़ा हुआ है। पीड़ित ने घटना की सूचना पुलिस को दी। जिस पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की तथा अस्पताल के कर्मचारियों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया। मृतक के बेटे ने आरोप लगाया कि उनके पिता चल फिर नहीं पाते थे। फिर वह ठेके के पास कैसे पहुंचे। उसने अस्पताल के कर्मचारियों पर कई गम्भीर आरोप लगाये। अस्पताल संचालक सचिन सक्सेना, गोपाल सक्सेना से पुलिस ने संपर्क करने की कोशिश की, लेकिन उन्होंने पुलिस को कोई सटीक जानकारी नहीं दी। फिलहाल पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल शुरु कर दी है। पुलिस ने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज भी देखे। फिलहाल घटना को लेकर परिजनों में रोष है।

# बच्चा स्वामी क्षेत्र मेला रामनगरिया से जयकारे के साथ निकाली गई कलश यात्रा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

पांचाल घाट स्थित मेला रामनगरिया में अग्नि अखाड़ा दांडी मंडल संत समिति अध्यक्ष श्री श्री 108 शिव स्वरुप बच्चा स्वामी अखाड़े से 5100 कलशों के साथ भव्य यात्रा निकाली गयी। पीले वस्त्रों में महिलायें, युवतियां व पुरुष जयकारे लगा रहे थे। जिससे मेले का माहौल भक्तिमय नजर आया।

जानकारी के अनुसार मंगलवार को पांचाल गंगा घाट से गंगा जल भरकर भव्य कलश यात्रा निकाली गई। जहां से यात्रा में शामिल महिलाएं, युवतियां व पुरुष वर्ग गंगाजी घाट पहुंचे और पूरे मेले रामनगरिया की परिक्रमा की।



कलश यात्रा में मौजूद संतगण व पुलिसकर्मी

यज्ञाचार्य पंडित रामहरि पाठक ने कलश स्थापित कराकर शतचंडी यज्ञ का शुभारंभ कराया। शतचंडी महायज्ञ का आयोजन जन कल्याण की भावना से किया गया। 12 फरवरी तक चलने वाले महायज्ञ में विधि विधान से पूजन आदि कार्य संपन्न कराया जाएगा। यज्ञशाला में देवी-देवताओं का आह्वान किया गया। कलश यात्रा में आचार्य मुकुट राम मिश्र, जगदीश त्रिवेदी, अमित बाजपेई, कमलेश कुमार शुक्ला, प्रथम मिश्रा, शिवराम आश्रम, दंडी स्वामी देव आश्रम, दंडी स्वामी रामदेव, आश्रम दंडी स्वामी सिद्धेश्वर आश्रम, घंटी स्वामी मंगल स्वरूप, आश्रम दंडी स्वामी श्याम नाथ शास्त्री, दयाल बाबा बंदा वाले सहित सभी अखाड़ों के संत मौजूद रहे।

# डीएम ने विद्यालयों का निरीक्षण कर परखी शिक्षा की गुणवत्ता

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जिलाधिकारी ने उच्च प्राथमिक विद्यालय सकवाई व प्राथमिक विद्यालय पुठरी विकास खण्ड मोहम्मदाबाद का निरीक्षण किया। इस दौरान जिलाधिकारी ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्ज्वलित कर पूजा अर्चना की। जानकारी के अनुसार जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी ने शिक्षा की गुणवत्ता परखने के लिए उच्च प्राथमिक विद्यालय सकवाई व प्राथमिक विद्यालय पुठरी विकास खण्ड मोहम्मदाबाद का निरीक्षण किया। विद्यालय में शैक्षिक गुणवत्ता संतोषजनक पायी गयी। जिलाधिकारी द्वारा विद्यालय में कार्यरत रसोईयों के मानदेय एवं बच्चों की ड्रेस व पाठ्य पुस्तकों के वितरण की



मां सरस्वती की पूजा अर्चना करते जिलाधिकारी

जानकारी प्राप्त की। विद्यालय परिसर एवं विद्यालय के चारों ओर साफ-सफाई ठीक पायी गई। प्राथमिक विद्यालय पुठरी में हुये सुन्दरीकरण एवं कायाकल्प संबंधित निर्माण कार्यों पर जिलाधिकारी द्वारा प्रसन्नता व्यक्त की गई। छात्र .छात्राओं से कविता, सामान्य ज्ञान के बारे में जानकारी प्राप्त की। इससे पूर्व जिलाधिकारी ने प्रा0वि0 पुठरी में मां सरस्वती की मूर्ति पर दीप प्रज्वलित कर पूजा अर्चना की।

# चौकीदार को कमरे में बंद कर इनवर्टर बैटरी चोरी कर ले दबंग

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

एक साल से बन रही गांव में पानी की टंकी के चौकीदार को कमरे में बंद कर इनवर्टर बैटरी चोरी कर चोर फरार हो गये। चौकीदार के चिल्लाने पर आसपास के लोगों ने पहुंचकर कुंडी खोली और चौकीदार को बाहर निकाल। घटना की सूचना 112 नंबर पर पुलिस को दी गयी। जानकारी के अनुसार नवाबगंज थाना क्षेत्र के गांव सितवनपुर पिथू निवासी संदीप पुत्र हीरा सिंह ने थाना पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसके गांव में एक पानी की टंकी का नव निर्माण हो रहा है। जिसमें एक वर्ष से वह चौकीदार के पद पर कार्यरत है। बीती रात वह टंकी के परिसर में बने कमरे में सो रहा था, तभी रात में उसके ही गांव के दीपू पुत्र बलवीर सिंह अपने साथियों के साथ आया और परिसर में रखा इनवर्टर बैटरी आदि चोरी कर लिया। जब खटपट की आवाज सुनी तो वह जागा। तब तक पीड़ित के बताए अनुसार उन लोगों ने उसके कमरे की कुंडी लगा दी और उसको बंद कर चले गए। वह कमरे के जंगले से उनको देखता रहा। चोरों के चले जाने के बाद उसने डायल 112 को सूचना दी, लेकिन तब तक आसपास के लोग पहुंच गये और कुंडी खोलकर चौकीदार को बाहर निकाला। तब पीड़ित थाने पहुंचा और आरोपियों के विरुद्ध तहरीर दी। थाना पुलिस ने जांच पड़ताल कर कार्यवाही करने की बात कही।

# वाहन ने बाइक सवारों को मारी टक्कर, तीन घायल

- एक युवक की हालत गम्भीर कानपुर रेफर

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

नगर पालिका परिषद के वाहन चालक ने बाइक से फतेहगढ़ की ओर जा रहे फर्रुखाबाद की ओर जा रहे तीन युवकों को टक्कर मार दी। जिससे तीनों लोग गम्भीर रुप से घायल हो गये। स्थानीय लोगों की मदद से तीनों घायलों को लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया गया।

जहां एक गम्भीर युवक को कानपुर के लिए रेफर कर दिया गया। जानकारी के अनुसार कोतवाली फतेहगढ़ के मोहल्ला इमामबाड़ा निवासी रेहान खान पुत्र इस्लाम अपने मित्र बॉबी शाक्य, हर्षित के साथ मोटर साइकिल से फर्रुखाबाद से फतेहगढ़ अपने घर आ रहे थे, तभी चर्च कब्रिस्तान के सामने फतेहगढ़ की ओर से आ रहे नगर पालिका के वाहन छोटा हाथी के चालक ने लापरवाही से चलाते हुए बाइक में सामने से टक्कर मार दी। तीनों बाइक सवार घायल हो गये। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची 108 एंबुलेंस ने



अस्पताल में भर्ती रेहान

सभी घायल युवकों को लोहिया अस्पताल पहुंचाया। जहां चिकित्सक ने रेहान की हालत गम्भीर होने पर कानपुर के लिए रेफर कर दिया। वहां हैलट ले जाने पर चिकित्सक ने बताया कि शरीर में पांच स्थानों पर फ्रेक्चर हुआ है। जिसके बाद परिजनों ने रेहान को एक प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उनका उपचार जारी है।

# दस बीघा जमीन हड़पने के लिए निः सन्तान विधवा को मारी गोली

**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज।**

दस बीघा जमीन हड़पने के लिए परिवारीजनों ने विधवा महिला को गोली मार दी। जिससे वह घायल हो गयी। उसे सीएचसी में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार शमशाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत चंपतपुर के मजरा उलियापुर में भारत सिंह की पत्नी कलावती का कहना है कि मेरे देवर और जेठ जगमोहन और रामरूप आए दिन मेरे साथ झगड़ा करते हैं और मारपीट करते रहते हैं। मंगलवार को तो हद ही हो गई। इन दोनों ने मेरे साथ मारपीट की और जान से मारने की नीयत से मेरे ऊपर फायर कर दिया। गोली मेरे हाथ में लगी और शरीर भी



सीएचसी में भर्ती घायल महिला

झुलस गया। गांव वालों की मदद से थाना पुलिस को सूचना देकर अवगत कराया गया। थाना अध्यक्ष तरुण सिंह भदौरिया फोर्स के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और घायल महिला को अपने वाहन से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शमशाबाद में भर्ती कराया। जहां पर उपचार जारी है।

# बार एसोसिएशन के चुनाव को कौंसिल ने दी हरी झंडी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

बार एसोसिएशन के चुनाव को बार कौंसिल ने हरी झंडी दे दी है। अपने आदेश में कौंसिल ने कहा है कि 10 जनवरी को नरेश सिंह यादव सचिव बार एसोसिएशन कार्यवाही के दौरान उपस्थित हुए। साथ में एल्डर्स कमेटी के सदस्य राजकुमार सिंह राठौर व श्रवण कुमार चतुर्वेदी आये। उनके साथ बार के अन्य सदस्य उपस्थित रहे। दोनों पक्षों को सुना गया।

नरेश सिंह यादव सचिव द्वारा कहा गया कि वह बार एसोसिएशन का चुनाव कराना चाहते हैं तथा श्रवण कुमार चतुर्वेदी, राजकुमार सिंह ने भी कहा कि वह चुनाव कराना चाहते हैं। बार के सचिव व अध्यक्ष उनको चार्ज नहीं दे रहे हैं। दोनों पक्षों के प्रपत्र का अवलोकन किया गया। दोनों लोग चुनाव कराने के लिये सहमति देते हैं। साथ ही नरेश सिंह यादव महामंत्री द्वारा यह सहमति दी गयी कि पूर्व एल्डर्स कमेटी श्रवण कुमार चतुर्वेदी, राजकुमार सिंह सिंह, एस0पी0 सिंह, प्रभुदयाल, अजहररूद्दीन जो पूर्व में एल्डर्स कमेटी के सदस्य रहे थे उनके द्वारा चुनाव कराने में किसी प्रकार की आपत्ति नहीं है। यह भी कहा गया कि चुनाव की तिथि बार कौंसिल द्वारा निर्धारित कर दी गयी। वह दोनों पक्षों को मान्य होगी। एक प्रार्थना सचिव नरेश सिंह यादव द्वारा दिया गया कि विगत चुनाव का अवशेष रूपये 02 लाख 30 हजार एल्डर्स कमेटी फतेहगढ़ के खाते में जमा हैं उसको बार एसोसिएशन के नाम एफडी करा दी जाये। एल्डर्स कमेटी के सदस्यों द्वारा कहा गया कि हमको कोई आपत्ति नहीं है। अगर बार कौंसिल का निर्देश होगा तो हम इस धनराशि को बार एसोसिएशन के पक्ष में एफडी करा देंगे।

दोनों पक्षों को सुनने के उपरान्त चुनाव माडल बाइलाज के नियमों, उपनियमों व वन बार वन वोट के सिद्धान्त पर कराया जायेगा। चुनाव सम्बन्धी सभी प्रबन्धन, मासिक शुल्क, मतदाता सूची बनाये जाने का कार्य एल्डर्स कमेटी बार एसोसिएशन द्वारा ही कराया जायेगा। बार एसोसिएशन के वर्तमान अध्यक्ष व सचिव चुनाव कराने में मात्र सहयोग करेंगे।

मतदाता सूची केवल उन्हीं अधिवक्ताओं की बनेगी जिनको बार कौंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश से सीओपी आवंटित हैं। एल्डर्स कमेटी द्वारा पूर्व में जमा धनराशि बार एसोसिएशन के नाम से सावधि जमा करायेगी। शपथ ग्रहण की तिथि एल्डर्स कमेटी द्वारा नियत कर सम्पन्न करायी जायेगी। मासिक सदस्यता शुल्क जमा करने की अंतिम तिथि 04 .02.2025 सायंकाल 05:00 बजे तक निर्धारित की गई है। चुनाव अधिसूचना दिनांक 05.02.2025, मतदाता सूची का प्रकाशन 06.02.2025, मतदाता सूची पर आपत्ति 06.02.2025 प्रातः 10:00 बजे से सायंकाल 05:00 बजे रहेगी। गतदाता सूची पर आने वाली आपत्तियों का निस्तारण 07.02.2025, मतदाता सूची अंतिम वैध प्रकाशन दिनांक 10.02.2025 को किया जाएगा।

# ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार की मौत, साथी घायल

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

बाइक द्वारा बाजार कर घर वापस जा रहे दो दोस्तों को ट्रैक्टर चालक ने टक्कर मार दी। जिससे एक की मौके पर ही मौत हो गयी, जबकि दूसरा गम्भीर रुप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को अस्पताल पहुंचाया। जानकारी के अनुसार नवाबगंज थाना क्षेत्र के गांव हरदुआ निवासी सचिन पुत्र सुखवीर सिंह तथा ग्राम दुनाया निवासी लकी पुत्र अतुल सिंह दोनों आपस में दोस्त हैं। जो कि मंगलवार शाम लगभग 6:30 बजे अपनी बाइक से नवाबगंज से बाजार कर वापस जा रहे थे। जैसे ही वह बबना रोड के मोड़ पर पहुंचे, वैसे ही अज्ञात ट्रैक्टर चालक ने सामने से जोरदार टक्कर मार दी। जिससे ग्राम हरदुआ निवासी 25 वर्षीय सचिन पुत्र सुखवीर सिंह की मौके पर मौत हो गई और ग्राम दुनाया निवासी लकी पुत्र अतुल सिंह गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसकी सूचना वहां मौजूद दुकानदारों ने थाना पुलिस को दी। कस्बा इंचार्ज दरोगा गिरीश चंद्र पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और गंभीर हालत को देखते हुए उन्होंने थाना अध्यक्ष विद्यासागर तिवारी को सूचना दी। सूचना पाकर मौके पर थानाध्यक्ष ने सभी को सीएचसी नवाबगंज भिजवाया। जहां डाक्टर ने सचिन पुत्र सुखवीर को मृत घोषित कर दिया तथा अतुल कुमार के पुत्र लकी को गंभीर हालत में प्राथमिक उपचार के बाद लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। खबर लिखे जाने तक अस्पताल परिसर में अफरा-तफरी का माहौल था।

# मौनी अमावस्या पर शाही स्नान को लेकर एसपी ने ली बैठक, दिए दिशा-निर्देश

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

पुलिस अधीक्षक व एडीएम ने मौनी अमावस्या को दृष्टिगत रखते हुए रामनगरिया मेले में पुलिसकर्मियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

जानकारी के अनुसार बुधवार को मौनी अमावस्या का पर्व है। शाही स्नान को दृष्टिगत रखते हुये पुलिस अधीक्षक आलोक प्रियदर्शी ने मेला रामनगरिया में गोष्ठी का आयोजन किया। जिसमें मौजूद पुलिसकर्मियों को संबोधित करते हुए कहा कि मौनी अमावस्या पर शाही स्नान है। इसलिए पांचाल घाट पर विशेष इंतजाम किये जायें। जिससे श्रद्धालुओं को कोई



बैठक लेते पुलिस व प्रशासनिक अधिकारीगण

परेशानी न हो। जाम आदि न लगे इसके लिए पुल पर पुलिस व्यवस्था चौक चौबंद की जाये। बड़े वाहनों का रुट डायवर्जन किया जाये। जिससे जाम का कारण न बन सकें। इसके अलावा पुलिस अधीक्षक ने अन्य दिशा निर्देश पुलिसकर्मियों को दिये। इस मौके पर अपर जिलाधिकारी सुभाषचंद्र प्रजापति, अपर पुलिस अधीक्षक संजय सिंह, क्षेत्राधिकारी अमृतपुर तथा क्षेत्राधिकारी नगर ऐश्वर्या उपाध्याय मौजूद रहे।

# खेलते समय बालक छत से गिरा

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।** थाना क्षेत्र के ग्राम मधवापुर निवासी कौशलेंद्र का पुत्र अभय उम्र लगभग तीन वर्ष अपनी मां सुकांता देवी के साथ छत पर खेल रहा था। मां सुकांता देवी अपने काम में व्यस्त थीं। उसी समय उसका पुत्र अभय सरिया के जाल पर पहुंच गया और जाल से नीचे गिर गया। जिससे परिजनों में हड़कंप मच गया। पिता कौशलेंद्र ने तुरंत मोटर साइकिल से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। जहां डाक्टर विकास पटेल ने हालत गम्भीर देखकर लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

# मेला श्रीराम नगरिया में गैस सिलेंडर में लगी आग से मची भगदड़

- समय रहते कल्पवासियों व पुलिस की मदद से आग पर पाया गया काबू

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

पांचाल घाट पर आबाद मिनी कुंभ मेला रामनगरिया में बीती रात उस समय कल्पवासियों में भगदड़ मच गयी, जब एक झोपड़ी में रखे सिलेंडर में आग लग गयी।

जानकारी के अनुसार मेले में आगजनी की घटनायें न घटें इसके लिए मेले में फायर ब्रिगेड पुलिस द्वारा कल्पवासियों व दुकानदारों को कई बार जागरुक किया जा चुका है, लेकिन इसके बावजूद भी



मौके पर मौजूद सिलेंडर जिससे बुझायी गयी आग व मौजूद पुलिसकर्मी

कल्पवासियों की लापरवाही सामने आयी। जिससे एक बड़ी घटना होने से टल गयी। हुआ यूं कि मेला रामनगरिया में 6 नंबर सीढ़ी क्षेत्र में गुरुकृपा अन्न क्षेत्र में जनपद शाहजहाँपुर थाना कांठ ग्राम मल्लपुर निवासी श्रीदेवी झोपड़ी डालकर कल्पवास कर रही हैं। बीती रात वह खाना बना रही थी, तभी सिलेंडर लींक होने से आग लग गयी। जिससे आसपास के कल्पवासियों में अरफा-तफरा का माहौल उत्पन्न हो गया। सभी लोग दौड़कर मौके पर पहुंचे तथा घटना की सूचना पुलिस को दी गयी। पुलिस ने फोन कर करीब तीन गाड़ियां मौके पर बुला लीं। मौके पर मौजूद लोगों व फायर ब्रिगेड कर्मियों ने समय रहते आग पर काबू पा लिया। घटना की जानकारी मिलने पर दुर्वाशा ऋषि आश्रम के महंत ईश्वर दास महाराज भी तत्काल मौके पर पंहुच गए और उन्होंने घटना की जानकारी ली।

# वाहन स्टैण्ड ठेकेदार ने एडीएम को ठेका सरेंडर करने का दिया प्रार्थना पत्र

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

मेला रामनगरिया के वाहन स्टैण्ड ठेकेदार ने पुलिस पर मारपीट का आरोप लगाते हुए अपर जिलाधिकारी को संबोधित प्रार्थना पत्र मेला व्यवस्थापक को देकर ठेका सरेंडर करने की मांग की है।

जानकारी के अनुसार वाहन स्टैण्ड के ठेकेदार ने अपर जिला अधिकारी को दिये गये प्रार्थना पत्र में कहा है कि थाना प्रभारी संजय राय ने अपने हमराही राहुल गौर के साथ पहुंचकर ट्रैक्टर से भरकर आये दबंगों के साथ मिलकर हम लोगों के साथ मारपीट शुरु कर दी। जब विरोध किया, तो और पीटा। वाहन स्टैण्ड ठेकेदार का कहना है कि वह अब ठेका नहीं चलायेंगे। इसलिए वह अपर जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर ठेका सरेंडर कर रहे हैं। ठेका कर्मचारियों का कहना है कि पुलिस आये दिन परेशान करती है और अवैध रुप से पैसे वसूलती है।



मौके पर मौजूद पुलिसकर्मी व वाहन स्टैण्ड चालक

न देने पर गाली-गलौज तथा अभद्र भाषा का प्रयोग करती है। जिससे उन्हें काफी ठेस पहुंची है। बताते चलें कि वाहन स्टैण्ड ठेकेदार वाहनों से जमकर अवैध वसूली करते हैं। जब कोई विरोध करता है, तो उससे मारपीट करने पर उतारु हो जाते हैं। जिससे आये दिन वाहन स्टैण्ड पर मारपीट की घटनायें हो रही हैं।

# केबिल बक्सा फटने से डेढ़ सौ गांव अंधेरे में डूबे

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** केबिल बक्सा फटने से डेढ़ सौ गांव अंधेरे में डूब गये। विद्युत कर्मचारी दुरुस्तीकरण में लगे हुए हैं, लेकिन जिम्मेदार फोन नहीं उठा रहे हैं। थाना क्षेत्र के कस्बा नवाबगंज स्थित फर्रुखाबाद रोड पर 3311 केवीए विद्युत उपकेंद्र पर आज 2:00 बजे से विद्युत व्यवस्था बाधित हो गयी। तब से लगातार विद्युत व्यवस्था चरमराई हुई चल रही है। जब इस बाबत एसडीओ तथा जे.ई. से जानकारी करनी चाहिए तो उन्होंने किसी का फोन ही नहीं उठाया। एक संविदा लाइनमैन ने बताया की विद्युत उपकेंद्र पर केबिल बक्सा फट गया है। जिस पर काम जारी है। जब सही हो जाएगा तभी बिजली मिल पाएगी। इससे डेढ़ सौ गांव अंधेरे में डूबे हुए हैं। इस वजह से मोबाइल फोन आदि चार्ज नहीं हो पा रहे हैं। इस बाबत एसडीओ से बात करनी चाहिए तो उन्होंने भी फोन नहीं उठाया।

# गैंगस्टर के आरोपी को तीन वर्ष का कारावास

- पांच हजार रुपए के अर्थदण्ड से किया दण्डित

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

अपर जिला जज विशेष गैंगेस्टर एक्ट न्यायाधीश रीतिका त्यागी ने नरेंद्र पुत्र गयादीन निवासी ग्राम कुम्हौली कोतवाली मोहम्मदाबाद को गैंगेस्टर के मामले में दोषी करार देते हुए तीन वर्ष का कारावास व पांच हजार रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया है। जानकारी के अनुसार बीते 22 वर्षों पूर्व कोतवाली मोहम्मदाबाद के प्रभारी जितेंद्र सिंह परिहार ने बयान किया कि मय हमराही राकेश सिंह मय सरकारी जीप कांस्टेबिल के साथ वीआईपी ड्यूटी आगमन की विनय कटियार प्रदेश अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी की कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत चौकी ताजपुर क्षेत्र के ग्राम कमलापुर, कुम्हौली में गश्त के समय ज्ञात हुआ आसपास के गांव में वीरेंद्र दुबे पुत्र गयादीन दुबे जो अपने भाई के साथ एक संगठित




जनपद न्यायालय फर्रुखाबाद

गिरोह समाज विरोधी क्रिया कलाप निवारण वर्ष 1986 के तहत वीरेंद्र दुबे, नरेंद्र दुबे के विरुद्ध गैंगेस्टर के तहत मुकदमा दर्ज किया गया। विवेचक ने साक्ष्य गवाह के आधार पर न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल कर दिया। बचाव पक्ष की दलील व शासकीय अधिवक्त शैलेश सिंह परमार की पैरवी के आधार पर न्यायाधीश रीतिका त्यागी ने नरेंद्र दुबे को तीन वर्ष का कारावास व पांच हजार रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया, जबकि मुकदमा विचारण वीरेन्द्र दुबे की मृत्यु हो गयी।

# डीएम ने की जिला स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण समिति की मासिक बैठक

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण समिति की मासिक बैठक संपन्न हुई। समिति के सभी सदस्यों के अतिरिक्त सभी खंड विकास अधिकारी, सहायक विकास अधिकारी पंचायत और खंड प्रेरक उपस्थित थे।

स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के अंतर्गत जनपद में व्यक्तिगत शौचालय निर्माण के लक्ष्य के सापेक्ष अभी भी 11818 शौचालय की प्रथम किश्त दिया जाना चाहिए, सभी खंड विकास अधिकारी और अधिकारी पंचायत को निर्देशित किया कि पोर्टल पर विशेष आवेदनों का सत्यापन कराकर लक्ष्य के सापेक्ष पात्र परिवारों को प्रथम किश्त प्रेषित की जाये। व्यक्तिगत शौचालय के जियो टैग में जनपद में कुल 161 जियो टैग शेष हैं, इसे 2 दिन के अंदर पूर्ण कराने हेतु समस्त खंड विकास अधिकारियों को निर्देश दिए। शौचालय हेतु 13529 आवेदन पेंडिंग हैं। विकासखंड शमशाबाद में सर्वाधिक संख्या में आवेदन पेंडिंग है। डीएम ने सभी को निर्देशित किया कि 03 फरवरी तक एक सप्ताह के अंदर सभी आवेदनों का सत्यापन पूर्ण कराकर पात्र लाभार्थियों का अप्रूवल और अपात्र आवेदनों को रिजेक्ट कर पोर्टल पर पेंडिंग आवेदन ऑन की संख्या समाप्त करायें। पेरीअर्बन ग्राम के चिन्हीकरण पर जनपद के कुल 62 ग्रामों का चिन्हांकन बैठक में उपस्थित जनप्रतिनिधियों और खंड विकास अधिकारियों द्वारा किया गया। ओडीएफ प्लस गांव के सत्यापन के अंतर्गत कुल 837 में से 304 ग्रामों का सत्यापन किया गया है, शेष ग्रामों के सत्यापन हेतु निर्देशित किया गया कि सभी खंड विकास अधिकारी सत्यापन हेतु लगाए गए अधिकारियों के साथ संपर्क कर एक सप्ताह में सत्यापन पूर्ण कराते हुए सत्यापन आख्या पोर्टल पर अपलोड करा दें। जनपद में कुल लक्ष्य



बैठक लेते डीएम

पंचवर्षीय के सापेक्ष 483 आरसी का निर्माण पूर्ण हो गया है। डीएम ने निर्देशित किया कि 483 के सापेक्ष कितने संचालित हैं और कितना कलेक्शन किया जा रहा है कि सूचना को भी समीक्षा में सम्मिलित किया जाए। 81 आरआरसी निर्मला दिन है एक सप्ताह में इसे पूर्ण करने के लिए सभी सहायिका अधिकारी पंचायत द्वारा एक सप्ताह में पूर्ण करने का आश्वासन दिया गया। इसी प्रकार कुल 16 आरसी अनाराम है। डीएम ने निर्देश दिए कि जहां भूमि उपलब्ध नहीं है वहां एसडीएम स्पष्ट रूप से भूमि उपलब्ध नहीं होने का प्रमाण पत्र उपलब्ध करायेंगे और जहां पर भूमि उपलब्ध है वहां खण्ड विकास अधिकारी एसडीएम से समन्वय कर भूमि हस्तांतरित करने की कार्यवाही एक सप्ताह पूर्ण कराएंगे। जहां भूमिविवाद है वहां पर जिला स्तरीय अधिकारी और प्रशासन मिलकर भूमिविवाद को समाप्त करेंगे। प्रतिभा 2024 में ठोस अंतराल अस्तित्व बंधन के अंतर्गत धनराशि मात्र 28.75 खर्च हुई है। जिला पंचायत राज अधिकारी द्वारा बताया गया कि वर्तमान में एसएनए खाते में क्रेडिट लिमिट न होने के कारण भुगतान पर रोक है। खंड विकास अधिकारी और सहायक विकास अधिकारी पंचायत को बताया गया कि वह अग्रिम कार्य कर लें और जैसे ही क्रेडिट लिमिट जारी होती है, वित्तीय प्रगति सुनिश्चित करें। ओएसआर खाते में ठोस तरल अपशिष्ट प्रबंधन के अंतर्गत स्वच्छता शुल्क जमा करने की समीक्षा की गई। माह दिसंबर और जनवरी में 12 लाख शुल्क जमा करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया था। जिसके सापेक्ष मात्र 97 हजार की धनराशि जमा की गई है। विकासखंड कमालगंज, मोहम्मदाबाद, शमशाबाद द्वारा माह दिसंबर में कोई धनराशि जमा नहीं की गई है। जिस पर डीएम ने विकासखंड कमालगंज के सहायक विकास अधिकारी पंचायत विनय सिंह, खंड विकास अधिकारी टीसी शर्मा, मोहम्मदाबाद के सहायक विकास अधिकारी पंचायत गिरन्द सिंह और विकासखंड शमशाबाद के सहायक विकास अधिकारी पंचायत अफाक हुसैन को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए। गंगा एक्शन प्लान के अंतर्गत 91 प्रतिशत की प्रगति हुई है, जबकि यह धनराशि 2 वर्ष पूर्व ग्राम पंचायत को उपलब्ध कराई गई थी। इस मद में धनराशि उपलब्धता की कोई समस्या नहीं है। एक सप्ताह में 100 प्रतिशत धनराशि खर्च करने के निर्देश खंड विकास अधिकारी और सहायक विकास अधिकारी पंचायत को दिए गए। इसके साथ ही पंचायत सहायक के रिक्त पदों पर चयन के सापेक्ष अनुमोदन हेतु भी जिला स्तरीय समिति की बैठक हुई। जिसमें कुल 59 पद रिक्त थे। उसमें विकासखंड कायमगंज के 1 ग्राम पंचायत का प्रस्ताव नहीं प्राप्त हुआ और जनपद स्तरीय कमेटी को प्राप्त 58 प्रस्ताव में से 46 ग्राम पंचायत के प्रस्ताव का अनुमोदन समिति द्वारा किया गया। 12 आवेदन वापस करने का आदेश दिया गया। जिसमें 5 ग्राम पंचायत में मात्र एक ही आवेदन प्राप्त हुआ था और 07 प्रस्ताव जिला स्तरीय नोडल अधिकारों द्वारा युक्तसंगत नहीं पाया गया।

## नंदनी कृषक समृद्ध योजना की ई-लॉटरी में 24 का चयन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में नंदबाबा दुग्ध मिशन के अंतर्गत नंदनी कृषक समृद्ध योजना की ई-लॉटरी का आयोजन किया गया। ई-लॉटरी में कुल 73 प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया। जिनमें 53 महिला व 20 पुरूष है, योजना में कुल 24 लोगों का चयन किया गया। जिनमें 12 महिला व 12 पुरुष है। इस योजना की प्रति व्यक्ति 02 लाख की है। जिसमें से 40 प्रतिशत (80 हजार रुपये) का अनुदान दिया जाता है। जिससे 02 स्वदेशी गायों की प्रदेश के बाहर से खरीददारी की जाती है। बैठक में जिला विकास अधिकारी, वरिष्ठ कोषाधिकारी व संबंधित अधिकारी व प्रतिभागी मौजूद रहे।

## मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना की बैठक सम्पन्न

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना की बैठक का आयोजन किया गया। कृषक दुर्घटना कल्याण योजना में मृतक किसान को मुआवजा सरकार द्वारा दिया जाता है। बैठक में प्रस्तुत किये गये दावों में से शासनादेश के अनुसार उपयुक्त पाये गये 14 दावे स्वीकृत किये गये। उक्त बैठक में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व, समस्त उपजिलाधिकारी एवं तहसीलदार उपस्थित रहे।

# अटेवा ने यूपीएस का विरोध कर पुरानी पेंशन बहाली की उठाई मांग

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

अटेवा के प्रादेशीय आवाह्न पर जनपद के विभिन्न कार्यालयों व विद्यालयों, चिकित्सालयों में कर्मचारियों एवं शिक्षकों ने यूपीएस के विरोध में नारेबाजी कर कागज पर यूपीएस की कमियां लिखकर जलायी तथा पुरानी पेंशन बहाली की मांग की।

अटेवा के प्रदेश संयुक्त मंत्री ज्ञानप्रकाश त्रिपाठी के नेतृत्व में केंद्र सरकार द्वारा जारी यूपीएस गजट के विरोध में प्रदर्शन किया गया।

ज्ञानप्रकाश त्रिपाठी ने कहा कि यूपीएस में कर्मचारी के वेतन से पूरे सेवाकाल में दस प्रतिशत राशि जो लाखों, करोड़ों रुपये की होगी उसको सरकार हड़प कर रही है तथा अंतिम मूल वेतन का 50 प्रतिशत की बात भी झूठी है। क्योंकि इसमें इतनी शर्तें लगा दी है जो कभी भी पूरी नहीं होंगी। एक बार यूपीएस चयन करने के बाद उसे परिवर्तन नहीं कर सकते है। वहीं रस्तोगी इंटर कालेज में विरोध प्रदर्शन के दौरान शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष लालाराम दुबे, जिला महामंत्री नरेन्द्र सिंह सोलंकी, राज्य कर्मचारी महासंघ के जिला महामंत्री प्रमोद कुमार दीक्षित, एक्स-रे टेक्नीशियन संघ के अध्यक्ष विजय शंकर तिवारी, प्रधानाचार्य परिषद के जिलाध्यक्ष अनिल सिंह, शिवओम द्विवेदी, प्रेमपाल सिंह, डॉ. बृजभूषण सिंह, संदीप कुमार चतुर्वेदी, रावेन्द्र सिंह, देवेन्द्र कुमार, संजीव सिंह चौहान, शैलेश दुबे, सुधाकर चतुर्वेदी, किरन वर्मा सहित बड़ी संख्या में शिक्षक व कर्मचारी मौजूद रहे।



यूपीएस का विरोध करते शिक्षक व कर्मचारी

# 15 फरवरी से जिले में आयोजित होंगे अटल विरासत सम्मेलन : रुपेश गुप्ता

▸ अटल स्मृति संकलन व सम्पर्क अभियान के तहत स्मृतियों का किया जाएगा संकलन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

मंगलवार को आवास विकास कॉलोनी स्थित भाजपा कार्यालय पर जिलाध्यक्ष रूपेश गुप्ता ने पत्रकार वार्ता में बताया कि पूर्व प्रधानमंत्री व भारत रत्न स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेई की जन्म जयंती को 100 वर्ष पूर्ण होने पर उनकी जन्म शताब्दी भव्यता के साथ मनाया गया था। उसी के दौरान बीच में संगठन पर्व अभियान भी चल रहा था, संगठन पर्व कार्यक्रम जिले में सम्पन्न हो चुका है। पूर्व प्रधानमंत्री की जन्म शताब्दी कार्यक्रम को और भव्य रूप देने के लिए पूरे जनपद में कुछ कार्यक्रम प्रदेश नेतृत्व द्वारा प्राप्त हुए हैं। उन कार्यक्रमों में अटल स्मृति संकलन एवं संपर्क अभियान कार्यक्रम के माध्यम से ऐसे व्यक्तियों का चयन जो की पूर्व प्रधानमंत्री के साथ उनकी कुछ स्मृतियां हैं, जिसमें पेपर कटिंग या किताब पर दिया गया ऑटोग्राफया अन्य कोई भी दस्तावेज प्रत्यक्ष, अप्रत्यक्ष रूप से अटल बिहारी वाजपेई से संबद्ध है, स्मृति का ऑडियो क्लिप, वीडियो उपलब्ध है ऐसे व्यक्तियों से संपर्क करके उसको संकलित करने का कार्य किया जाएगा। इस अभियान के माध्यम से उन्हें भाग्यवान व्यक्तियों व कार्यकर्ताओं को चिन्हित करके उन तक पहुंच कर उन्हें सम्मानित करने का भी कार्य किया जाएगा। ऐसी सभी जानकारी भी प्रांतीय व राष्ट्रीय स्तर पर भी प्रदर्शित की जाएगी। कार्यक्रम 31 जनवरी को पूरे जनपद में चलाया जाएगा। दूसरे अभियान के अंतर्गत 15 फरवरी से 15 मार्च के अंतर्गत जिले में अटल विरासत सम्मेलन कार्यक्रम आयोजित होगा। जिसमें जिले के प्रबुद्ध जन विशिष्ट जन एवं अटल जी के सभी प्रशंसक आमंत्रित किए जाएंगे।

सम्मेलन में अटल के साथ कार्य कर चुके वरिष्ठ कार्यकर्ताओं का सम्मान होगा। अटल के व्यक्तित्व कृतित्व पर जो भी लेख व पुस्तक लिखी गई हैं उनके लेखकों को सम्मानित किया जाएगा।

इस अवसर पर हिमांशु गुप्ता, डीएस राठौर, सुनील रावत, जय गंगवार, संजीव गुप्ता, शिवांग रस्तोगी, अभय सिंह कठेरिया, कृष्ण मुरारी राजपूत आदि लोग मौजूद रहें।



वार्ता में जानकारी देते जिलाध्यक्ष रुपेश गुप्ता

# नेतृत्व क्षमता संवर्धन प्रशिक्षण में प्रधानाचार्यों ने लिया भाग

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

अशासकीय सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालय की पांच दिवसीय नेतृत्व क्षमता संवर्धन प्रशिक्षण कार्यक्रम के द्वितीय दिवस पर प्रधानाचार्यों को प्रशिक्षण दिया गया। जिला विद्यालय निरीक्षक नरेन्द्र पाल सिंह व डायट प्राचार्य अनुपम अवस्थी, उप प्राचार्य डायट के नेतृत्व में कार्यशाला चल रही है। प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर राजकीय इंटर कॉलेज फर्रुखाबाद के प्रधानाचार्य सौरभ प्रताप सिंह व प्रधानाचार्य डॉ. महेश चन्द्र राजपूत ने प्रशिक्षण दिया। नई दिल्ली से तैयार प्रशिक्षण माडयूल्ड से समग्र प्रधानाचार्यों को नेतृत्व विकास, समय प्रबंधन, तनाव प्रबंधन नेतृत्व की विशेषतायें व दक्षतायें के बारे में गहनता से प्रशिक्षण में जानकारी दी गई। विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से प्रधानाचार्यों को कुशल नेतृत्व से प्रशिक्षण दिया गया। प्रशासनिक कौशल में दक्ष बनाना जो अपनी संस्था को एक अधिगम संस्था के रुप में विकसित करें।

प्रशिक्षण में जनपद के 63 प्रधानाचार्यों ने रस्तोगी इंटर कालेज में आयोजित प्रशिक्षण में प्रतिभाग किया। इस मौके पर प्रधानाचार्य संतोष कुमार त्रिपाठी, प्रेमपाल सिंह, डा0 संदीप कुमार चतुर्वेदी, डॉ. बृजभूषण सिंह, डॉ. ओमपाल सिंह रघुवंशी, प्रधानाचार्य सुमन त्रिपाठी, डॉ. नीतू मसीह, इंदू मिश्रा, ऐस्तर रोज दयाल, रीता दुबे, राकेश कुमार गुप्ता, डॉ. विनीत सिंह चौहान, अनिल सिंह, शिवओम दीक्षित, अमित सिंह, धर्मेन्द्र सिंह रघुवंशी आदि 63 प्रधानाचार्यों ने प्रतिभाग किया।



प्रशिक्षण में भाग लेते प्रधानाचार्य मौजूद ट्रेनर

# परिवार न्यायालय में प्रधान न्यायाधीश जमशेद अली ने कार्यभार किया ग्रहण

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय जमशेद अली ने मंगलवार को न्यायालय फतेहगढ़ आकर कार्यभार ग्रहण कर लिया। साथ ही कार्यभार ग्रहण करने के दौरान न्यायाधीश का न्यायिक अधिकारियों व अधिवक्ताओं ने बुके देकर स्वागत किया।

उच्च न्यायालय इलाहाबाद ने जनपद कुशीनगर मोटर वाहन दुर्घटना दावा अधिकरण से उनका स्थानांतरण फर्रुखाबाद परिवार न्यायालय में प्रधान न्यायाधीश के पद पर किया गया है। प्रधान न्यायाधीश का पद पर कार्य भार ग्रहण करने पर परिवार न्यायालय के परामर्श दाता दीपक कुमार व मनीष कुमार कश्यप ने बुके देकर स्वागत किया। इस अवसर पर मुन्ना, हेमू सिंह, पेशकर इसरार आदि न्यायालय के लोग मौजूद रहे।



प्रधान न्यायाधीश का स्वागत करते अधिवक्ता

# मेला रामनगरिया में गंगा समिति ने रैली निकालकर किया गया जागरुक

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

मेला श्री रामनगरिया में जिला गंगा समिति के तत्वाधान में जन जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। गंगा सेविकाओं ने नदियों के स्वरूप में जिसमें मां गंगा, यमुना, सरस्वती, कावेरी, कृष्णा इत्यादि नदियों के रूप में रचना गुप्ता, वैष्णवी, पायल, नेहा, अंशु व अन्य बेटियों ने स्वरूप धारण कर जगह-जगह मेला क्षेत्र में सभी को जागरूक किया। जिला परियोजना अधिकारी निहारिका पटेल के निर्देशन में नदियों के स्वरूप की रैली मेला क्षेत्र में निकाली गई। जगह-जगह पर मेला में भ्रमण करने आए श्रद्धालुओं को गंगा संरक्षण एवं अन्य नदियों को संरक्षण करने हेतु जागरूक किया गया। जिला परियोजना अधिकारी निहारिका पटेल ने कहा कि मेला श्री रामनगरिया हमारी फर्रुखाबाद की शान है। पतित पावनी मां गंगा के तट पर है यह विशाल मेला लगता है, जिसमें हजारों लाखों श्रद्धालु स्नान करने आते हैं। जाने अनजाने में लोग प्लास्टिक, पॉलिथीन, प्लास्टिक की थैली, बोतल इत्यादि गंगा के तट पर एवं मेला क्षेत्र में छोड़ जाते हैं। कई श्रद्धालु मेला क्षेत्र मे कल्पवास करते हैं एवं भ्रमण करने आते हैं। मेला क्षेत्र को प्लास्टिक मुक्त बनाने एवं स्वच्छ रखने के लिए सभी युवाओं के द्वारा बड़े स्तर पर कार्य किया जा रहा है। दुकानदारों को भी पूरी तरह से जागरूक किया जा रहा है वह किसी प्रकार का कूड़ा या पॉलीथीन ना फैलाएं। युवाओं ने जन जागरूकता स्लोगन के साथ गंगा स्वच्छता एवं संरक्षण के नारे भी लगाए। सभी लोगों को गंगा संरक्षण एवं स्वच्छता की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर गंगा योद्धा सुमित कुमार, विकास कुमार, निशु कटियार, मीना कटियार, हिमांशु, पियूष, प्रांशी एवं अन्य युवा साथी उपस्थित रहे।




गंगा स्वच्छता की रैली निकालते समिति के लोग

# धूमधाम से निकली माता रानी की शोभायात्रा, हुआ स्वागत

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।**

विशाल रामसरण शिक्षण संस्थान दारा ब्लाक कमालगंज के ग्राम टाडाबैरामपुर में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी माता रानी की शोभायात्रा बड़े ही धूमधाम से गाजे-बाजे के साथ निकाली गई। जिसमें मां दुर्गा जी, भगवान शंकर की शोभा यात्रा व आदि स्वरुप शामिल थे। शोभायात्रा मन्दिर से प्रारम्भ होकर पूरे गांव में भ्रमण करती हुई दुर्गा नन्द आश्रम से होती हुई पुनः मन्दिर पर पहुंचकर विराम पाया। जहां हवन पूजन कर भण्डारे का आयोजन किया गया। यज्ञआचार्य बालिस्टर सिंह ने वेद मंत्रो के साथ पूर्ण आहुति देकर सम्पन्न कराया। भण्डारे में बड़ी संख्या में भक्तों ने शामिल होकर प्रसाद पाया। कार्यक्रम के आयोजक पवन कुमार श्रीवास्तव ने आये हुए अथितियों का माला एवं शॉल ओड़ाकर स्वागत किया।

मुख्य रुप से भाजपा के जिला मंत्री गुरूचरन आजाद, वरिष्ठ नेता राजीव चतुर्वेदी, प्रधान दिलीप कुमार यादव, प्रधानाचार्य सूरज, ब्रजेश यादव, प्रेम चन्द यादव, मनोज कुमार शखवार, टाडाबैरामपुर के प्रधान रामसेवक राजपूत आदि का भी पवन श्रीवास्तव ने स्वागत किया। इस अवसर पर देवेन्द्र, बन्टू बाथम, प्रवीण कुमार श्रीवास्तव, सोनू, मयंक, चन्द्र प्रकाश, आशीष श्रीवास्तव आदि ने सहयोग किया।

# लाला लाजपत राय की जयंती पर दी गई श्रद्धांजलि

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

▸ क्रांतिकारियों को नमन कर विचार गोष्ठी का हुआ आयोजन

आर्य प्रतिनिधि सभा के तत्वावधान में मेला श्रीरामनगरिया में चल रहे वैदिक क्षेत्र में चरित्र निर्माण शिविर में प्रतिदिन की भांति प्रातःकाल यज्ञ किया गया। कल्पवासियों ने श्रद्धापूर्वक आहुतियां देकर पुण्य लाभ अर्जित किया। क्रांतिकारियों के प्रेरणास्रोत महान क्रांतिकारी लाला लाजपत राय की जयंती पर उनको श्रद्धांजलि अर्पित की गई। आचार्य चन्द्रदेव शास्त्री ने कहा कि महर्षि दयानन्द सरस्वती के अनन्य भक्त लाला लाजपतराय ने भारत माता की आजादी के लिए अपना सर्वस्व अर्पण कर दिया था।

बहुत कम लोग जानते हैं कि लाला लाजपत राय ने ही अंग्रेजों भारत छोड़ो का नारा दिया था। उन्होंने साइमन कमीशन का विरोध करते हुए यह नारा दिया था। लाला लाजपतराय ने अपने आखिरी भाषण में कहा था कि मेरे शरीर पर पड़ी एक-एक लाठी ब्रिटिश सरकार के ताबूत में एक-एक कील का काम करेगी।

उनके यह शब्द बाद में सही साबित हुए, लाला लाजपतराय के बलिदान के 20 वर्ष के भीतर ही ब्रिटिश साम्राज्य का अस्त हो गया। साइमन कमिशन के विरोध के दौरान लाला लाजपतराय पर लाठीचार्ज हुआ। जिससे उनका बलिदान हो गया। इससे भगतसिंह, सुखदेव और राजगुरु में काफी रोष देखा गया था। उन्होंने लाला जी पर लाठीचार्ज करने वाले अंग्रेज अफसर सांडर्स को 17 दिसम्बर 1928 को मार गिराया। ऐसे वीरों के प्रति देश हमेशा कृतज्ञ रहेगा। डॉ0 शिवराम आर्य ने बताया कि शिक्षा के साथ में संस्कारों का समावेश ही मनुष्य को महान बनाता है।

किसी चीज की क्वॉलिटी को बढ़ा देना, किसी वस्तु की गुणवत्ता को बढ़ा देना संस्कार कहलाता है। श्रेष्ठ और आदर्श कर्म ही मनुष्य की गुणवत्ता को बढ़ाते हैं जिससे मनुष्यत्व से ऊपर उठकर मनुष्य देवत्व को प्राप्त करता है। पण्डित धनीराम बेधड़क, पण्डित शिवनारायण आर्य, आचार्य विवेक आदि ने भी अपने उपदेशों से समाज उत्थान की चर्चा की। संचालन डॉ0 शिवराम सिंह आर्य ने किया। कार्यक्रम में उत्कर्ष आर्य, उदयराज आर्य, संजय यादव, हरिओम शास्त्री, शिशुपाल आर्य, अजीत आर्य, रत्नेश द्विवेदी, उपासना कटियार, नीति कुशवाह, अमृता आर्या, रेनू आर्या आदि उपस्थित रहे।



विचार व्यक्त करते डॉ. शिवराम आर्य

# पदक पाने वाले दो विजेताओं का सम्मान

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

गायत्री इंटरनेशनल स्कूल निकट गुड़गांव देवी मंदिर के छात्र अर्पिता भारद्वाज ने बीते 28 व 29 दिसम्बर को दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में आयोजित प्रतियोगिता में मेडल जीते थे। गणतंत्र दिवस पर विद्यालय के चेयरमैन मनोज अग्रवाल व डायरेक्टर देवांश अग्रवाल ने सम्मानित किया। नेशनल शोतोकान प्रतियोगिता में जीत हासिल करने वाले दोनों छात्रों ने जनपद का नाम रोशन किया। दोनों बच्चों ने नेशनल स्तर पर प्रतियोगिता में भाग लिया था और जीत दर्ज की। प्रधानाचार्य राजकुमार शर्मा ने कहा कि हमारा स्कूल पढ़ाई की गुणवत्ता के साथ-साथ खेलों का भी आयोजन करवाता है। जिससे बच्चे मजबूत बनेंगे और आज के समय को देखते हुए सभी बच्चों को आत्मरक्षा के लिए करते जरूर सीखना चाहिए। कोच पारस भारद्वाज ने कहा कि यह स्कूल पढ़ाई के साथ-साथ बच्चों को मानसिक और शारीरिक स्तर दोनों पर काम करता है। यह इस बात से प्रमाणित होता है कि स्कूल के द्वारा तीन बात डिस्ट्रिक्ट प्रतियोगिता हो चुकी हैं। स्कूल के बच्चे दो बार स्टेट में और अभी दो बार नेशनल प्रतियोगिता में भाग लेकर अपने जिले का नाम रोशन कर चुके हैं। साथ ही बच्चों ने गणतंत्र दिवस पर कार्यक्रम प्रस्तुत किये। सभी को विद्यालय की ओर से सम्मानित किया गया।



# अतुल्य गंगा ग्रीन इण्डिया फाउंडेशन ने निकाली साइकिल यात्रा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

▸ पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

अतुल्य गंगा ग्रीन इण्डिया फाउंडेशन वृक्षमाल अभियान के द्वारा गंगोत्री से लेकर प्रयागराज तक 11 दिन की साइकिल यात्रा निकाल कर पर्यावरण संरक्षण एवं गंगा स्वच्छता अभियान के प्रति जागरूक करने के संकल्प के साथ आर्मी पब्लिक स्कूल फतेहगढ़ में सभा आयोजित कर छात्र-छात्राओं को पर्यावरण संरक्षण, गंगा को स्वच्छ रखने, प्लास्टिक मुक्त भारत को रखने के लिए शपथ दिलाई। फाउण्डेशन के द्वारा वृक्षारोपण भी किया।

फाउण्डेशन में अवकाश प्राप्त सैन्य अधिकारी तथा अन्य सिविल अधिकारी शामिल हैं। विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। विद्यालय की कार्यवाहक प्रधानाचार्य एकता साध ने सभी सदस्यों का स्वागत करते हुए उनके इस सराहनीय कार्य की प्रशंसा की। अवकाश प्राप्त कर्नल मनोज केश्वर ने कहा कि भारत में नदियां धीरे-धीरे लुप्त हो रही हैं। विश्व का सबसे श्रेष्ठ लोकतन्त्र वाले देश की राजधानी दिल्ली में प्रवाहित यमुना की दुर्दशा है। गंगा का पानी प्रदूषित हो रहा है। हमारी संस्कृति नदी पर ही वसती है और हम लोग नदियों पर ही आश्रित हैं। नदियों का पानी दिन प्रतिदिन समाप्त हो रहा है। जिससे जनता पलायन की कगार पर है। कर्नल मनोज केश्वर ने बताया कि हम सभी ने 20 जनवरी से 11 दिन की गंगोत्री से साइकिल यात्रा शुरू की, जो 31 जनवरी को महाकुंभ प्रयागराज में समाप्त होगी।

संगठन का एक ही अभियान गंगा को प्लास्टिक मुक्त करना है। संस्थापक गोपाल शर्मा ने बताया कि 40 प्रतिशत आबादी गंगा के किनारे रहती है। गंगा के लुप्त होने पर इस आबादी को भी पलायन करना पड़ेगा। सदस्य कालेश्वर ने कहा कि अभी तक हजारों पेड़ लगाए हैं जिनमें 80 प्रतिशत से भी अधिक पेड़ फल फूल रहे हैं। इस अवसर पर एनसीसी के 12 यूपी बटालियन और 4 यूपी बटालियन के कैडिट्स ने अपना सराहनीय योगदान दिया। अंग्रेजी प्रवक्ता पूर्णिमा अग्निहोत्री ने आगन्तुक अतिथियों तथा साइकिल यात्रा की पूरी टीम का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर मेजर फिलिप, मेजर एकलव्य नेहरा, एएनओ लेफ्टिनेंट चंचल शर्मा, अनुराधा मुखर्जी, सर्वेश मिश्रा, डॉ. सुनील कुमार त्रिपाठी सहित कई लोग उपस्थित रहे।




कार्यक्रम में मौजूद लोग

# मोहम्मदाबाद खण्ड विकास अधिकारी को मिला आईएसओ प्रमाण पत्र

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

विकास खंड कार्यालय मोहम्मदाबाद में आयोजित समारोह में अंतरराष्ट्रीय संस्था इंटरनेशनल ऑर्गनाइजेशन फॉर स्टैंडराइजेशन द्वारा खंड विकास अधिकारी कार्यालय के आधुनिकीकरण, कम्प्यूटरीकरण, स्वच्छता एवं कार्य प्रणाली में नवाचार की दिशा में विशिष्ट एवं उल्लेखनीय कार्य के लिये संस्था द्वारा आईएसओ प्रमाणपत्र जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी के हाथों से खंड विकास अधिकारी/उपजिलाधिकारी प्रशिक्षु नितेशराज को प्रदान किया गया। आईएसओ प्रमाणपत्र के लिये सलाहकार का कार्य खंड विकास अधिकारी/डिप्टी कलेक्टर प्रशिक्षु नितेशराज द्वारा गुरुग्राम की संस्था सानवी प्रबंधन परामर्श सौपा गया। संस्था के अधिकारी आजाद सिंह के मार्गदर्शन में ब्लॉक कार्यालय में सिस्टम, प्रोसेस, इंफ्रास्ट्रक्चर व तकनीकी में सुधार किये गये फाइल एवं डॉक्यूमेंट मैनजमेंट सिस्टम को लागू किया गया। कार्यालय के लेआउट में सुधार किया गया। कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी अरविन्द कुमार मिश्रा, जिला विकास अधिकारी व संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।



बीडीओ/डिप्टी कलेक्टर को आईएसओ प्रमाण पत्र देते डीएम

# ओडिशा नये भारत के आशावाद और मौलिकता का प्रतीक है : पीएम मोदी

**पीएम ने भुवनेश्वर में उत्कर्ष ओडिशा, मेक इन ओडिशा कॉन्क्लेव का किया उद्घाटन**

एजेंसी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि ओडिशा नये भारत के आशावाद और मौलिकता का प्रतीक है। प्रधानमंत्री भुवनेश्वर में उत्कर्ष ओडिशा, मेक इन ओडिशा कॉन्क्लेव का उद्घाटन करने के बाद संबोधित कर रहे थे।



प्रधानमंत्री ने कहा कि 2025 में यह ओडिशा की उनकी दूसरी यात्रा है। उन्होंने कहा कि उत्कर्ष ओडिशा राज्य में अब तक का सबसे बड़ा व्यापार सम्मेलन है। इसमें पांच से छह गुना अधिक निवेशक भाग ले रहे हैं। उन्होंने इस भव्य आयोजन के लिए राज्य के लोगों और ओडिशा सरकार को बधाई दी। प्रधानमंत्री ने कहा कि वह पूर्वी भारत को देश के विकास का ग्रोथ इंजन मानते हैं और ओडिशा की इसमें बड़ी भूमिका है। उन्होंने कहा कि इतिहास साक्षी है, जब ग्लोबल ग्रोथ में भारत की बड़ी हिस्सेदारी थी, तब पूर्वी भारत का अहम योगदान था। पूर्वी भारत में देश के बड़े इंडस्ट्रियल हब थे, बड़े पोर्ट्स थे, ट्रेड हब थे। ओडिशा साउथ ईस्ट एशिया में होने वाले ट्रेड का प्रमुख सेंटर हुआ करता था। यहां के प्राचीन पोर्ट्स एक प्रकार से भारत के गेट-वे हुआ करते थे।

उन्होंने कहा कि ओडिशा असाधारण है। ओडिशा नए भारत के आशावाद और मौलिकता का प्रतीक है। ओडिशा में अवसर भी है और यहां के लोगों ने हमेशा आउटपरफॉर्म करने का जुनून दिखाया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि विकसित भारत के निर्माण में ओडिशा की बड़ी भूमिका है। ओडिशावासियों ने समृद्ध ओडिशा के निर्माण का संकल्प लिया है। इस संकल्प की सिद्धि के लिए केंद्र सरकार की ओर से हर संभव सहयोग मिल रहा है। ओडिशा में पर्यटन की अपार संभावनाएं हैं। आज भारत का फोकस है भारत में शादी। आज भारत का मंत्र है भारत में हीलिंग। इसके लिए ओडिशा की प्रकृति और यहां की प्राकृतिक सुंदरता बहुत उत्साहवर्धक है। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत के आर्थिक विस्तार में दो बड़े खिलाड़ी हैं - पहला- हमारा अभिनव सेवा क्षेत्र और दूसरा- भारत के गुणवत्तापूर्ण उत्पाद। उन्होंने कहा कि केवल कच्चे माल के निर्यात से तीव्र विकास संभव नहीं है। हम पूरे पारिस्थितिकी तंत्र को बदल रहे हैं, भारत प्रवृत्ति बदल रहा है, क्योंकि यह मोदी को स्वीकार्य नहीं है।

# इस्कॉन के सात्विक महाप्रसाद से मिट रही सैकड़ों श्रद्धालुओं की भूख-प्यास

समृद्धि न्यूज



**प्रयागराज।** सनातन धर्म का सबसे बड़ा पर्व महाकुंभ 2025, उत्तरप्रदेश के प्रयागराज में पिछले 13 दिनों से आयोजित है, जिसमें अब तक 10 करोड़ से ज़्यादा श्रद्धालुओं ने प्रयागराज संगम में डुबकी लगा चुके हैं। इन दिनों पूरे शहर को रोशनी से जगमगा दिया गया है।

वहीं शहर में आगंतुकों की भीड़ से जहां शहर में हर जगह भीड़ और ट्रैफिक जाम की स्थिति देखी जा रही है, तो वहीं इन कठिनाइयों के बीच श्रद्धालुओं की इच्छा मेला स्थल में पहुच कर पवित्र गंगा और संगम में श्रद्धा की डुबकी लगाकर अपने आराध्य को अपना तनमन समर्पित करने की है। इस बीच इन श्रध्दालुओं की पेट की भूख और प्यास के साथ थकान को मिटाने अदाणी समूह ने बीड़ा उठाया है। अदाणी समूह ने विश्व के सबसे बड़े और सनातम धर्म के प्रचारक इस्कॉन के संयुक्त तत्वावधान में निःशुल्क भोजन प्रसाद वितरण का आयोजन किया है। जिसमें हर दिन सुबह 8.30 से रात 9 बजे तक निर्बाध लाखों श्रद्धालुओं को स्वादिष्ट और सात्विक भोजन प्रसाद परोसा जा रहा है। अदाणी और इस्कान समूह की इस जुगल बंदी ने पूरे मेलाक्षेत्र में घूमकर घूमकर अब तक करोड़ों आगंतुकों को स्वादिष्ट भोजन महाप्रसाद परोसा है। झारखंड के हजारीबाग के मुनेश्वर पांडे, सेवक राम और महाराष्ट्र राज्य से आए एक भक्त महावीर और रामदीन ने बताया कि वे कल ही मेला क्षेत्र में आए हैं और महा स्नान करके जाएंगे। अदाणी के माध्यम से हमारे खाने का अच्छा इंतज़ाम किया गया।

## खबरें एक नजर में

### आईडीएफसी बैंक को तीसरी तिमाही में हुआ 339 करोड़ का लाभ

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** आईडीएफसी फर्स्ट बैंक ने 31 दिसंबर, 2024 को समाप्त तिमाही और नौ महीनों के लिए बिना ऑडिट किए वित्तीय परिणाम जारी किए। कस्टमर डिपॉजिट्स में 28.8 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि दर्ज की गई, जो 31 दिसंबर, 2023 को 1,76,481 करोड़ रुपए थी और 31 दिसंबर, 2024 को बढ़कर 2,27,316 करोड़ रुपए हो गई। रिटेल डिपॉजिट्स में 29.6 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जो 31 दिसंबर, 2023 को 1,39,431 करोड़ रुपए से बढ़कर 31 दिसंबर, 2024 को 1,80,752 करोड़ रुपए हो गई। श्री वी. वैद्यनाथन, प्रबंध निदेशक और सीईओ, आईडीएफसी फर्स्ट बैंक ने कहा हमारा बैंक, ऋण और जमा दोनों पर अच्छी तरह से वृद्धि कर रहा है। हमारा ग्राहक जमा 29 प्रतिशत सालाना की दर से बढ़कर 2,27,316 करोड़ रुपए तक पहुँच गया है, जबकि कासा अनुपात 48 प्रतिशत पर स्थिर बना हुआ है। ऋण और अग्रिम 22 प्रतिशत सालाना की दर से बढ़कर 2,31,074 करोड़ रुपए तक पहुँच गए हैं। हम उद्योग की स्थिति को देखते हुए विशेष रूप से माइक्रोफाइनेंस ऋण बुक की कड़ी निगरानी कर रहे हैं। बैंक की कुल ऋण बुक की एसेट क्वालिटी स्थिर है, जिसमें ग्रॉस एनपीए 1.94 प्रतिशत और नेट एनपीए 0.52 प्रतिशत है। माइक्रोफाइनेंस ऋण बुक को छोड़कर, बैंक की बुक का ग्रॉस एनपीए और नेट एनपीए और भी कम यानि 1.81 प्रतिशत और 0.49 प्रतिशत है।

### मिर्जापुर में लगा पीडीए जन चर्चा जनपंचायत



**मिर्जापुर, समृद्धि न्यूज।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर 27 जनवरी 2025 से 28 जनवरी 2025 तक प्रत्येक विधानसभा क्षेत्रों में सेक्टरवार पीडीए जन चर्चा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर संविधान को बचाने तथा बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर के विचारों को जन जन तक पहुचाया गया। मझवां विधानसभा के गोतवां, मड़िहान के राजगढ़ में तालर व सदर विधानसभा के मदनपट्टी चुनार व छानबे के सेक्टरों में जनपंचायत आयोजित की गई। इस अवसर पर सपा जिलाध्यक्ष देवी प्रसाद चौधरी ने कहा कि बाबा साहेब के संविधान को बचाने के लिये हमे एकजुट होकर लड़ाई लड़नी पड़ेगी। इस अवसर पर दामोदर प्रसाद मौर्या, झल्लू यादव, सत्यप्रकाश सिंह, राममिलन यादव, राणा प्रताप सिंह, सन्तबीर मौर्या, शैलेष पटेल, रामजी मौर्या, अशोक सिंह 'मुन्ना', शिव नारायण बिन्द, मुकुन्द यादव, बब्बू चमार आदि सैकड़ों लोग शामिल थे।

### इन्फिनिक्स ने पेश किया स्मार्ट 9एचडी स्मार्टफोन



**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** इन्फिनिक्स ने अपना नया स्मार्टफोन, स्मार्ट 9एचडी पेश किया है। यह अपनी विशेषताओं के साथ भारतीय स्मार्टफोन बाजार में एक बड़ा परिवर्तन लेकर आ रहा है। स्मार्ट 9एचडी में 90 हट्र्ज़ के रिफ्रेश रेट और 500 निट्स ब्राईटनेस के साथ 6.7'' एचडी+ पंच-होल डिस्प्ले है। इसके ड्युअल स्पीकर्स डीटीएस ऑडियो प्रोसेसिंग और साउंड बूस्ट टेक्नोलॉजी के साथ आते हैं, जो शानदार और प्रभावशाली साउंड के साथ मनोरंजन का अनुभव और बेहतर बना देते हैं।

### बालिका के साथ दुष्कर्म करने पर मुकदमा दर्ज

**हलिया (मिर्जापुर)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी 12 वर्षीय बालिका कि बहन ने मंगलवार को थाने में तहरीर देकर गांव निवासी अधेड़ के विरुद्ध बालिका के साथ दुष्कर्म करने का आरोप लगाया था जिस पर पुलिस ने अधेड़ के विरुद्ध दुष्कर्म सहित पास्को एक्ट दलित उत्पीड़न कि धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आरोपित अधेड़ कि तलाश करने में जुट गई है।

वहीं बालिका को मेडिकल परीक्षण के लिए मण्डलीय चिकित्सालय भेज दिया है। दिए गए तहरीर में बालिका कि बहन ने आरोप लगाया है की बारह वर्षीय बहन राजपुर गांव के आमिलहवा घाट की तरफ रविवार की दोपहर बकरी चराने के लिए गई थी की गांव निवासी एक व्यक्ति ने बहन के साथ दुष्कर्म किया। घर आने पर बहन ने इसकी जानकारी दी। जिस पर पुलिस ने बालिका की बहन की तहरीर पर अधेड़ व्यक्ति के विरुद्ध बालिका के साथ दुष्कर्म करने व पास्को एक्ट व दलित उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज कर आरोपित की तलाश कर रही है और बालिका को मेडिकल परीक्षण के लिए महिला कांस्टेबल ममता नायक के साथ मण्डलीय चिकित्सालय भेज दिया है। पूरे मामले की विवेचना सीओ लालगंज अशोक कुमार सिंह द्वारा किया जा रहा है। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक वीरेंद्र सिंह ने बताया की बालिका की बहन की तहरीर पर अधेड़ के विरुद्ध दुष्कर्म पास्को दलित उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज कर अधेड़ की तलाश किया जा रहा है। जल्द ही अधेड़ को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया जायेगा।

# गणतंत्र दिवस पर स्कूली बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों से मोहा मन




समृद्धि न्यूज

**राजगढ़ (मिर्जापुर)।** विकासखंड राजगढ़ क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों में गणतंत्र दिवस के अवसर पर ग्रामीण स्कूलों में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसके अलावा श्री बृजराज आदर्श इंटर कॉलेज चौखड़ा के स्कूली बच्चों ने भी नशा मुक्ति अभियान पर स्कूली बच्चों के अलावा ग्रामीणों के लिए मिसाल पेश की।

बच्चों ने अलग-अलग वेशभूषा में आकर एक अलग पहचान बनाई।जिसमें शराब सिगरेट अन्य नशा मुक्ति अभियान पेश करके लोगों को तालियां बजाने पर मजबूर कर दिया।रुद्रा इंटरनेशनल स्कूल के प्रबंधक श्रवण कुमार सिंह ने ध्वजारोहण किया। इसके बाद बच्चों ने भी सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश करके एक मिसाल कायम की। यहां पर भी बच्चों ने नशा मुक्ति केंद्र का अभियान चलाया और अपने गीतों के माध्यम से खूब वह वाही लूटी। नवदीप इंग्लिश स्कूल ददरा के प्रबंधक धीरेंद्र सिंह ने ध्वजारोहण किया। बच्चों ने भी नशा मुक्ति अभियान पर अनेको कार्यक्रम प्रस्तुत किये। देशभक्ति गीत गाकर सबका मन मोहा।

## एनपीएस व यूपीएस की प्रतियां जलाकर शिक्षकों कर्मचारियों ने किया विरोध

**मिर्जापुर।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ मिर्जापुर ने नेशनल मूवमेंट फॉर ओल्ड पेंशन का समर्थन करते हुए भारत सरकार द्वारा जारी एनपीएस और यूपीएस योजना का संबंधित शासनादेश की प्रक्रिया जलाकर विरोध प्रदर्शन दर्ज कराया। नगर के श्री माता प्रसाद माता इंटर कॉलेज मिर्जापुर में मंडलीय अध्यक्ष रमेश कुमार द्विवेदी के नेतृत्व में शिक्षक एवं कर्मचारियों ने प्रतियां जलाई। श्री द्विवेदी ने कहा कि पूरे देश में एक जैसी पेंशन योजना लागू होनी चाहिए। सरकार तरह-तरह की पेंशन स्कीम लाकर के केवल शिक्षकों कर्मचारियों को गुमराह कर रही है। उन्होंने कहा की पुरानी पेंशन योजना के अलावा कुछ भी स्वीकार नहीं है। जनपद के कई विद्यालयों में नई पेंशन स्कीम और एकीकृत पेंशन योजना का व्यापक विरोध किया गया।

# मौनी अमावस्या के मद्देनजर सीमा पर चली चेकिंग

समृद्धि न्यूज

**हलिया (मिर्जापुर)।** प्रयागराज कुंभ मेला और मौनी अमावस्या पर्व को लेकर ड्रमंडगंज क्षेत्र के मिर्जापुर प्रयागराज अंतर्जनपदीय सीमा पर दुर्जनीपुर गांव में बनाए गए चेक पोस्ट पर वाहनों की सघन चेकिंग कर जांच की जा रही है। मंगलवार को एस आई भरत राय, टीपी सिंह हेड कांस्टेबल नारायण शर्मा, इंद्रजीत यादव आदि पुलिस कर्मी वाहनों की सघन चेकिंग में जुटे रहे।

प्रयागराज कुंभ मेला और मौनी अमावस्या पर्व को लेकर अंतर्जनपदीय सीमा पर पुलिस द्वारा कड़ी चौकसी बरती जा रही है। प्रत्येक वाहनों की सघन तलाशी लेने के बाद ही आगे बढ़ने दिया जा रहा है। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक ड्रमंडगंज अरविंद कुमार सरोज ने बताया कि मौनी अमावस्या पर्व को देखते हुए प्रयागराज जाने वाले प्रत्येक वाहनों की सघन जांच की जा रही है। संदिग्ध



वाहनों और संदिग्ध व्यक्तियों पर विशेष नजर रखी जा रही है।

### श्रद्धालुओं की हिफाजत के लिए उतरी 1000 से अधिक मेडिकल फोर्स

**महाकुम्भनगर,समृद्धि न्यूज।** मौनी अमावस्या के अवसर पर महाकुम्भनगर में श्रद्धालुओं की सुरक्षा और स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए यूपी सरकार ने 1000 से अधिक मेडिकल फोर्स की तैनाती की है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर मेले के हर सेक्टर में आधुनिक चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। इसमें माइनर ऑपरेशन से लेकर मेजर सर्जरी तक की व्यवस्था की गई है। महाकुम्भनगर में 300 स्पेशलिस्ट डॉक्टर सुपर स्पेशल हॉस्पिटल में तैनात किए गए हैं। ये डॉक्टर किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए तैयार हैं। अब तक 2 लाख से अधिक मरीज यहां के केंद्रीय समेत अन्य अस्पतालों में ओपीडी सेवाओं का लाभ उठा चुके हैं। साथ ही ढाई लाख से अधिक पैथोलॉजी टेस्ट अब तक किए जा चुके हैं। महाकुम्भ मेला के नोडल चिकित्सा स्थापना डॉक्टर गौरव दुबे ने बताया कि देश-विदेश से आ रहे श्रद्धालु महाकुम्भनगर में स्वास्थ्य लाभ ले रहे हैं। आधुनिक चिकित्सा सुविधाओं के साथ सरकार ने मेले को सुरक्षित और स्वस्थ बनाने के लिए हर संभव कदम उठाया है। यूपी सरकार के सहयोग से मठ, मंदिरों और अखाड़ों के संत भी श्रद्धालुओं की दवा और जांच में मदद कर रहे हैं। ये संत विभिन्न प्रकार के शिविरों का आयोजन कर रहे हैं। जिसके माध्यम से श्रद्धालुओं को आयुर्वेदिक, होम्योपैथिक समेत कई प्रकार की चिकित्सा जांच और दवाएं उपलब्ध करा रहे हैं।

# मौनी अमावस्या स्नान : डीएम ने देखी विन्ध्याचल की व्यवस्था



समृद्धि न्यूज

**मिर्जापुर।** मण्डलायुक्त विन्ध्याचल मण्डल बालकृष्ण त्रिपाठी ने पुलिस महानिरीक्षक आरपी सिंह, जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन, पुलिस अधीक्षक सोमेन बर्मा के साथ मौनी अमावस्था स्नान पर्व विन्ध्याचल में की गई तैयारियों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मण्डलायुक्त ने परिक्रमा पथ, पक्का घाट का का भ्रमण कर निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि आने वाले श्रद्धालुओं के साथ मधुर व्यवहार से पेश आए। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी व पुलिस सिर्फड्यूटी न समझकर सेवा भाव के साथ मां के धाम में आने वाले श्रद्धालुओं का सहयोग करे ताकि सुगमता पूर्वक दर्शन पूजन कर अपने गंतव्य को प्रस्थान करें और लोगो में एक अच्छा संदेश जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रयागराज महाकुम्भ जाने वाले दर्शनार्थी विन्ध्याचल में भी दर्शन पूजन करने आते है अतएव ड्यूटी में लगे सभी अधिकारी कर्मचारी जिसकी तैनाती है वह पूरी निष्ठा के साथ अपनी ड्यूटी करें। उन्होंने कहा कि घाटो पर गलियों की नियमित साफ सफाई कराई जाए। उन्होंने कहा कि पेयजल, चिकित्सा और प्रकाश व्यवस्था निरंतर बनी रहे यह भी सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि बनाए गए रैन बसेरों में श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु उनमें पेयतल, प्रकाश व्यवस्था, शौचालय सहित सभी आवश्यक व्यवस्थाएं पर्याप्त मात्रा में होनी चाहिए ताकि रैन बसरो में आने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की कोई दिक्कत न हों। जिलाधिकारी ने विन्ध्याचल में दर्शन पूजन हेतु आने वाले श्रद्धालुओं के वार्ता कर की गई व्यवस्थाओं के पूछा गया श्रद्धालुओं द्वारा बताया गया कि किसी प्रकार की कोई दिक्कत नही हैं।

### महाकुंभ के दौरान मां विंध्यवासिनी धाम में श्रद्धालुओं की भारी भीड़

**मिर्जापुर।** महाकुंभ के दौरान जिले में स्थित शक्तिपीठ मां विध्यावासिनी देवी के मंदिर में श्रद्धालुओं का जन सैलाब उमड़ पड़ा है। महाकुंभ में त्रिवेणी स्नान के बाद श्रद्धालु वाराणसी और मिर्जापुर का रुख कर रहे हैं जिसके चलते विंध्याचल, वाराणसी और प्रयागराज मार्ग पर जाम के हालात पैदा हो गये हैं। बुधवार को अमावस्या के पर्वपर अब तक की सबसे ज्यादा भीड़ होने का अनुमान है। जिला प्रशासन ने भीड़ नियंत्रित करने के लिए काशी विश्वनाथ और अयोध्या मंदिर के तर्जपर सुरक्षा व्यवस्था की है। खुद जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन और पुलिस अधीक्षक सोमेन वर्मा ने मोर्चा संभाल रखा है। पुलिस महानिरीक्षक पीयूष मोडिया ने जिले की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। वे पहले भी यहां आकर बैठ कर आवश्यक आदेश निर्देश दिए थे। विंध्याचल मंडल के कमिश्नर बालकृष्ण तिवारी ने भी अधिकारियों के साथ बैठक कर व्यवस्था के संबंध में निर्देश दिए हैं। जिला प्रशासन ने सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए हैं। महाकुंभ के बाद प्रसिद्ध विंध्याचल धाम में लौट कर मां विध्यंवासिनी देवी के दर्शन करने का अनुमान जिला प्रशासन को पहले से था। लिहाजा प्रशासन ने सुरक्षा की मुकम्मल व्यवस्था कर रखी है। विंध्याचल धाम दर्शनार्थियों सेपटा पड़ा है। घाटों से लेकर विंध्याचल नगर क्षेत्र में पांव रखने की जगह नहीं है।





